केवलकार्यालयीन प्रयोग हेतु

टी बोर्ड भारत

62वीं वार्षिक रिपोर्ट 2015-16

14, बी.टी.एम.सरणी

कोलकाता-700 001

विषय-सूची

62वीं वार्षिक रिपोर्ट, टी बोर्ड : 2015-2016

.		.
1		01-14
2	% & ' (	15-26
3		27-32
4		33-58
5		59-66
6		67-88
7	4	89-108
8	5 6	109-118
9	7 8	119-124
10	: < =	125-128
11	@	129
12		130
13	C	131
14	D C D 2005	132

संगठनात्मक ढांचा एवं कार्य

बोर्ड का गठन

चाय अधिनियम 1953 के अनुच्छेद 4 के प्रावधानों के अनुरुप टी बोर्ड की स्थापना 1 अप्रैल 1954 में की गई थी । टी बोर्ड को भारत में चाय उद्योग के समग्र विकास का कार्य प्रभारित किया गया है और यह केन्द्र सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रसाशनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है ।

बोर्ड का संगठन

बोर्ड का गठन अध्यक्ष एवं भारत सरकार द्वारा नियुक्त चाय उद्योग के विभिन्न विभागों से संबन्धित 30 सदस्यों से हुआ है। प्रत्येक तीन वर्ष में बोर्ड का पुर्नगठन होता है।

दिनांकः 2 नवंबर, 2015 को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, नए बोर्ड का गठन 2015-2018 की अवधि के लिए किया गया है ।

टी बोर्ड का कार्य

चाय अधिनियम की धारा 10 के तहत वर्णित टी बोर्ड के कार्य व्यापक है एवं संक्षिप्त रुप से प्रस्तुत हैं ।

1. चाय बागानों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना ।
2. चाय की गुणवत्ता में सुधार ।
3. लघु चाय कृषकों में सहकारिता प्रयासों का संवर्धन ।
4. चाय अनुसंधान एवं विकास को समर्थन ।
5. निर्यात एवं घरेलू खपत में वृद्धि हेतु संवर्धन अभियान का निष्पादन ।
6. विनियामक कार्य-चाय बागानों, फैक्ट्रियों, प्राथमिक क्रेताओं का पंजीकरण एवं ब्रोकरों, नीलामी संगठनों, निर्यातकों तथा चाय अपशिष्ट डीलरों हेतु अनुज्ञापन जारी करना ।
7. स्वास्थ्य, आरोग्य शास्त्र, प्रशिक्षण एवं शिक्षा के क्षेत्र में रोपण कर्मियों एवं उनके संतान हेतु कल्याणकारी उपाय ।
8. चाय आंकड़ों का संग्रहण एवं वितरण
9. केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी ऐसी अन्य गतिविधियाँ ।

निधि का स्त्रोत :

उपर्युक्त कार्य हेतु निधि बोर्ड को केन्द्र सरकार द्वारा योजना एवं गैर-योजना बजट आवंटन के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती है ।

गैर योजना निधि का समग्र उपयोग प्रशासनिक एवं स्थापना प्रभारों के लिए किया जाता है जिसका चाय पर लगाया गया उपकर मुख्य स्त्रोत है । योजना निधि का उपयोग बोर्ड के विविध विकासात्मक, संवर्धनात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु किया जाता है ।

चाय उपकरः

चाय अधिनियम, 1953 की धारा 25(1) के तहत भारत में उत्पादित सभी चायों पर 50 पैसे प्रति किलोग्राम की दर से उपकर लगाया जाता है केवल दार्जिलिंग चाय जिसपर उपकर 20 पैसे प्रति किलोग्राम की है । उपकर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा संग्रहीत की जाती है एवं संग्रह प्रभार काट कर शेष भारत के समेकित निधि में जमा की जाती है ।

प्रशासनिक ढांचाः

बोर्ड का मुख्यालय कोलकाता, पश्चिम बंगाल में स्थित है एवं इसकी अध्यक्षता, अध्यक्ष द्वारा की जाती है तथा उनकी सहायता के लिए मुख्यालय में उपाध्यक्ष एवं गुवाहाटी (असम) तथा कुन्नूर (तमिलनाडु) में स्थित बोर्ड के क्षेत्रिय कार्यालय में तैनात दो कार्यपालक निदेशक हैं । भारत में बोर्ड के बाईस (22) तथा विदेश में दो (02) कार्यालय अर्थात् मॉस्को व दुबई है ।

टी बोर्ड का प्रशासनिक ढांचा



भारत में कार्यालय :

कोलकाता, कूनूर, नई दिल्ली, मुम्बई, पालमपुर, कार्सियांग, जलपाईगुड़ी, सिलिगुड़ी, गुवाहाटी, जोरहट, सिलचर, डिब्रुगढ़, तेजपुर, अगरतला, कोयम्बटूर, कोच्ची, गुडालूर, ईटानगर, कोटागिरि, कुमिली एवं कुण्डा, । (अनुलग्नक - I)

लघु रोपक विकास निदेशालयः लघु क्षेत्र जिसका राष्ट्रीय चाय उत्पादन में लगभग 33% का हिस्सा होता है, की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एक अलग निदेशालय कार्य कर रही है । इस निदेशालय के तहत सभी क्षेत्रों में 67 उप- क्षेत्रिय कार्यालयों की स्थापना की गई है जहाँ लघु उत्पादकों के साथ गहन अंतःप्रदेश बनाए रखने के लिए लघु-उत्पादक संकेन्द्रित होते है एवं लघु क्षेत्र से उत्पादित चाय की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में सुधार लाने हेतु उत्पादकों को विकासात्मक एवं विस्तृत सेवा प्रदान की जाती है।

समुद्रपारीय कार्यालय :

दो समुद्रपारीय कार्यालय, दुबई एवं मॉस्कों में कार्य कर रहे है । इन कार्यालयों का प्रबंधन दूतावास के कार्याधिकारियों द्वारा उनके अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रबंधित किया जाता है । वे चाय निर्यात संवर्धनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ भारतीय चाय के आयातकों के संबंधित क्षेत्रों एवं भारतीय निर्यातकों के साथ संपर्क का कार्य भी करते हैं ।

दार्जिलिंग, चाय अनुसंधान एवं विकास केन्द्रः बोर्ड का कार्सियांग (दार्जिलिंग) में अपना चाय अनुसंधान केन्द्र है जो क्षेत्रों में दार्जिलिंग के विशिष्ट पर्वतीय क्षेत्रों एवं उत्तर बंगाल की आवश्यकता को पूरा करता है । सिलिगुड़ी में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला ने दिनांक 5 जनवरी, 2016 से कार्य करना आरंभ कर दिया है।

मुख्यालय की कार्यकारी गतिविधियाँ:

(क) सचिव द्वारा निदेशित **सचिवालय** स्थापना/प्रशासनीक कार्य का देख रेख की जाती है एवं विविध विभागों के साथ समन्वित स्थापित किया जाता है ।

(ख) लेखा का रख-रखाव, बागानों को विकास योजना के तहत निधि विमोचन एवं आंतरिक/बाह्य लेखा परीक्षा संचालित करने का दायित्व वित्तिय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा निदेशित **वित्तिय शाखा** पर है ।

(ग) विविध विकासात्मक योजनाओं के निरुपण एवं कार्यान्वयन तथा उद्योग एवं चाय संपदाओं की सहायता के लिए आवश्यक इनपुटों/मशीनरियों इत्यादि की खरीद, विवरण और संचालन के लिए चाय विकास निदेशक द्वारा निदेशित **विकास निदेशालय** उत्तरदायी है ।

(घ) चाय संवर्धन निदेशक द्वारा निदेशित **संवर्धन निदेशालय**, भारत एवं विदेशों में चाय संवर्धन व विपणन संबंधी कार्यों की देख-रेख करता है ।

(ड.) अनुसंधान निदेशक द्वारा निदेशित **अनुसंधान निदेशालय** देश में विभिन्न अनुसंधान संस्थानों द्वारा किए गए चाय अनुसंधान के अन्वेषण के लिए उत्तरदायी है एवं परियोजना निदेशक द्वारा निदेशित कार्सियांग में टी बोर्ड के अपने अनुसंधान केन्द्र एवं सिलिगुड़ी में स्थित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के कार्यों का निरक्षण करती है ।

(च) चाय संपदाओं एवं विनिर्माण कारखानों का पंजीकरण और अनुमति तथा चाय निर्यातकों, क्रेताओं, ब्रोकरों, नीलामी संघों, चाय भण्डारण एवं 'चाय अपशिष्ट' के संचालन के निरीक्षण के लिए अनुज्ञापन नियंत्रण द्वारा निदेशित **अनुज्ञापन विभाग** उत्तरदायी है ।

(छ) बोर्ड के कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी कार्य जो रोपण श्रम अधिनियम 1951 के तहत नही आते हैं, को नि.चा.वि के पर्यवेक्षण के अधीन कल्याण संपर्क अधिकारी द्वारा **श्रम कल्याण विभाग** में देखा जाता है ।

(ज) चाय क्षेत्रों, उत्पादन, निर्यात एवं संबंधित अन्य सभी आकड़े तथा सरकार को प्रसारित सूचना, व्यवसाय एवं उद्योग से संबंधित सांख्यिकी संग्रहण के लिए सांख्यिकीवित द्वारा निदेशीत **सांख्यिकी विभाग** उतरदायी है ।

(ञ) **स्थापना शाखाः** स्थापना शाखा से संबंधित प्रशासनिक/नितिगत मामलों सहित बोर्ड में कार्यरत कर्मियों के मामलों का कार्य सहायक सचिव की देखरेख में किया जाता है ।

सतर्कता एवं विधि प्रकोष्ठ: विधि प्रकोष्ठ में विभिन्न प्रकार्यात्मक विभागों द्वारा उपरिलिखित मामलों में उत्पन्न होने वाली सभी कानूनी मुददों की देखरेख विधि अधिकारी के नेतृत्व में किया जाता है। टी बोर्ड सतर्कता प्रकोष्ठ, बोर्ड के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करता है, जिन्हें केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा बोर्ड के मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ जानकारी/शिकायत से उत्पन्न होने वाली सभी मामलों में उचित कार्रवाई करने के अलावा निगरानी और निवारक सतर्कता के कार्य में संलिप्त रहता है । भारत सरकार और केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त प्रश्नों का उत्तर प्रकोष्ठ द्वारा तैयार किया जाता है। मासिक और त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार की जाती है और वाणिज्य मंत्रालय और केंद्रीय सतर्कता आयोग को भेजी जाती है। समग्र सतर्कता गतिविधियाँ मुख्य सतर्कता अधिकारी की देखरेख में की जाती है।

आई टी प्रकोष्ठ: टी बोर्ड के विभिन्न क्षेत्रों, टी बोर्ड की वेबसाइट आदि का नियमित रखरखाव और अद्यतन करने, कंप्यूटरीकरण व सॉफ्टवेयर विकसित करने हेतु प्रणाली विश्लेषक जिम्मेदार है।

टी बोर्ड द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की मुख्य विशेषताएं:

उपर्युक्त विभागों द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किए गए कार्यों का उल्लेख पृथक रूप से इस रिपोर्ट के अलग-अलग अनुभाग में किया गया है। बोर्ड द्वारा चाय उद्योग को दी जाने वाली सेवाओं का संक्षिप्त सारांश निम्नवत है:

चाय विकासः

चाय उत्पादकता एवं उत्पाद में समग्र सुधार तथा उत्पादन की गुणवता सुधार हेतु बेहतर चाय प्रक्रमण सुविधाओं के सृजन करने के उद्देश्य से टी बोर्ड द्वारा अनेक वित्तीय सहायता योजनाओं का परिचालन किया जाता है । सभी संस्थाओं जैसे वृहद, मध्यम एवं लघु रोपण के हितों पर सम्यक विचार किया जाता है । अन्य उद्योगों की तरह, कुछ चाय ईकाईयों को भी समय-समय पर *रुग्णता* का सामना करना पड़ता है एवं ऐसे चाय बागानों के मामलों को चाय अधिनियम के प्रावधानों के तहत देखा जाता है । चाय बागानों के बेहतर कार्य के लिए वित्तीय सहायता के अलावा रियायती कर (आयकर अधिनियम की धारा 33 कख) के रुप में राजकीय प्रोत्साहन भी बोर्ड द्वारा दिया जाता है ।

विकास हेतु ध्यान देने वाले क्षेत्रों में लघु उत्पादक भी एक क्षेत्र है । लघु-ईकाइयों की निम्न उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने विविध विकासात्मक उपायों जैसेः- चाय खेती की उन्नत पद्धतियों पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन, सहायिकी मूल्य पर रोपण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु चाय नर्सरियों की स्थापना, विभिन्न चाय रोपण क्षेत्रों के परिदर्शन हेतु रोपणकर्ताओं के लिए अध्ययन दौरे की व्यवस्था करने के लिए वित्तीय सहायता का विस्तार किया है ।

चाय अनुसंधानः

चाय उद्योग के विकास के लिए अनुसंधान एक आवश्यक इनपुट है । परंपरागत रुप से चाय पर अनुसंधान स्वयं उद्योग द्वारा ही किया जाता है । चाय अनुसंधान संघ का टोकलाई प्रयोगात्मक स्टेशन (टीआरए) एवं दक्षिण भारत में उपासी का चाय अनुसंधान संस्थान देश में चाय पर अनुसंधान के लिए दो महत्वपूर्ण अनुसंधान केन्द्र है । दार्जिलंग चाय की विशिष्ट जरुरतों को पूरा करने के लिए टी बोर्ड, कार्सियांग में एक अनुसंधान केंद्र की देख रेख करता है । कंगरा अंचल के पर्वतीय क्षेत्र की समस्या के लिए पालमपुर में आईएचबीटी एवं हिमाचल प्रदेश कृषि विश्व विद्यालय (एचपीकेवीवी) द्वारा भी कुछ कार्य किया जाता है ।

टीआरए, उपासी-टीआरएफ, एपीकेवीवी एवं असम कृषि विश्व विद्यालय (जोरहाट) को अनुसंधान कार्य करने तथा चाय बागानों को सलाहकारी सेवा प्रदान करने के लिए टी बोर्ड पर्याप्त सहायता अनुदान प्रदान करती है । सहायता अनुदान के अलावा टीआरए एवं उपासी टीआरएफ दोनों को विविध अनुसंधान व विकास योजनाओं के परिचालन के लिए योजनागत परियोजनाओं के तहत अनुदान दिया जाता है ।

अनुसंधान *अन्वेषणों* का लाभ चाय बागानों तक पहुँचाने के लिए टीआरए एवं उपासी-टीआरएफ के पास सलाहकारी केन्द्रों का एक अच्छा नेटवर्क है । विशेष रुप से दक्षिण भारत में लघु-उत्पादकों की सहायता हेतु उपासी एक के वी के चला रही है ।

उत्तर पूर्व राज्यों में तकनीकी मानव-शक्ति विकसित करने एवं टीआरए द्वारा संचालित चाय संस्कृति पर प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा नामांकित व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लिए टी बोर्ड वित्तीय सहायता प्रदान करती है । टी बोर्ड विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों जैसे इंडियन इन्स्टीट्यूटस ऑफ पैकेजिंग, सीएफटीआरआई को विशिष्ट परियोजनाओं पर अनुसंधान करने जो टीआरए एवं उपासी टीआरएफ के अनुसंधान कार्यक्रम में शामिल नहीं है, को सहायता अनुदान भी प्रदान करती है।

अनुसंधान गतिविधियों को समृद्ध करने एवं अनुसंधान के नए एवं विविध क्षेत्रों पर योजनाओं की शुरुआत करने के लिए चाय उद्योग एवं नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से राष्ट्रीय चाय अनुसंधान संघ (एनटीआरएफ) की स्थापना की गई है ।
अनुसंधान के संवर्धन व संचालन के अतिरिक्त वैकल्पिक टी पैकेजिंग, आईएसओ/एफएसएसआर 2011 विशेषीकरण, गुणवता अवरोध, विशिष्ट उत्पादों का विकास, जैव/ईको चाय आदि से संबंधित बहुविध तकनीकी कार्यों की देखरेख बोर्ड के अनुसंधान निदेशालय द्वारा की जाती है । चाय अनुसंधान पर विविध तकनीकी समितियों में अनुसंधान निदेशक द्वारा टी बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया जाता है ।

श्रम कल्याणः

टी बोर्ड रोपण श्रमिकों को कुछ खास श्रम कल्याण उपाय प्रदान कर रहा है एवं ये उपाय उन क्षेत्रों को सुनिश्चित करता है जो रोपण श्रम अधिनियम व इसके तहत बनाये गए नियमों के अधीन नहीं आते हैं । टी बोर्ड का कल्याण उपाय के रुप में बागान कर्मियों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक अनुदान प्रदान करना, साथ ही साथ चाय बागान क्षेत्रों के विद्यार्थियों में स्काउटिंग व गाइडिंग गतिविधियों तथा, विशिष्ट चिकित्सीय उपचार हेतु एंबुलेंस एवं चिकित्सीय उपकरणों इत्यादि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है । चाय बागान कर्मियों को उनके घरों में सुरक्षित पेयजल तथा साफ व सुरक्षित शौचालयों के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है ।

चाय संवर्धनः

टी बोर्ड का संवर्धनात्मक कार्य साधरणतः मुख्यालय स्थित संवर्धन निदेशालय तथा इसके विदेशों में स्थित कार्यालय के माध्यम से किया जाता है । जबकि संवर्धनात्मक कार्य भारतीय चाय के मूल्यवर्द्धन

रुप जैसे-पैकेट चाय, चाय थैली एवं इन्सटेंट चाय के रुप में लोकप्रिय बनाने पर जोर दिया जाता है । टी बोर्ड यूके, यूएसए/कनाडा एवं जर्मनी जैसे विदेशों में चाय परिषद के माध्यम से चाय को पेय के रुप में लोकप्रिय बनाने में सहयोग प्रदान कर रहा है ।

विदेशों में स्थित कार्यालयों की गतिविधियों में सम्मिलित है- अंतर्राष्ट्रीय मेले एवं प्रदर्शिनयों, में भागेदारी, विशिष्ट रुप से खाद्य एवं पेय कार्यक्रम, विशिष्ट भणडारों/सुपर बाजारों में फिल्ड सैम्पलींग, मीडिया प्रसारण, क्रेता-विक्रेता बैठक, भारतीय निर्यातकों/मूल्यवर्धन चाय के विदेशी आयतकों को अपने संवर्धनात्मक व विपणन प्रयासों में संवर्धनात्मक सहयोग प्रदान करना, आयतकों एवं निर्यातकों के बीच गहन संपर्क स्थापित करने हेतु पी आर गतिविधियां, तथा भारत एवं आयतक देशों के बीच चाय प्रतिनिधिमण्डलों का आदान-प्रदान, नियमित विपणन लोगो के अलावा टी बोर्ड ने देश के विविध क्षत्रों की चायों को लोकप्रिय बनने के लिए जिला चाय लोगो को सफलतापूर्वक लागू किया है ।

<u>टी बोर्ड की जन-शक्ति</u>

दिनांक 31/03/2016 तक टी बोर्ड की कुल जन-शक्ति (बोर्ड के विदेश स्थित कार्यालयों को छोड़कर) 558 थी । बोर्ड के भारत में स्थित कार्यालयों के विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों एवं कर्मी सदस्यों की वर्तमान संख्या सारणी-1 में दर्शायी गयी है ।

सारणी -1

31.03.2016 तक भारत में बोर्ड की समूहवार जन -शक्ति

	ग्रुप - ए	ग्रुप -बी	ग्रुप -सी	कुल
मुख्यालय	17	74	151	242
क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय कार्यालय	54	107	151	312
टी बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी	4		-	4
कुल	75	181	302	558

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग

	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़े वर्ग	कुल
ग्रुप - ए	11	04	16	31
ग्रुप - बी	33	05	33	71
ग्रुप - सी	53	19	24	96
कुल	97	28	73	198

<u>समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की जन-शक्ति में बदलाव</u>

1. पदोन्नति

i. श्री देबी प्रसाद सरकार, स.प्र.अधि.के पद को दिनांक 16/04/2015 से अनुभाग अधिकारी (भंडार) के पद पर पदोन्नत किया गया ।

ii. श्री जगदीश प्रसाद सहायक निदेशक चाय विकास को 14/09/2015 से उप निदेशक चाय विकास (पी) के पद पर पदोन्नत किया गया ।

iii. श्री रमेश्वर कुजूर, स.नि.चा. को दिनांक 14/09/2015 से उपनिदेशक चाय विकास (पी) के स्तर पर प्रोन्नत किया गया ।

2. **अतिरिक्त दायित्वः** श्री एस. बनर्जी, प्रणाली विश्लेषक को सहायक सचिव, टी बोर्ड का अतिरिक्त भार दिनांक 01/03/2016 से तदर्थ आधार पर सौंपा गया है ।

3. **पद त्यागपत्र एवं त्याग**

i. श्री अनिल कुमार सिंह, मृदा वैज्ञानिक ने दिनांक 19/05/2015 को पद त्याग दिया ।

ii. श्री अंबालवनम रामास्वामी (आई ए & एएस 94) ने दिनांक 20/06/2015 को कार्यपालक निदेशक, टी बोर्ड, कूनूर के पद से कार्यमुक्त किया गया ।

iii. श्री सिद्धार्थ, भा.प्र.से. (प.बं.83), अध्यक्ष ने अध्यक्ष पदभार को दिनांक 25/06/2015 से त्याग दिया ।

4. **नियुक्तियां:**

i. श्री सी पॉलरासू को दिनांक 23/06/2015 से कार्यपालक निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया ।

ii. श्री संतोष कुमार सारंगी, भा.प्र.से. (ओ.आरः 94) ने दिनांक 30/06/2015 अध्यक्ष, टी बोर्ड का कार्यभार ग्रहण किया ।

iii. वर्तमान संयुक्त सचिव के अतिरिक्त श्री संजीओ कुमार, आईएफएस की नियुक्ति दिनांकः 12/02/2016 से पांच वर्ष की अवधि के लिए बोर्ड के उत्तर पूर्व मंडल कार्यालय में कार्यपालक निदेशक के रुप में हुई ।

5. **सेवनिवृत्तिः**

i. श्री नरेन्द्र कुमार, वरि. वैज्ञानिक अधिकारी दिनांक 31/08/2015 को बोर्ड की सेवा से निवृत्त हुए ।

ii. श्री बी.के. विश्वास, सहायक सचिव दिनांक 30/11/2015 को बोर्ड को सेवा से निवृत्त हुए ।

iii. श्री रंजन दास, उ.नि.चा.वि. दिनांक 31/01/2016 को बोर्ड की सेवा से निवृत्त हुए ।

iv. श्री डी.पी. सरकार, अनुभाग, अधिकारी दिनांक 29/02/2016 को बोर्ड की सेवा से निवृत्त हुए ।

v. श्री डी.टी. खाड़े, अनुभाग अधिकारी, दिनांक 29/02/2016 को बोर्ड की सेवा से निवृत्त हुए ।

अनुलग्नक-I

भारत तथा विदेशों में स्थित टी बोर्ड कार्यालयों का पता :

भारत में स्थित कार्यालय

कोलकाता

टी बोर्ड

14, बीटीएम सारणी ,

कोलकाता - 700001,

दूरभाष : 033-22351331/ फ़ैक्स : 033-22215715

ईमेल : secyteaboard@gmail.com

वैबसाइट : www.teaboard.gov.in

दिल्ली

टी बोर्ड

13/2 जाम नगर हाउस , शाहजहाँ रोड ,

नई दिल्ली -110011,

दूरभाष : 011-23074179, फ़ैक्स-236 25930

मोबाईल : 09811100236, 23543513-आ.

ईमेल : nasstats@gmail.com

कूनूर

कार्यपालक निदेशक , टी बोर्ड ,

शेलवूड कूनूर क्लब रोड ,

पोस्ट बॉक्स न. - 6,

कूनूर -643101, नीलगिरि , दक्षिण भारत,

दूरभाष : 0423-2231638/2230316*[डी]

फ़ैक्स : 0423-2232332, 2231484-आ.

ईमेल : teaboardcoonoor@rediffmail.com

कोची

संयुक्त अनुज्ञापन नियंत्रक,

टी बोर्ड

इन्दिरा गांधी रोड , विलिंगडॉन आइलैंड,

कोची - 682003 , केरल ,

दूरभाष : 0484-2666523/2340481

टेली फ़ैक्स : 0484-2666648

ईमेल : teaboardkochi@hotmail.com/ *kpvkumar.tbi@nic.in*

गुडलूर

सहायक निदेशक चाय विकास

टी बोर्ड , एश्वर्या बिल्डिंग,

टी.के.पेट कालीकट रोड,

गुडलूर-643212

ईमेल : teaboardgudalur@gmail.com

कोटागिरि

सहायक निदेशक चाय विकास,

टी बोर्ड,

रामचंद स्कवायर कोटागिरि-643217

नीलगिरी, तमिलनाडु

ई मेलः teaboardkotagiri@gmail.com

कुंडाह

सहायक निदेशक चाय विकास,

टी बोर्ड,

सं. 3/253,सी, कील कुंडाह,

मेन रोड, मनजुर

नीलगिरी-643219

तमिलनाडु

ई मेलः regionalofficekundah@gmail.com

कुमिली

सहायक निदेशक चाय विकास

टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय,

कुमिली क्षेत्रीय कार्यालय

हाई रेंज प्लाज़ा ,2 तल,

इदुक्की जिला , केरल - 685 509,

दूरभाष : 04869 - 222628 ,

ईमेल : teaboard.kumily@gmail.com

कोयम्बटूर

श्रम कल्याण अधिकारी,

टी बोर्ड,

सं0.12/278, टी ट्रेड एसोसिएशन कॉम्प्लेक्स ,

जीएम मिल्स पोस्ट,

मेट्टुपल्लयम रोड ,

कोयम्बटूर - 641029

ईमेल : teaboardcoimbatore@gmail.com

गुवाहाटी

उप निदेशक , चाय विकास,

हाउसफेड कॉम्प्लेक्स , 5वां तल ,

बेलतला बशिष्ठ रोड ,

दिसपुर, गुवाहाटी -781006,

दूरभाष : 0361-2234257/2234258

फ़ैक्स : 0361-2234251

ईमेल : teaboardghy@hotmail.com

जोरहाट

कार्यपालक निदेशक,

उत्तर पूर्व आंचलिक कार्यालय

टी बोर्ड, टी रिसर्च एसोशिएशन कॉम्प्लेक्स ,

सिन्नामारा , जोरहाट - 785001 ,

असम

दूरभाष : 0376-2360066 / फैक्सः 2360068

ईमेल : teaboardjorhat@gmail.com

डिब्रूगढ़

सहायक निदेशक चाय विकास (रोपण),

टी बोर्ड, वेस्ट चौकीदींगी टी.आर. फुकन रोड

डिब्रूगढ़– 786 001, टेली फ़ैक्स : (0373) 2322932

ईमेल: teaboarddibrugarh@gmail.com

तेजपुर

सहायक निदेशक चाय विकास ,

टी बोर्ड,

मिशन चाराली, व्यापार एवं उद्योग भवन के विपरीत ,

पी.ओ. : डेकारगाँव , तेजपुर -784501,

जिला - सोनीतपुर, असम ,

दूरभाष : 03712-255664,

ईमेल : teaboardtezpur@yahoo.com

सिल्चर

सहायक निदेशक चाय विकास ,

टी बोर्ड , क्लब रोड , सिल्चर -788001 ,

जिला - कछार , असम ,

दूरभाष : 03842-232518,

ईमेल : silchar_tboard@rediffmail.com

अगरतला

सहायक निदेशक चाय विकास ,
अखौरा रोड, फायर ब्रीगेड, चौमुहानी
आगरतला-799001, त्रिपुरा (पश्चिम)
दूरभाष (फैक्स) 0381-2324182
ईमेल आईडी: teaboard.agartala@gmail.com

इटानगर

सहायक निदेशक चाय विकास
टी बोर्ड , क्षेत्रीय कार्यालय ,
प्राइवेट रेसीडेंस , 2 तल ,
किंगकप स्कूल के निकट ,
वी.आई.पी. रोड , इटानगर - 791 111
अरुणाचल प्रदेश
दूरभाष व फैक्स : 0360-2292124
ईमेल आईडी: teaboarditanagar@gmail.com

सिलीगुड़ी

उप निदेशक , चाय विकास (रोपण),
शहीद भगत सिंह कमर्शियल कॉम्प्लेक्स,
(3 तल), सेकेंड माइल , सेवोक रोड ,
सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल
दूरभाष : 0353-2544778/2540209
ईमेल : kkbkolkata@gmail.com

जलपाईगुड़ी

सहायक निदेशक चाय विकास ,
टी बोर्ड , रुबी कॉटेज,
शिबाजी रोड, हाकिमपाड़ा,
जलपाईगुड़ी,
दूरभाष : 03561-225146
ईमेल : *teaboardjal@gmail.com*

पालमपुर

सहायक निदेशक चाय विकास ,
टी बोर्ड, मिशन रोड ,
पालमपुर -176061
जिला- कांगड़ा ,
हिमाचल प्रदेश ,
दूरभाष : 01894-230524
फैक्स : 01894-231748
ईमेल : teaboardpalampur@gmail.com

दार्जिलिंग (डीटीआर व डी.सी.)

परियोजना निदेशक
टी बोर्ड,
आचार्य भानू पथ ,,
कार्सियांग -734 203, दार्जिलिंग ,
दूरभाष - 0354 -230287
फ़ैक्स : 0354-230218 (फ़ैक्स व दूरभाष)
ईमेल : tea2darjeeling@yahoo.co.in

मुंबई

अधीक्षक,
टी बोर्ड, रेशम भवन,
78, वीर नरीमन रोड, मुंबई - 400020,
टेलीफ़ैक्स : 022-22041699, जी.एच (टेली) 23675401
ईमेल : mumtea@vsnl.net

लघु चाय रोपण विकास निदेशालय, डिब्रूगढ़

सहायक निदेशक चाय विकास

"विजय भवन"

अमोलापट्टी, पी.ओ. - डिब्रूगढ़,

जिला : डिब्रूगढ़ , असम ,

पिन कोड न. : 796001,

दूरभाष : (0373) 2324982 / 2328941

फ़ैक्स : (0373) 2325506

ईमेल: teaboardsgdd@gmail.com

विदेश स्थित कार्यालय

दुबई

श्री वी. जॉर्ज जेनर, आईएफएस,

निदेशक चाय संवर्धन,

टी बोर्ड ऑफ इंडिया,

पी.ओ. बॉक्स न. 2415, फ्लेट सं. 5, अल अब्बास बिल्डिंग्स,

बैंक स्ट्रीट, बुर्ज दुबई , दुबई यूएई ,

दूरभाष : 009714 3522612 / 3522613

फ़ैक्स : 0097143522615

मोबाइल : 00971567449828

ईमेल: teaboard@emirates.net.ae; vgjenner@gmail.com

मॉस्को

डॉ. शकिर हुसैन, आईआरपीएस

निदेशक चाय संवर्धन ,

टी बोर्ड ऑफ इंडिया ,

4, वोरोंत्स्वो पोलये- भारतीय दूतावास ,

रशियन फ़ैडरेशन , मॉस्को ,

दूरभाष/ फ़ैक्स: +7 (495)916 3724, +7-495 783 7535

एक्स: 293 + 7(495)917 1657

आवास : +7(495)952 0524

मो. : +0079653862273

ईमेल : teaboard@indianembassy.ru , dtp@indianembassy.ru

वैश्विक व भारतीय चाय परिदृश्य का एक व्यापक सिंहावलोकन

वैश्विक चाय परिदृश्य

उत्तर अमरीका को छोड़कर सभी महाद्वीपों के 35 से अधिक देशों में जिनकी जलवायु 42^0 उ. (जिर्योजिया) व 35^0 द अक्षांश (अर्जेन्टिना) के मध्य है, में चाय उगायी जाती है । 2014 में आकलित वैश्विक उत्पादन एवं खपत 5305 मिलियन कि.ग्रा. व करीब 4999 मिलियन कि.ग्रा. रहा । 2015 के दौरान उत्पादक देशों से कुल निर्यात ने 1805 मिलियन कि.ग्रा. जोड़ा । मुख्य चाय उत्पादक एवं निर्यातक देश चीन, भारत, केन्या व श्रीलंका, है एवं वैश्विक उत्पादन एवं निर्यात का 79% एवं 73% दर्शाते हैं । (तालिका-1)

तालिका-1.

मुख्य उत्पादक एवं निर्यातक देशों का उत्पादन व निर्यात अंश

	2015			
देश	**उत्पादन**		**निर्यात**	
	मिलियन कि.ग्रा.	**% हिस्सा**	**मिलियन कि.ग्रा.**	**% हिस्सा**
चीन	2278	43	325	18
भारत	1209	23	229	13
केन्या	399	7	443	25
श्रीलंका	329	6	301	17
अन्य	1090	21	507	27
विश्व कुल	**5305**	**100**	**1805**	**100**





तालिका-2 : चाय का विश्व नीलामी मूल्य

वर्ष	विश्व नीलामी मूल्य यू.एस $/कि.ग्रा.					
	भारत	बांगलादेश	श्रीलंका	इंडोनेशिया	केन्या	लिम्बे
2013	2.20	2.46	3.44	1.98	2.41	1.82
2014	2.08	2.28	3.53	1.66	2.03	1.43
2015	1.94	2.41	3.01	1.56	2.73	1.56



औसतन प्रति व्यक्ति चाय की खपत भिन्न-भिन्न देशों में अलग-अलग किस्मों की चाय पर निर्भर करती है । अधिकतम खपत तुर्की (3.18 कि.ग्रा.) में है, करीब 2 कि.ग्रा. अफगानिस्तान, युनाईटेड किंगडम लिबिया, मोरक्को, कतर, ताईवान एवं आयरलैंड में है । श्रीलंका, पाकिस्तान, चीन, ईरान व ईराक में 1 किलोग्राम के लगभग एवं भारत में 800 ग्राम की खपत है । हालांकि प्रति व्यक्ति खपत में भारत सबसे नीचे है, उसकी वृहत्तम आबादी के चलते कुल उत्पादन का लगभग 78 प्रतिशत खपत देश में ही होती है । इस प्रकार वैश्विक उत्पादन के 19% चाय की खपत भारत में ही होता है। यह स्थिति अन्य चाय उत्पादनकारी देशों की तुलना में पर्याप्त व्यतिरेकी है, विशेषकर केन्या और श्रीलंका जिनकी अपनी घरेलू खपत कम है, और इसी कारण वे अपने अधिकतर उत्पादित चाय का निर्यात करते हैं ।

2015 में वैश्विक चाय की स्थिति :

उत्पादन

वर्ष 2014 की तुलना में 2015 में कुल चाय उत्पादन में 41 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि हुई । सारणी-3 में देखा जा सकता है कि काली चाय उत्पादन में सभी देशों में कमी आई केवल भारत में सीमांत वृद्धि हुई । परन्तु, चीन में उत्पादन में 134 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि जिससे ग्रीन टी में वृद्धि हुई ।

सारणी-3: मुख्य चाय उत्पादक देशों में चाय उत्पादन:

देश	2015	2014	2014 की तुलना में वृद्धि
भारत	1209	1207	2
श्रीलंका	329	338	-8
केन्या	399	445	-46
चीन	2278	2096	182
अन्य	1090	1110	-20
कुल	5305	5196	109

स्रोतः आईटीसी वार्षिक बुलेटिन सांख्यिकी 2016 (भारत को छोड़कर)

निर्यात 2014 की तुलना में 2015 में कुल वैश्विक निर्यात में, 58 मिलियन कि.ग्रा. की कमी आई जो करीब 3% था (सारणी-4) । परन्तु, भारत व चीन अपनी क्रम में अग्रणी स्थान पर बरकरार रखा ।

सारणी-4

मुख्य उत्पादक देशों में निर्यात (मिलियन कि.ग्रा. में)

देश	2013	2014	2014 की तुलना में वृद्धि
केन्या*	**443**	**499**	**-56**
चीन	**325**	**302**	**23**
श्रीलंका	**301**	**318**	**-17**
भारत	**229**	**207**	**22**
अन्य	**507**	**506**	**1**
कुल विश्व निर्यात	**1805**	**1832**	**-27**

स्रोतः आईटीसी वार्षिक बुलेटिन सांख्यिकी 2016 (भारत को छोड़कर)

* केन्या के निर्यात में पड़ोसी अफ्रीकी देशों का उत्पादन भी शामिल है ।

चाय मूल्य:

2015 के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय चाय मूल्य स्थिर रहा । श्रीलंका एवं जकार्ता नीलामी केन्द्र को छोड़कर औसत नीलामी मूल्य में भारत, मोम्बासा, चिट्टगोंग व लिम्बे में 2014 की तुलना में वृद्धि हुई । (सारणी-5)

सारणी-5

सारणी-5 : 2015 के दौरान चाय मूल्य सम्बंधित राशि प्रति कि.ग्रा.

नीलामी केन्द्र	2014	2015	>/< 2014 की तुलना में वृद्धि
भारत	126.88	124.48	-2.40
उत्तर भारत			
कोलकाता `	161.40	158.35	-3.05
गुवाहाटी `	139.41	138.90	-0.51
सिलिगुड़ी `	125.55	119.89	-5.66
दक्षिण भारत			
कोच्ची `	101.70	99.30	-2.40
कोयम्बटूर `	80.41	77.08	-3.33
कूनूर `	73.06	72.41	-0.65
बांग्लादेश			
चित्तगोंग टका	177.30	187.16	-9.86
श्रीलंका			
कोलम्बो श्री. रु.	461.35	402.14	59.21
इंडोनेशिया			
जकार्ता यूएस $ सी	165.70	156.15	9.55
केन्या			
मोम्बासा यूएस $ सी	203.00	273.00	70.00
मालावी			
लिम्बे यूएस $ सी	142.89	156.09	-13.20

(स्रोत: आईटीसी वार्षिक बुलेटिन सांख्यिकी 2015 भारत को छोड़कर एवं भारतीय नीलामी को छोड़कर मासिक सांख्यिकीय सारांश)

<u>भारतीय चाय परिदृश्य</u>

भारत में चाय का उत्पादन 15 राज्यों में होता है जिनमें से, **असम, पश्चिम बंगाल, तामिलनाडू एवं केरल मुख्य चाय उत्पादित राज्य हैं ।** कुल उत्पादन का 97% हिस्सा इन चार राज्यों में होता है । परम्परागत राज्यों में जहाँ छोटे पैमाने पर चाय उगाई जाती वे राज्य हैं—त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार एवं कर्नाटक । गैर-परम्परागत राज्य, जिन्हें हाल ही में भारत के चाय नक्शे में शामिल किया है, उनमें शामिल हैं--- अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, एवं सिक्किम ।

भारत विश्व की बेहतरीन चायों का उत्पादन करता है—जैसे दार्जिलिंग, असम एवं नीलगिरी कांगड़ा जो अपनी नरम सुगंध, दृढ़ता व उज्जवलता के लिए मशहूर है । विविध सस्य जलवायुगत स्थितियों में, भारत विभिन्न प्रकार के स्वाद वाले चायों का उत्पादन करता है जो उपभोक्ताओं को बहुत ही पसंद आती हैं । प्रत्येक प्रान्त की अपनी अलग विशिष्टता होती है, जो उसे अन्य क्षेत्रों से अलग करती है ।

उत्पादन : 2014-15 की तुलना 2015-16 के दैरान कुल चाय उत्पादन में 36.00 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि हुई क्योंकि उत्तर भारत में मुख्य चाय उत्पादन क्षेत्रों में बेहतरीन जलवायु स्थिति है । (सारणी-6)

<u>सारणी-6. भारत में चाय का उत्पादन</u> (मिलियन कि० ग्रा० में.)

कैलेण्डर वर्ष	उत्तर भारत	दक्षिण भारत	अखिल भारत	**वित्तीय वर्ष**	उत्तर भारत	दक्षिण भारत	अखिल भारत
2013	958.62	241.79	1200.41	**2013-14**	965.07	243.71	1208.78
2014	965.2	242.11	1207.31	**2014-15**	955.82	241.36	1197.18
2015	981.09	227.57	1208.66	**2015-16**	1008.56	224.58	1233.14



<u>निर्यात</u>

विगत वर्ष की तुलना में कैलेण्डर तथा वित्तिय वर्षो के दौरान भारत से चाय के निर्यात में 21.22 मि.कि.ग्रा. व 33.84 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि हुई साथ ही मूल्य वसूली में भी वृद्धि हुई । (सारणी-7)

सारणी-7

गत 3 वर्षो के दौरान भारत से चाय का निर्यात

मात्रा= मिलियन कि.ग्रा.; मूल्य=रू. करोड में ई.मू= रू में इकाई मूल्य/कि.ग्रा.

कैलेण्डर वर्ष	मात्रा.	मूल्य	ई.मू.	वित्तिय वर्ष	मात्रा	मूल्य	ई.मू
2013	219.06	4355.23	198.81	**2013-14**	225.76	4509.09	199.73
2014	207.44	4054.02	195.43	**2014-15**	199.08	3823.64	192.07
2015	228.66	4355.32	190.47	**2015-16**	232.92	4493.10	192.90


भारत से निर्यातित चाय की मात्रा
(त्वरित चाय सहित)
2013-14
2014-15
2015-16
मात्रा मि.कि.ग्रा. में
280
240
200
160
120
80
40
0
52.79 54.26 62.92
17.64 17.83 20.02
7.77 7.28 10.53
14.09 13.6 14.03
4.72 4.15 6.14
19.92 15.2 19.37
2.46 1.95 1.2
23.33 13.41 16.15
13.94 5.03 9.49
22.9 18.14 22.13
7.45 7.54 3.08
38.75 40.69 47.86
225.76 199.08 232.92
सीआईएस
यू.के.
जर्मनी
यू.एस.ए
पोलेण्ड
पाकिस्तान
अफगानिस्तान
यू.ए.ई.
बांग्लादेश
ईरान
एआरई
अन्य
कुल
देश/क्षेत्र



गत 3 वर्षो में विभिन्न रूपों में निर्यात (सारणी - 08 से 11)

सारणी-8: थोक चाय का निर्यात

वर्ष	मात्रा (मि.कि. ग्रा.)	मूल्य (रू करोड.)	इकाई मूल्य (रू /कि.ग्रा)
2013-14	199.55	3534.36	177.13
2014-15	173.28	2938.58	169.58
2015-16	206.12	3522.33	170.89

सारणी -9

पैकेट चाय का निर्यात

वर्ष	**मात्रा** (**मि.कि. ग्रा**.)	**मूल्य** (**रू करोड**.)	**इकाई मूल्य** (**रू /कि.ग्रा**)
2013-14	12.36	351.39	284.30
2014-15	13.15	343.35	261.08
2015-16	12.59	347.71	276.14

सारणी -10

चाय थैले का निर्यात

वर्ष	**मात्रा** (**मि.कि. ग्रा**.)	**मूल्य** (**रू करोड**.)	**इकाई मूल्य** (**रू /कि.ग्रा**)
2013-14	10.27	448.21	436.43
2014-15	10.15	423.42	417.20
2015-16	10.40	435.24	418.46

सारणी -11

त्वरित चाय का निर्यात

वर्ष	**मात्रा** (**मि.कि. ग्रा**.)	**मूल्य** (**रू करोड**.)	**इकाई मूल्य** (**रू /कि.ग्रा**)
2013-14	3.59	175.13	487.83
2014-15	2.50	118.29	474.11
2015-16	3.81	187.82	493.09

<u>प्राथमिक विपणन:</u>

विगत तीन वर्षों में विभिन्न माध्यमों द्वारा चाय बागानों ने चाय का विक्रय किया एवं सार्वजनिक नीलामी में औसत मूल्य सारणी-12 और 13 में दर्शाया गया है ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 46% कुल चाय उत्पादन का विक्रय सार्वजनिक नीलामी, विगत वर्ष में वृद्धि तथा अन्य माध्यमों द्वारा किया गया ।

सारणी -12: भारत में उत्पादित चाय की निपटान पद्धति

वर्ष	**नीलामी के माध्यम से बिक्री चाय की मात्रा**	**अग्रेषित निविदा के तहत सीधे बागान से निर्यात**	**सीधे बागान से निजी बिक्री**
2013	532 (44.33)	90 (7.50)	578 (48.17)
2014	542 (44.90)	61 (5.05)	604 (50.05)
2015	562 (46.48)	62 (5.13)	585 (48.39)

(मिलियन कि. ग्रा. में मात्रा. कुल उत्पादन के आंकड़े % कोष्ठक में दिये गये)

सारणी -13:नीलामी के माध्यम से बिक्री चाय का औसत मूल्य

कैलेण्डर वर्ष	उत्तर भारत	दक्षिण भारत	अखिल भारत	वित्तीय वर्ष	उत्तर भारत	दक्षिण भारत	अखिल भारत
2013	139.95	98.75	128.46	2013-14	137.61	95.82	126.12
2014	143.07	82.89	126.88	2014-15	141.46	81.15	125.59
2015	139.79	81.40	124.48	2015-16	142.91	85.64	127.62



घरेलु खपत

वर्ष 2015-16 में चाय की आन्तरिक खपत 1018 मि.कि.ग्रा. थी जबकि 2014-15 में चाय की आन्तरिक खपत 1019 मि.कि.ग्रा. थी ।



प्रस्तावना

चाय अधिनियम की धारा 25 एवं 26 के अनुसार चाय उपकर की आमदनी और देश में उत्पादित सभी किस्मों की चाय पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा की गई उपकर की वसूली को भारत की समेकित निधि में जमा किया जाता है और केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वार्षिक बजट के तहत बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार निधि प्रदान करती है । चाय अधिनियम की धारा 25 में विहित शर्तों के संबंध में 1 जून 2011 से प्रभावी वर्तमान में दार्जिलिंग एवं दार्जिलिंग इतर तैयार चाय पर उपकर प्रभार क्रमश: 0.20 ` प्रति कि.ग्रा. तथा 0.50 ` प्रति कि. ग्रा. की दर से लगाया जाता है ।

अनुदान, सहायिकी एवं भारत सरकार द्वारा कथित अधिनियम की धारा 26ए के तहत मुक्त किए गए ऋण, बोर्ड की आय का अन्य मुख्य स्रोत है । बोर्ड के राजस्व प्राप्ति के अन्य लघु स्रोत भी है जैसे: अनुज्ञाप्तियों पर शुल्क, ऋण एवं अग्रिमों पर ब्याज तथा विविध आय जैसे: तरल चाय की बिक्री, हरी पत्तियों की बिक्री, आवेदन पत्रों एवं अन्य प्रकाशनों इत्यादि की बिक्री । ऐसे सभी लेखों की आय आईईबीआर में जमा होती है ।

अत:, चाय अधिनियम की धारा 26 एवं 26ए के तहत बोर्ड हेतु उपलब्ध सभी निधियाँ वार्षिक संयुक्त बजट के माध्यम से गमन करती है । अधीनस्थ विधायन के संदर्भ तथा अधिनियम के प्रावधानों के तहत और सरकार की वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन करने के विषय में चाय अधिनियम की धारा 10 में प्रतिस्थापित प्रावधानों के अनुसार बोर्ड के कार्य के लिए ऐसी निधियों को उपयोग में लाया जाता है । बोर्ड के बजट को दो संघठित तत्वों में समाविष्ट किया जाता है जैसै गैर-योजना एवं योजना ।

<u>उपकर आय</u>

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग के पावती बजट के अनुसार समीक्षाधीन वर्ष के दौरान उपकर संग्रहण ` 5286.00 लाख था । वर्ष 2015-16 के दौरान चाय अधिनियम 1953 की धारा 26 के तहत उपकर की आय के प्रति टी बोर्ड को गैर-योजना के रूप में ₹ 5245.50 लाख (अथ शेष छोड़कर) सरकार द्वारा विनिर्मुक्त किया गया था ।

अनुसंधान एवं विकास अनुदान

वर्ष 2015-16 के दौरान अनुसंधान एवं विकास अनुदान के प्रति सरकार से ₹1550.00 लाख की राशि प्राप्त की गयी ।

अनुसंधान (एएसआईडीई)

वर्ष के दौरान सरकार से अनुदान के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई । तथापि अथ शेष ₹50.00 लाख था ।

सहायिकी

वर्ष के दौरान सरकार से सहायिकी के रूप में ₹1150.00 लाख की राशि प्राप्त हुई ।

विशेष प्रयोजन चाय निधि-पुंजीगत

वर्ष के दौरान, एसपीटीएफ पूंजी अंशदान के प्रति सरकार से कोई राशि नहीं प्राप्त हुई ।

<u>गैर-योजना प्राप्तियाँ एवं व्यय</u>

क. प्राप्तियाँ

वर्ष 2015-16 के दौरान गैर-योजना के विभिन्न शीर्षों के तहत प्राप्तियाँ निम्नवत थी :

(₹ लाख में)

चाय अधिनियम की धारा 26 के तहत प्राप्त राशि	5245.50
अनुज्ञापनों/टीएमसीओ, 2003 के बाबत वसूले गए शुल्क	21.08
एचएसीसीपी के बाबत वसूले गए शुल्क	00.00
तरल चाय की बिक्री, हरी पत्तियों की बिक्री, प्रकाशनों की बिक्री, नियत जमा पर ब्याज इत्यादि सहित विविध प्राप्तियाँ	568.38
अग्रिम पर ब्याज	6.66
डीसीटीएम के बाबत वसूले गए पंजीकरण शुल्क, असम ट्रेड चिह्न, नीलगिरि ट्रेड चिह्न व लोगो प्रशासन	20.80
अन्य प्राप्तियाँ	128.22
कुल	5990.64

ख. <u>व्यय</u>-

वर्ष 2015-16 के दौरान गैर-योजना व्यय निम्नवत थी:

(₹ लाख में)

पुस्तकालय सहित प्रशासन	2720.53
भारत में चाय संवर्धन	449.64
भारत से बाहर चाय संवर्धन	46.96
पेंशन उपदान सहित	1715.36
कर्मचारियों को अग्रिम	(-)10.35
नई पेंशन योजना में नियोक्ता का अंशदान	85.01
कार्य	7.48
अन्य प्रशासन व्यय	473.36
ऋण भुगतान	493.18
नियत आस्तियों का क्रय	9.53
कुल	5990.70

ग. <u>व्यय-अनुसंधान एवं विकास अनुदान</u>

(₹ लाख में)

टीआरए/उपासी को सहायता अनुदान	1252.39
आईएचबीटी को अनुसंधान अनुदान	34.85
अन्य संस्थाओं को अनुसंधान अनुदान	10.49
कूनूर में व्यय	19.78
एएयू को वित्तिय सहायता	3.00
सीएसकेएचपीकेवी को वित्तिय सहायता	5.06
एनबीयू को वित्तिय सहायता	2.98
एसयु को वित्तिय सहायता	1.36
डीटीआर व डीसी का वित्तिय उन्नयन	58.24
कार्यशाला / *संगोष्ठी* इत्यादि	3.16
संविदागत स्टाफ को वेतन (मुख्य)	4.92
क्यूसीएल सिलिगुड़ी व्यय	73.66
टीआरए/उपासी को छोड़कर अनुसंधान परियोजना	40.03
मूल्यांकन व अनुवीक्षण	8.86
अन्य विविध व्यय	56.35
कुल	1575.13

घ. <u>व्यय - सहायिकी</u>

(₹ लाख में)

रोपण सहायिकी योजना	4900.90
गुणवत्ता उन्नयन व उत्पाद विविधिकरण योजना	360.03
मानव संसाधन विकास योजना	491.84
अर्थोडॉक्स चाय उत्पादन सहायिकी योजना	3007.44
बाजार संवर्धन योजना	1432.74
अनुसूचित जाति सह योजना	260.92
एसजीडीडी	545.12
एनपीटीआर	125.01
कुल	11124.00

ड. व्यय- अनुसंधान योजना (एएसआईडीई)

(₹ लाख में)

व्यय	33.96
कुल	33.96

च. <u>व्यय-ऋण योजना</u>

(₹ लाख में)

ऋण योजना हेतु आवर्ती कार्पस निधि	460.15
एसपीटीएफ	3706.19
कुल	4166.34

<u>वर्ष 2015-16 के दौरान योजना पर कुल व्यय</u>

<u>(सी + डी + ई)</u> = ₹12733.09 **लाख**

चाय विकास

प्रस्तावना:

टी बोर्ड के प्राथमिक कार्यों में से एक कार्य चाय उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता उन्नयन, मूल्य संवर्धन उत्पादन मिश्रण श्रृंखला में आगे बढ़ने हेतु क्षमता निर्माण करना कार्मिकों से लेकर प्रबन्धकों तक सभी स्तरों पर कौशल में सुधार करना है ।

विकास समितिः

बोर्ड की विकास समिति बोर्ड के विकासात्मक कार्यों के निर्वहन में एक सलाहकार निकाय के रुप में मार्गदर्शन करती है । विकासात्मक समिति, जो विभिन्न विकासात्मक क्रियाकलापों के क्रियान्वयन में बोर्ड की सहायता करता है । रिर्पोटाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनी हैः

1. श्री संतोष सारंगी, अध्यक्ष, चाय बोर्ड, समिति के पदेन अध्यन
2. श्री पी. नागराजन, माननीय सांसद
3. श्री डी. हेगड़े, द निलगिरिज़ तमिलनाडु
4. श्री दिलिप मोरान, माननीय विधायक, असम
5. श्री पी. मोहनन, केरल-सदस्य
6. रिक्त
7. रिक्त

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, विकास समिति ने निम्न तारीख को बैठक आयोजित कीः

बैठक सं.	बैठक की तारीख	स्थान
227 वीं	9 फरवरी, 2016	कोलकाता

टी बोर्ड की बारहवीं प्लान योजनाएं:

चाय बोर्ड की चाय विकास और संवर्धन योजना की रूपात्मकता, 10/12/2014 से क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा अनुमोदित थी । इस तारीख से पूर्व, विभिन्न प्लान योजनओं के अन्र्तगत । अप्रैल, 2012 के बाद से प्राप्त आवेदनों को सरकारी आदेशानुसार, ग्यारहवीं प्लान के दिशा-निर्देशों के तहत 30/10/2014 तक

प्रक्रमित किए गए । इस अन्तरिम अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों के लिए, ग्यारहवीं प्लान दिशानिर्देशों को 9/12/2014 तक बढ़ाने हेतु सरकार को एक पत्र भेजा गया था ।

विभिन्न घटकों सहित बारहवीं प्लान चाय विकास एवं संवर्धन योजना के लिए अनुमोदित परिव्यय नीचे प्रस्तुत हैः

सारणी-1

क्र.सं.	**क्रियकलाप**	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**कुल**
1	**रोपण विकास**						
1		63.5	70	80	90	96.5	**400**
2	**ऑर्थोडोक्स उत्पादन सहित गुणवत्ता उन्नयन और उत्पाद विविधिकरण**						
2		52.5	38.25	65.35	69.45	74.45	**300**
3	**बाज़ार संवर्धन**						
3		22.75	32.35	47.7	49.3	47.9	**200**
4	**अनुसंधान और विकास**						
4		10.85	26	43.15	38	32	**150**
5	**मानव संसाधन विकास**						
5		**10.4**	**17.4**	**33.7**	**44.25**	**44.25**	**150**
6	**लघु उत्पादकों का विकास**						
6		0	5	54	65	76	**200**
7	**राष्ट्रीय चाय विनियमन कार्यक्रम**						
7		0	1	10	7	7	**25**
कुल		**160**	**190**	**333.9**	**363**	**378.1**	**1425**

निम्नलिखित चाय विकास एवं संवर्धन योजना के विभिन्न घटक समीक्षाधीन वर्ष के दौरान क्रियन्वित किए गए ।

सारणी-2

क्रम सं.	**घटक का नाम**	**वित्तिय परिव्यय (राशि करोड़ रु. में)**	**वास्तविक प्राप्त (राशि, करोड़ में)**
1	रोपण विकास	**90.00**	**52.42**
2	ऑर्थोडॉक्स उत्पादन सहित गुणवत्ता उन्नयन और उत्पाद विविधिकरण	**69.45**	**29.94**
3	लघु उत्पादकों का विकास	**65.00**	**5.02**

भौतिक और वित्तीय उपलब्धियाँ :

वर्ष 2015-16, बारहवीं प्लान (पंच वर्षीय योजना) का चौथा वर्ष है । रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान उपरोक्त उल्लिखित योजनाओं की भौतिक और वित्तीय उपलब्धियाँ इस प्रकार थीं :

1. रोपण विकासः

चाय रोपण विकास का मुख्य उद्देश्य पुनर्रोपण/प्रतिस्थापनरोपण जीर्णोद्धार प्रुनिंग/विस्तार रोपण/सिंचाई और यान्त्रिकीकरण को बढ़ावा देकर उत्पादन और भूमि उत्पादकता तथा चाय की गुणवत्ता में वृद्धि करना है । हिताधिकारियों को प्रदान की जानें वाली वित्तीय सहायता का विवरण नीचे प्रस्तुत हैं :

सारणी-3

पुनर्रोपण और प्रतिस्थापन रोपण (रु./हेक्ट)					
अ. पारम्परिक					
क्रम सं.	क्षेत्र	इकाई लागत	सहायकी @30%	पहली किश्त सहायकी का @60%	दूसरी किश्त सब्सिडी का @40%
1	असम	633790	190137	114082	76055
2	दोआर्स और तराई	648775	194633	116780	77853
3	कछार	544840	163452	98071	65381
4	त्रिपुरा	493224	147967	88780	59187
5	दार्जिलिंग	873615	262085	157251	104834
6	तमिलनाडु, कर्नाटक	820188	246056	147634	98423
7	केरल	853288	255986	153592	102395
अ. जैविक खाद कृषि					
पारम्परिक दर से 25% अधिक					
नए रोपण (रू./हैक्टे.)					
अ. परम्परागत					
क्रम सं.	क्षेत्र	इकाई लागत	सहायकी @30%	पहली किश्त सहायकी का @60%	दूसरी किश्त सब्सिडी का@40%
1	असम	633790	158448	95069	63379
2	दोआर्स और तराई	648775	162194	97316	64878

3	कछार	544840	136210	81726	54484
4	त्रिपुरा	493224	123306	73984	49322
5	दार्जिलिंग	873615	218404	131042	87362
6	तमिलनाडु, कर्नाटक	645055	161264	96758	64506
7	केरल	662055	165514	99308	66206

ब. जैविक कृषि

पारंपरिक दर से 25% अधिक

नये रोपण (रु./हेक्ट)

इकाई लागत	सहायकी @30	पहली किश्त सहायकी का @60	दूसरी किश्त सब्सिडी का @40
203794	61138	36683	24455

सिंचाई

इकाई लागत	सब्सिडी	किश्त
मूल लागत 80,000 रु./हेक्ट. से अधिक नहीं, प्लान अवधि में 200 रु./हेक्ट. अधिकतम सीमा	मूल लागत का 25%	एक किश्त

भूमि यांत्रिकीकरण

मूल लागत	मूल लागत का25%	एक किश्त

वर्ष 2015-16 के दौरान पी.डी.एस. के अंतर्गत भौतिक और वित्तीय उपलब्धियां

सारणी-4

	लक्ष्य		उपलब्धियां	
क्रियाकलाप	**भौतिक (हेक्टेयर/संख्या)**	**वित्तीय (हेक्टेयर /संख्या)**	**भौतिका (हेक्टेयर /संख्या)**	**वित्तीय (हेक्टेयर /संख्या)**
पुनर्रोपण/प्रतिस्थापन रोपण (हेक्टेयर)	9000	46	3282.32	39.58
जीर्णोद्धार (हेक्टेयर)	1500		327.89	1.40
नया रोपण (हेक्टेयर)	1500		0.26	0.0034
सिंचाई (हेक्टेयर)	1000		14343.70	7.48
भूमि यांत्रिकीकरण (हेक्टेयर)	-		25	0.37
कुल				48.83

वर्ष 2015-16 के दौरान पी.डी.एस. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तिय उपलब्धियां पुनर्रोपण, प्रतिस्थापन रोपण और जीर्णोद्धार

सारणी-5

	पुनर्रोपण			प्रतिस्थापन रोपण			जीर्णोद्धार			कुल
राज्य	**सं.**	**क्षेत्र (हेक्ट.)**	**राशि (रु. लाख में)**	**सं.**	**क्षेत्र (हेक्ट.)**	**राशि (रु. लाख में)**	**सं.**	**क्षेत्र (हेक्ट.)**	**राशि (रु. लाख में)**	**राशि (रु. लाख में)**
असम	211	2112.44	2626.16	25	324.11	318.77	16	140.57	67.98	3012.91
त्रिपुरा	1	4.66	6.44	-	-	-	3	13.78	2.33	8.77
पश्चिम बंगाल	44	702.22	769.95	2	52.96	40.18	6	46.16	10.59	820.72
कर्नाटक	1	13.84	22.20	-	-	-	-	-	0.57	22.77
केरल	6	31.33	114.68	-	-	7.88	2	35.83	15.03	137.59
तमिलनाडु	4	40.76	52.18	-	-	0.00	3	73.43	36.47	88.65
हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	-	-	3	18.12	6.90	6.90
कुल	**267**	**2905.25**	**3591.61**	**27**	**377.07**	**366.84**	**33**	**327.89**	**139.87**	**4098.32**

वर्ष 2015-16 के दौरान पी.डी.एस. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तिय उपलब्धियां
सिंचाई, नया रोपण और भूमि यांत्रिकीकरण
सारणी-6

वर्ष 2015-16 के दौरान पी.डी.एस. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तिय उपलब्धियां									
	भौतिक					**वित्तीय**			
राज्य	**सिंचाई**		**नया रोपण**		**भूमि यांत्रिकीकरण**	**सिंचाई**	**नया रोपण**	**भूमि यांत्रिकीकरण**	**कुल**
	सं.	**क्षेत्र (हेक्ट)**	**सं.**	**क्षेत्र (हेक्ट)**	**सं.**	**राशि (रु. लाख में)**	**राशि (रु. लाख में)**	**राशि (रु. लाख में)**	**राशि (रु. लाख में)**
असम	76	8724.51	-	-	1	476.18	-	6.24	482.42
कछार	25	2192.47	-	-	1	147.27	-	0.37	147.64
त्रिपुरा	1	37.21	-	-	1	1.97	-	0.29	2.26
पश्चिम बंगाल	25	2733.94	-	-	-	101.46	-	-	101.46
एच.ओ. पश्चिम बंगाल	6	655.57	-	-	-	20.78	-	-	20.78
तमिलनाडु	-	-	-	-	16	-	-	21.34	21.34
केरल	-	-	-	-	5	-	-	8.72	8.72
हिमाचल प्रदेश	-	-	1	0.26	1	-	0.34	0.2850	0.63
कुल योग	**133**	**14343.70**	**1**	**0.26**	**25**	**747.66**	**0.34**	**37.25**	**785.25**

2. **ऑर्थोडोक्स उत्पादन सहित गुणवत्ता उन्नयन और उत्पाद विविधिकरणः**

बारहवीं प्लान स्कीम का मुख्य उद्देश्य चाय विनिर्माण इकाइयों, वेयरहाउसेस, चाय के मूल्य संवर्धन जैसे- मिश्रण पैकिंग, टी बैंगिंग, फ्लेवर टी से संबंधित इकाइयों के आधुनिकीकरण के लिए, गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने के लिए स्पेशलिटी टी इकाइयों/ऑर्थोडोक्स या ग्रीन टी विनिर्माण इकाइयों, कार्बनिक चाय उत्पादन और ऑर्थोडोक्स/ग्रीन टी के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान कर चाय की गुणवत्ता में वृद्धि करना है ।

सारणी-7

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
1.	पुराने एवं जीर्ण शीर्ण हुए कारखानों का आधुनिकीकरण	ग्यारहवीं प्लान स्पील ओवर मामलों के लिएः मशीनरी के मूल लागत पर 25% सहायिकी, या अधिकतम सीमा 25 लाख रु. तक, इनमें से जो कम हो बारहवीं प्लान स्पील ओवर मामलों के लिएः (i) किसी *भी* एक मशीनरी पर न्यूनतम निवेश 5 लाख रु. से कम नहीं होगा (ii) साल में किया जाने वाला न्यूनतम निवेश 25 लाख रु. से कम नहीं होगा (iii) @25% की दर से कुल देय सब्सिडी सम्पूर्ण प्लान अवधि के दौरान 150 लाख से अधिक नहीं होगी । (iv) कारखानों में 100% सी.टी.सी. ऑर्थोडॉक्स चाय तैयार करने के लिए मशीनरी के प्रापण और स्थापना हेतु उपरोक्त उल्लिखित शर्तों के अनुसार @40% की दर से सब्सिडी प्रदान की जाएगी ।
2	सफाई, ब्लेंडिंग, रंग चयन, व पैकेजिंग इत्यादि हेतु अतिरिक्त आधारभूत संरचना का निर्माण का मूल्य संवर्धन	मूल लागत पर 40% की सब्सिडी बशर्ते, प्रत्येक कारखाना के लिए उच्चतम सीमा 25 लाख रु., जिसमें प्रति कारखाना के लिए 5 वर्षों की अवधि के लिए 150 लाख की उच्चतम सीमा
3.	ग्रीन टी, ऑर्थोडॉक्स टी, और स्पेशलिटी टी, (उत्पाद विविधिकरण) के उत्पादन के लिए नए कारखानों की स्थापना	संयंत्र और मशीनरी (भूमि लागत के अलावा) के मूल लागत का 40% की दर से सब्सिडी, बशर्ते, उच्चतम सीमा सम्पूर्ण योजना अवधि के दौरान 200 लाख प्रति कारखाना रहेगी ।
4	आई.एस.ओ./एच.ए.सी.सी.पी. तथा ऑरगेनिक टी के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन	एच.ए.सी.सी.पी. के लिए, आई.एस.ओ. 22000 के लिए तथा अन्य खाद्य सुरक्षा मानक प्रमाणनों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क पर 50%
5	चाय के समुचित भंडारण के लिए वेयर हाऊसिंग	नए वेयरहाऊसिंग या वर्तमान वेयरहाऊसिंग में अतिरिक्त जगह के निर्माण/जीर्णोद्धार/संबंध अवसंरचना/तोलनपत्र/तोलन सेतु/ फॉर्कलिफ्ट्स/कार्गो लिफ्ट्स इत्यादि के निर्माण के लिए मूल लागत पर 40% की सब्सिडी बशर्ते, प्रत्येक कारखाना के लिए उच्चतम सीमा 25 राख रु. जिसमें प्रति कारखाना के लिए 5 वर्षों की अवधि के लिए 150 लाख की उच्चतम सीमा ।
6	ऑर्थोडॉक्स टी और ग्रीन टी के	पत्ती और चूर्ण श्रेणियों दोनों ही श्रेणियों के लिए मूल उत्पादन पर 3

	उत्पादन के लिए प्रोत्साहन	रु./- प्रति किलोग्राम की दर से एक समान सब्सिडी । अधिक उत्पादन की स्थिति में, डी जानी वाली प्रोत्साहन राशि का निर्धारण पिछले पाँच वर्षों में गतिशील औसत उत्पादन को ध्यान में रख कर किया जाएगा जिसे आधार उत्पादन को ध्यान में रख कर किया जाएगा यदि, वास्तविक उत्पादन, आधार उत्पादन से अधिक होती है, तो उनके बीच के अंतर को अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिए प्रोत्साहन मात्रा मान लिया जाएगा ।

वर्ष 2015-16 के दौरान क्यू.यू.पी.डी.एस. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तीय उपलब्धियां

सारणी-8

अ.क्यूयूपीडीएस	लक्ष्य		उपलब्धि	
क्रियाकलाप	भौतिक (मिलियन कि.ग्रा./संख्या)	वित्तीय (राशि करोड़ में)	भौतिक (मिलियन कि.ग्रा./संख्या)	वित्तीय (राशि करोड़ में)
कारखाने का आधुनिकीकरण	160	43	15	1.34
मूल्य संवर्धन	12		16	2.00
प्रमाणन	100		45	0.16
क्यू.यू.पी.डी.एस. के लिए प्रशासनिक प्रभार	NA		NA	NA
उप-कुल क्यू.यू.पी.डी.एस.	NA		76	3.5
ब. ऑर्थोडॉक्स चाय उत्पादन सहायिकी योजना	115		उपलब्धि	
कूनूर			43.62	13.09
गुवाहाटी			46.71	14.02
मुख्यालय/पालमपुर			2.41	0.72
सिलिगुड़ी			5.86	1.76
ऑर्थोडॉक्स सहायिकी योजना हेतु प्रशासनिक प्रभार आदि	NA	NA	NA	NA
उप-कुल ऑर्थोडॉक्स	115	NA	98.60	29.58
कुल (अ+ब)	387	43	174.60	33.08

वर्ष 2015-16 के दौरान क्यू.यू.पी.डी.एस. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तीय उपलब्धियां

सारणी- 9

क्यू.यू.पी.डी.ए स.	कारखाने का आधुनिकीकरण		मूल्य संवर्धन		नए कारखाने की स्थापना		प्रमाणन		कुल	
राज्य का नाम	सं.	राशि (रु. लाख में)	सं.	राशि (रु. लाख में)	सं.	राशि (रु. लाख में)	सं.	राशि (रु. लाख में)	सं.	राशि (रु. लाख में)
असम	8	55.74	10	112.01	0	0	28	9.35	18	177.10
त्रिपुरा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
पश्चिम बंगाल	-	-	2	28.42	-	-	-	-	2	28.42
मुख्यालय, पश्चिम बंगाल	7	78.15	1	15.12			13	4.49	21	97.75
तमिलनाडु	-	-	1	25.00	-	-	-	-	1	25.00
केरल	-	-	2	19.69	-	-	-	-	2	19.69
कर्नाटक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	-	-	2	1.36	2	1.36
उत्तराखंड	-	-	-	-	-	-	2	0.73	2	0.73
कुल	15	133.89	16	200.24	0	0	45	15.92	48	350.05

वर्ष 2015-16 के दौरान ओ.आर.पी.डी. के अंतर्गत राज्यवार भौतिक और वित्तीय उपलब्धियां

सारणी **10**

ओ.आर.पी.डी.	ऑर्थोडॉक्स		
राज्य का नाम	**सं.**	**उत्पदान (मि.कि.ग्रा.)**	**राशि (रु. लाख में)**
असम	361	46.4	1391.89
त्रिपुरा	2	0.30	9.18
पश्चिम बंगाल	80	5.865	175.95
मुख्यालय, (पश्चिम बंगाल)	15	1.61	48.28
तमिलनाडु	88	31.62	948.47
केरल	35	12	360.12
कर्नाटक	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	38	0.8	24.04
उत्तराखंड	4	0.0164	0.4912
कुल	**623**	**98.60**	**2958.421**

बन्द चाय संपदाएं:

चाय संपदाओं के बीमार हालत/बन्द होने के प्रमुख कारण इनमें से हो सकते होः

- खराब ऊपज
- पुरानी हो रहीं चाय की झाडियाँ और अधिक खालीपन
- नगन्य (आमतौर पर शून्य) जड़ उन्मूलन/पुनर्रोपण
- खराब बागान प्रबन्धन उपायें (प्रचलन)
- गुणवत्ता और कीमत वसूली में गिरावट
- असहज (यद्यपि साधारणतः उग्र नहीं) औद्योगिक सम्बन्ध परिदृश्य
- सम्पूर्ण रुप से विकास दृष्टिकोण की कमी
- बहुत ही (अति) ऋण उन्मुख फण्डिंग रणनीति
- स्वामित्व के लिए विवाद

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसे चाय बागान जो बंद किए गए, वे इस प्रकार हैं :

बंद चाय संपदाएं					
सं.	चाय एस्टेटस का नाम	रोपण/क्षेत्र/राज्य	बंद की तारीख	कर्मचारियों की संख्या (स्थायी एवं अस्थायी सहित)	टिप्पणी
1	ढेकलापाड़ा	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	11.03.2006	804	इस चाय एस्टेट्स को माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा परिसमाप्त कर दिया गया था । इस बागान को माननीय कलकत्ता उच्च-न्यायालय (आधिकारिक परिसमापक)
2	बुंदपानी	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	13.07.2013	1283	भूमि का पट्टा समाप्त होने पर, राज्य सरकार ने 15 अक्टूबर, 2014 को भूमि को अपने अधिकार में कर लिया ।
3	धरनीपुर	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	19.10.2013	807	राज्य सरकार ने 18 नवंबर 2014 को भूमि अपने कब्जे में ले लिया है ।
4	रेबैंक	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	19.10.2013	1588	भूमि का पट्टा समाप्त होने पर, राज्य सरकार ने 21 नवंबर 2015 को भूमि को अपने अधिकार में कर लिया ।
5	सुरेन्द्रनगर	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	19.10.2013	451	राज्य सरकार ने दिनांक 14/11/2014 के एक आदेश द्वारा भूमि की पट्टी रद्द कर दी है । तथा राज्य सरकार ने 13/01/2015 को भूमि अपने कब्जे में कर ली है ।
6	मधु	डुअर्स, पश्चिम बंगाल	23.09.2014	947	अनाधिकारिक सूचना के अनुसार, संपत्ति की बिक्री की प्रक्रिया चल रही है ।
कार्य निलंबनाधीन चाय संपदाएं					

7	पानीघाटा	तराई, पश्चिम बंगाल	10.10.2015	787	मजदूरों द्वारा पूजा बोनस की मांग तथा धरना प्रदर्शन करने के कारण कार्य का निलंबन
8	रहिमाबाद	तराई, पश्चिम बंगाल	5.1.2016	669	मजदूरों द्वारा पूजा बोनस की मांग था धरना प्रदर्शन करने के कारण कार्य का निलंबन

प्रमुख घटनाएः

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के चाय सेक्टर पर दावेदारों की परामर्श बैठकः चाय क्षेत्र (सेक्टर) में विकास की समीक्षा करने तथा विभिन्न मुद्दों पर दावेदारों के साथ परामर्श करके भावी विकास के लिए कार्य प्रणाली की अनुशंसा के लिए, 17 मई, 2015 को माननीया राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वाणिज्य और उद्योग, भारत सरकार, श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में, चाय क्षेत्र के विभिन्न दावेदारों की एक बैठक हुई थी । बैठक का आयोजन भारत सरकार के वाणिज्य विभाग और भारतीय चाय बोर्ड द्वारा किया गया था ।

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में, बंगाल के बन्द/संकटग्रस्त चाय बागानों पर दावेदारों की परामर्श बैठकः बन्द या संकटग्रस्त चाय बागानों विकास की स्थिति की समीक्षा करने तथा दावेदारों के साथ विभिन्न मुद्दों पर परामर्श करके भावी विकास के लिए कार्य प्रमाली की अनुशंसा करने के लिए, माननीय वाणिज्य और उद्योग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, श्रीमती निर्मला सीतारमन, की अध्यक्षता में 04 जनवरी 2016 को सिलीगुड़ी में सरकारी अधिकारियों बैंकर्स, बन्द चाय एस्टेट्स तथा चाय क्षेत्र के उत्पादक संघों की बैठक हुई थी । बैठक का आयोजन भारत सरकार के वाणिज्य विभाग और भारतीय चाय बोर्ड द्वारा किया गया था ।

<u>3.लघु उत्पादक विकास निदेशालयः</u>

लघु चाय उत्पादक एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रुप में उभरा है जिसका देश में उत्पादित चाय में एक तिहाई योगदान है । इस क्षेत्र के बढ़ते योगदान और लघु उत्पादकों के समग्र विकास के लिए बढ़ते ध्यान के लिए, चाय बोर्ड द्वारा अप्रैल 2016 में लघु उत्पदाक विकास निदेशालय के नाम से एक अलग निदेशालय की स्थापना की गई और असम के डिब्रूगढ़ में इसके मुख्यालय के साथ यह कार्यरत बन गया है । सभी प्रमुख क्षेत्रों में जहाँ लघु उत्पादक केन्द्रित हैं, ऐसे उप-कार्यालयों की संख्या 69 है ।

लघु उत्पादक विकास निदेशालय के अंतर्गत उप-क्षेत्रिय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों का विवरणः

सारणी-11

क्षेत्र	विकास अधिकारियों द्वारा शाषित उप-क्षेत्रीय कार्यालय	कारखाना सलाहकारी अधिकारियों द्वारा शाषित उप-क्षेत्रीय कार्यालय	सहायक निदेशक चाय विकास द्वारा शाषित सेट-अप	क्षेत्रवार कुल
पूर्वोत्तर क्षेत्र	29	9	7	45
उत्तर भारतीय क्षेत्र	1	---	-----	1
उत्तर बंगाल-बिहार क्षेत्र	11	4	2	17
दक्षिण भारतीय क्षेत्र	1	----	3 (लघु उत्पादक विकास निदेशालय के प्रेषण व्यवस्था के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय कोटागिरी, कुंडाह और गुडलुर)	4
कुल				**67**

लघु उत्पादक विकास निदेशालय के अंतर्गत राज्यवार कार्यालयों का विवरणः

क्र.सं.	**राज्य**	**कुल**
1	असम	39
2	त्रिपुरा	3
3	मिज़ोरम	1
4	अरुणाचल प्रदेश	1
5	मेघालय	1
6	पश्चिम बंगाल	15
7	बिहार	2
8	उत्तराखंड	1
9	तमिलनाडु	3
10	केरल	1
	कुल	**67**

उप-क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से टी क्लस्ट4स तक बोर्ड की उपस्थिति ने चाय की खेती में संलग्न समुदायों के जीवन को हर रुप में छुआ है, विस्तार, आमने-सामने की वार्तालाप से बीएलएफ तथा अन्य दावेदारों सहित सम्पूर्ण लघु चाय उत्पादक समूह लाभान्वित हुआ है ।

लघु उत्पादक विकास निदेशालय निम्नलिखित मेनडेटस के साथ कार्य कर रहा हैः

- ✓ देश के प्रत्येक लघु उत्पादक को इनूमरेशन और स्मार्ट कार्ड जारी करना
- ✓ भूमि में अच्छे कृषिगत उपायों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्तिकरण या क्षमता निर्माण तथा खेतों एवं कारखानों में कार्यरत उत्पादकों और मजदूरों के एक सुरक्षित जीवनयापन के लिए बेहतर चाय उत्पादन और उच्चतर मेहनताना सुनिश्चित करने के लिए कारखानों में अच्छे विनिर्माण उपाय।
- ✓ उत्पादकों में सामूहिक खेती को प्रोत्साहित करना और अपने अनाज (फसल) की अच्छी दर पाने के लिए मोलभाव की क्षमता का निर्माण करना। स्वयं सहायता समूह के निर्माण के लिए अधिक बल (चोर) दिया जाता है ।

विनियामक कार्यों में निम्नलिखित प्रमुख हैः-

- ✓ छोटे होलडिंग्स और क्रमित पत्ती कारखानों का पंजीकरण
- ✓ गुणवत्ता मानदण्डों न्यूनतम ग्रीन लीफ प्राईस तथा प्राईस शेयरिंग फॉर्मूला का क्रियान्वयन
- ✓ चाय विपणन नियन्त्रण आदेश और चाय अपशिष्ट नियन्त्रण आदेश का क्रियान्वयन
- ✓ लघु चाय क्षेत्र के लिए प्लान योजना के अन्तर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन
- ✓ मार्केटिंग और फीसीबिलिटीज स्टडीज के लिए एक संसाधन केन्द्र के रुप में उभरना/एसटीजीएस से संबंधित मामलों के लिए सरकार की नीति निर्माण की इनपुट मुहैया कराना ।

हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए और अधिक केन्द्रित एवं तैयार सेवाएं प्रदान करने के प्रयास में, बाहरवीं प्लान में चाय विकास और संवर्धन योजना के अन्तर्गत “लघु चाय उत्पादक विकास” नामक एक अलग घटक को मंजूरी दे दी गई है । इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का स्वरुप निम्न रुप से हैः-

सारणी-13

नया रोपण (रु./हेक्ट)					
पारंपरिक					
क्रम सं.	क्षेत्र	इकाई लागत	सहायिकी @25%	पहली किश्त सहायिकी का @60 सहायिकी	दूसरी किश्त सहायिकी का @40 सहायिकी
1	असम	633790	158448	95069	63379
2	दोवार्स और तराई	648775	162194	97316	64878
3	कछार	544840	136210	81726	54484
4	त्रिपुरा	493224	123306	73984	49322
5	दार्जिलिंग	873615	218404	131042	87362
6	तमिलनाडु, कर्नाटक	645055	161264	96758	64506
7	केरल	662055	165514	99308	66206
जैविक					
पारंपरिक दर से 25% अधिक					
पुनर्रोपण (रु./हेक्ट)					
पारंपरिक					
क्रम सं.	क्षेत्र	इकाई लागत	सहायिकी @30%	पहली किश्त सहायिकी का @60 सहायिकी	दूसरी किश्त सहायिकी का @40 सहायिकी
1	असम	633790	190137	114082	76055
2	दोवार्स और तराई	648775	194633	116780	77853
3	कछार	544840	163452	98071	65381
4	त्रिपुरा	493224	147967	88780	59187
5	दार्जिलिंग	873615	262085	157251	104834
6	तमिलनाडु, कर्नाटक	645055	193517	116110	77407
7	केरल	662055	198617	119170	79447

जैविक			
पारंपरिक दर से 25% अधिक			
पुनर्रोपण (रु./हेक्ट)			
इकाई लागत	सहायिकी @30%	पहली किश्त सहायिकी का @60 सहायिकी	दूसरी किश्त सहायिकी का @40 सहायिकी
20374	61138	36683	24455

सिंचाई		
इकाई लागत	सहायिकी	किश्त
मूल लागत 80,000 रु./हेक्ट. से अधिक नहीं, प्लान अवधि में 200 रु./हेक्ट. अधिकतम सीमा	मूल लागत का	एक किश्त
भूमि यांत्रिकीकरण		
मूल लागत	मूल लागत का 25%	एक किश्त

सारणी-14

स्वयं सहायता समूह		
क्र.सं.	**वस्तु**	**टिप्पणी**
1	फील्ड इनपुट के लिए परिक्रामी निधि	अधिकतम सीमा 15,000- प्रति हेक्ट
2	इनपुट भंडारण और कार्यालय के लिए लागत पूंजी	अधिकतम सीमा 1,00,000/- प्रति स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)
3	प्रति दिन हर 5000किलो ग्राम तोड़ी गई पत्तियों के लिए पत्ती संग्रह शेड@ 1	मूल लागत का 100% या अधिकतम 50,000/रु. की सीमा, इनमें से जो भी कम हो
4	प्रति स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के लिए दो (2) वजन काँटा	वास्तविक व्यय का 100% अथवा अधिकतम राशि 3500/- जो भी न्यूनतम होगा प्रयोज्य।

5	हरी पत्तियों को वहन करने के लिए प्लास्टिक क्रेट्स और नाईलॉन की प्लास्टिक थैलियाँ .	प्लास्टिक क्रेट्स @ 300/- रु./प्रति तथा 40/- रु./प्रति नाईलॉन की प्लास्टिक की थैली । क्रेट्स की संख्या इसप्रकार सीमित होगीः प्रति दिन हर 20 किलो ग्राम हरी पत्ती के लिए 1 क्रेट तथा हर 15 किलोग्राम हरी पत्ती के लिए @1 नाइलॉन की थैली ।
6	स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के हर 10 हेक्ट. चाय क्षेत्र के लिए @1 प्रूनिंग मशीन	मूल लागत का 100% या अधिकतम 40,000/- रु. की सीमा, इनमें जो भी कम हो
7	परिवहन वाहन हर 2,000 किलोग्राम हरी पत्ती के लिए ट्रैक्टर/ट्रेलर/एल.सी.वी. मूल लागत का 100%1 वाहन, (जून से सितंबर तक)	मूल लागत पर@ 50% की सब्सिडी
8	हार्वेस्टिंग मशीन	स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के हर 10 हेक्ट. चाय क्षेत्र के लिए @ 1 मशीन । मशीन के मूल लागत का 50% सब्सिडी के रुप में दिया जाएगा ।
9	स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)/या सहकारी/उत्पादक कंपनी द्वारा नया कारखाना स्थापित करने के लिए	संयंत्र और मशीनरीज़ के मूल लागत पर @40% की दर से सब्सिडी दी जाएगी, जिसमें अधिकतम सीमा 200 लाख रु./प्रति कारखाना होगी ।
10	सोसाइटी के रिकॉर्ड्स के रखरखाव के लिए कम्प्यूटरस	प्रति सोसाइटी के लिए एक प्रिंटर और अन्य सहायकियों के साथ-साथ एक डेस्कटॉप कम्प्यूटर । सब्सिडी की सीमा मूल लागत का 80% जिसमें अधिकतम सीमा 40,000/- रु.
11	टी नर्सरी अनुदान	स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा देख-भाल किए गए पौधों के लिए @ 2रु./प्रति पौधा की दर से नर्सरी अनुदान
12	स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्य उत्पादकों से जुड़े श्रमिकों का कल्याण	लघु. चाय उत्पादक श्रमिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सहायता, इसमें निम्न बातें शामिल हैः I लघु चाय उत्पादक श्रमिकों और उनके आश्रितों का ग्रुप इन्शरेंस II मजदूरों के बच्चों को वृत्ति ।

13	उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को वार्षिक पुरस्कार	प्रत्येक चाय क्षेत्र से उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले एसएचजी, एसएचटी तथा बी.एल.एफ. को एक मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र और 25,000/- से 1 लाख रु. तक का नकद पुरस्कार टी बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रमों में दिया जाएगा ।
14	स्वयं सहायता समूहों के लिए एनजीओ की नियुक्ति	स्वयं को प्राथमिक उत्पादक समूहों/स्वयं सहायता समूहों में संगठित करने के लिए लघु उत्पादकों को अभिप्रेरित करने हेतु अच्छे ट्रैक रिकार्ड वाले एन.जी.ओ / लब्ध प्रतिष्ठित संस्थानों को बोर्ड द्वारा पैनल में रखा जाएगा । एन.जी.ओ. को @ 500 रु. प्रति हेक्ट की दर से समूह निर्माण प्रोत्साहन राशि दी जाएगी बशर्ते पी.पी.जी./ स्वयं सहायता समूह के पास कम से कम 20 हेक्टेयर की भूमि हो और लघु उत्पादकों की सदस्यता 30 से कम न हो ।
15	लघु सिंचाई	सिंचाई के लिए निपेशित राशि का @ 40% की दर से सब्सिडी दी जाएगी, जिसमें वाजर पम्पस, स्प्रिंकलर सिंचाई उपकरण, नियंन्त्रण बाँध आदि का प्रापण शामिल है ।
16	प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (लघु उत्पादकों के लिए सेवा प्रदाता का विस्तार)	चाय बोर्ड द्वारा प्रमाणित स्वतन्त्र भूमि सलाहकारों की एक टीम को फोकस्ड और गहन प्रशिक्षण द्वारा टी.आर.ए./उपासी-टी.आर.एफ. में रखा जाएगा ।
लघु चाय कारखानें		
17	छोटे/लघु चाय कारखानों की स्थापना	छोटे और लघु चाय कारखानों को वास्तविक या मूल लागत के @25% की दर से सब्सिडी प्रदान की जाएगी ।
18	अध्ययन यात्रा/चाय कन्वेंशन/कार्यशालाएँ	नई गतिविधियों का ज्ञान देने तथा कौशल कर्मियों को दूर करने के दृष्टि से डिजाइन्ड किया गया है ।

2015-16 के दौरान लघु उत्पादक विकास के अंतर्गत भौतिक और वित्तीय उपलब्धि

सारणी- 15

लघु उत्पादक विकास	भौतिक		वित्तीय
क्रियाकलाप	**सं.**	**क्षेत्रफल (हेक्ट)**	**राशि (रु. लाख में)**
नया रोपण (हेक्ट)	170	63.70	73.54
पुनर्रोपण	40	9.11	12.92
जीर्णोद्धार प्रुनिंग	964	330.01	127.92
सिंचाई (हेक्ट)	3	7.77	1.16
स्वयं सहायता समूह (समूहों) को अनुदान	26	1116.72	98.41
अध्ययन दौरा	41	322.00	15.19
कार्यशाला/प्रशिक्षण	488	30124	52.43
फील्ड कार्यालयों को सुदृढ़	-	-	153.2
कुल	**1732**	**31973**	**534.77**

2015-16 के दौरान लघु उत्पदाक विकास के अंतर्गत भौतिक और वित्तीय उपलब्धि

सारणी- 16

	नया रोपण			पुनर्रोपण			जीर्णोद्धार प्रुनिंग			सिंचाई			स्वयं सहायता समूह	
	भौतिक		वित्तीय	भौतिक		भौतिक	वित्तीय		भौतिक	भौतिक		वित्तीय	भौतिक	वित्तीय
क्रियकलाप	सं.	क्षे.(हे.)	रु. लाख में	सं.	क्षे.(हे.)	रु. लाख में	सं.	क्षे.(हे.)	रु. लाख में	सं.	क्षे.(हे.)	रु. लाख में	सं.	रु. लाख में
असम	36	39.15	41.42	-	-	-	-	-	-	-	-	-	17	75.49
कछार	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	7.17	0.56	-	-
मिज़ोरम	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	0.32
त्रिपुरा	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	5
तमिलनाडु	57	5.93	13	25	7.11	9.39	752	238.37	96.76	-	-	-	7	17.6
केरल	74	18.12	16.03	15	2	3.53	195	82.3	24.73	1	.60	0.6	-	-
कर्नाटक	1	-	0.47	-	-	-	2	1.05	0.39	-	-	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	2	0.5	2.62	-	-	-	15	8.289	6.04	-	-	-	-	-
कुल	170	63.70	73.54	40	9.11	12.92	964	330.01	127.92	3	7.77	1.16	26	98.41
													कुल	**313.96**

टी बोर्ड द्वारा वर्ष 2015-16 के दौरान आयोजित अध्ययन दौरा, कार्यशाला/प्रशिक्षण का राज्यवार विवरण

सारणी- 17

राज्य	अध्ययन दौरा			कार्यशाला/प्रशिक्षण/सेमिनार		
	कार्यक्रमों की सं.	हिताधिकारियों की संख्या	राशि लाख रु. में	कार्यक्रमों की सं.	हिताधिकारियों की संख्या	राशि लाख रु. में
असम	32	264	11.99652	194	15209	32.97192
अरुणाचल प्रदेश	2	13	0.89005	7	700	1.48979
मिज़ोरम	2	6	0.78	7	650	1.805
मेघालय	1	7	0.46	4	150	0.57
त्रिपुरा	-	-	-	19	970	2.768
नागालैंड	2	10	0.963	-	-	-
मणिपुर	-	-	-	2	75	0.26075
पश्चिम बंगाल				59	4925	8.2900
बिहार				3	145	0.3400
हिमाचल प्रदेश	2	22	0.10	15	666	1.3397
उत्तराखंड				2	160	0.3780
तमिलनाडु	0	0	0.00	169	5713	1.0100
केरल	0	0	0.00	6	461	1.0300
कर्नाटक	0	0	0.00	1	300	0.1800
कुल	**41**	**322**	**15.18957**	**488**	**30124**	**52.43318**

4. अनुसूचित जाति उप-नियोजन योजनाः

अनुसूचित जाति के लघु उत्पादकों के लिए अनुसूचित जाति उप-नियोजन योजना नामक एक विशेष योजना क्रियान्वित की रही है । लघू उत्पदक के अधीन स्वयं सहायता समूह को दी जाने वाली वह सभी लाभ अनुसूचित जाति के प्रत्येक लघु उत्पादकों को भी दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति उप-प्लान योजना निधि की भौतिक और वित्तीय उपलब्धियों का विवरण निचे प्रस्तुत हैः

2015-16 के एस.सी.एस.पी. के अंतर्गत वित्तीय उपलब्धि-संवितरण कार्यालय

सारणी-18

संवितरण कार्यालय	राशि (रु.)
कूनूर	3,809,818
गुवाहाटी	19,412,159
तेज़पुर	67,867
पालमपुर	91,600
एस.जी.डी.डी.	2,940,978
कुल	**26,322,422**
सिलीगुड़ी (2014-15) पुनर्संवितरण 2015-16 में	758,789
कुल	**27,081,211**

2015-16 के एस.सी.एस.पी. के अंतर्गत राज्यवार वित्तीय उपलब्धि-संवितरण कार्यालय

सारणी-19

राज्य	एस.सी.एस.पी. क्रियाकलाप	हिताधिकारियों की संख्या	भुगतान की गई राशि (रु.)
असम	इनपुट लागत	194	1930250
	इनपुट लागत, लीफ़ शेड, लीफ़ थैलियाँ, तुला (तराजू), भंडारण	102	4220600
	इनपुट लागत, लीफ़ शेड, लीफ़ थैलियाँ, तुला (तराजू), गाड़ी और प्रुनिंग मशीन	326	12440806
	इनपुट सब्सिडी	342	1212550
	एल.सी.वी.	2	229105
	अध्ययन दौरे	167	970528
	कार्यशाला (संगोष्ठी, प्रशिक्षण आदि सहित)	1751	1076352
	कुल	**2884**	**22080191**
हिमाचल प्रदेश	प्रुनिंग मशीन	3	91600
	कुल	**3**	**91600**
तमिलनाडु	इनपुट सब्सिडी	31	124680
	एल.सी.वी.	14	3685138
	कुल	**45**	**3809818**
त्रिपुरा	इनपुट लागत	12	220503
	अध्ययन दौरा	13	98800
	कार्यशाला	100	30500
	कुल	**125**	**349803**
	सकल कुल	**3057**	**26331412**

प्रमुख क्रियाकलापः

वर्ष 2015-16 के दौरान टी बोर्ड लघु उत्पादक निदेशालय द्वारा जो प्रमुख क्रियाकलाप किए गए, उसका विवरण नीचे प्रस्तुत हैः

(क) लघु उत्पादकों का शुमार तथा परिचय-पत्र जारी करने का मुद्दा:

बोर्ड के कार्यालयों द्वारा लघु उत्पादकों का शुमार करना एवं परिचय पत्र वितरण के कार्य पर विशेष बल देना ताकि इस कार्यक्रम के अधीन लघु चाय उत्पादकों को अधिक सुधारात्मक कवरेज मिल सके । अब तक 151741 उत्पादकों की पहचान की जा चुकी है तथा पूरे देश में 82332 लघु चाय उत्पादकों को परिचय पत्र जारी किया जा चुका है । लघु उत्पादकों का शुमार करने एवं उन्हें परिचय पत्र वितरण करने संबंधी प्रगामी प्रगति (मार्च, 2016 माह तक) का राज्यवार ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है:

दिनांक 31/03/2016 तक शुमार स्थितिः

सारणी-20

राज्य	**उत्पादकों की संख्या**	**जारी की गई बायोमेट्रिक कार्ड स्मार्ट कार्ड की संख्या**
असम	87816	53211
अरुणाचल प्रदेश	451	0
मेघालय	482	443
मिज़ोरम	814	0
त्रिपुरा	2709	2447
कुल	**92272**	**56101**
हिमाचल प्रदेश	1300	843
उत्तराखंड	748	0
कुल	**2048**	**843**
तमिलनाडु	41196	18102
केरल	6671	2756
कुल	**47867**	**20858**
बिहार	986	667
पश्चिम बंगाल	8568	3863
कुल	**9554**	**4530**
कुल योग	**151741**	**82332**

(ख) <u>चयन का प्रकाशन लघु चाय उत्पादकों के लिए एक समाचार पत्रिका;</u>

लघु चाय उत्पादकों के लिए चयन नामक पत्रिका का प्रथम संस्करण विभिन्न भाषाओं में विभिन्न चाय उत्पादक राज्यों के लिए, जहां लघु उत्पादक हैं, प्रकाशित की गई थी । मौसम संबंधी भूमि ओपरेशन्स करने के लिए कृषि-तकनीकी की विस्तृत जानकारी इस पत्रिका के माध्यम से दी गई ।

(ग) <u>हरी चाय पत्तियों का मूल्य निर्धारणः जिला स्तर पर प्राइस मानिटरिंग</u>

हरी चाय पत्तियों की कीमत तय करने के लिए जिला स्तर पर प्राईस मानिटरिंग कमिटी (डीएलपीएमसी) की बैठकें विभिन्न चाय उत्पादक जिलों में की गई ।

एसआर मोरन, असम के अधीन मानव संसाधन विकास घटक को लोकप्रिय बनाने के लिए कार्यशाला।

असम में छोटे उत्पादक द्वारा डिजाइन बांस कंटेनर में निर्मित चाय

एसआरओ के अधीन तेवॉयनगर असम में लघु चाय उत्पादक कार्यशाला

लघु चाय उत्पादको का सिक्किम में ऑर्गेनिक चाय संपदा का अध्ययन दौरा

लेपेटकाटा चा सं. में पीपीसी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम

लघु चाय उत्पादक असम द्वारा हाथ से बने हरी निर्मित चाय का प्रदर्शन

प्रूनिंग संबंधी प्रदर्शन

कंपोज निर्माण प्रदर्शन

2015-16 की बार्षिक रिपोर्ट हेतु छायाचित्र
अध्याय-4 (चाय विकास)

श्रीमती निर्मला सीतारमन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चाय उद्योग के हितधारकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सिलीगुड़ी में 17 मई, 2015 को बैठक करतीं हुई।

श्रीमती निर्मला सीतारमन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिलीगुड़ी में 17 मई, 2015 को चाय उद्योग के हितधारकों को सम्बन्धित करतीं हुई।

श्रीमती निर्मला सीतारमन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 17 मई, 2015 को सिलीगुड़ी में हुई चाय उद्योग के हितधारकों के साथ बैठक के बाद प्रेस बैगठक करतीं हुई। उपस्थित हैं श्री एस.एस.आहलूवालिया माननीय सांसद, दार्जिलिंग (एकदम दाहिने) श्री आर.आर.रश्मि, तत्कालीन अपर सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय एवं टी बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ (एकदम बाएँ)

हवूकल चाय फैक्ट्री में दिनांक 16 नवम्बर, 2015 को उपस्थित हैं, श्री संतोष सारंगी, अध्यक्ष, टी बोर्ड (मध्य में) श्री एस.सौंदरराजन, निदेशक चाय विकास (बाएँ) एवं श्री पालरासू कार्यपालक निदेशक, कूनूर (एकदम बाएँ)

श्री संतोष सारंगी, अध्यक्ष चाय बोर्ड को लघु चाय उत्पादकों द्वारा मशीनों के सफल प्रयोग को दर्शाते हुए श्री एस. सौन्दरराजन, निदेशक चाय विकास, साथ में हैं श्री पालरासू कार्यपालक निदेशक।



तेजपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2016 को आयोजित लघु चाय उत्पादकों हेतु कार्यशाला।

मेघालय के लघु चाय उत्पादकों हेतु चाय बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सम्बन्धी दिनांक 12 जून, 2015 को रिभोई जिले में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम।

श्री संतोष सारंगी, अध्यक्ष टी बोर्ड, 5 दिसम्बर, 2015 को बोर्ड के पालमपुर स्थित नवीन कार्यालय भलन का उद्घाटन करते हुए। साथ में हैं श्री ए.के.दास उपाध्यक्ष टी बोर्ड (एकदम दाहिने) और निदेशक चाय विकास श्री एस. सौन्दरराजन।

श्री संतोष सारंगी, अध्यक्ष टी बोर्ड, 5 दिसम्बर, 2015 को रिबन काटकर पालमपुर कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए। साथ में है श्री ए. के. दास, उपाध्यक्ष श्री एस. सौन्दरराजन, निदेशक चाय विकास एवं पालमपुर के उप निदेशक चाय विकास श्री गगनेश शर्मा।

नए पालमपुर कार्यालय के दिनांक 5 दिसम्बर, 2015 को हुए उद्घाटन के बाद चाय टेस्टिंट सत्र के दौरान उपस्थित हैं बोर्ड के अध्यक्ष श्री संतोष सारंगी।

बोर्ड के पालमपुर कार्यालय के नए भवन के दिनांक 5 दिसम्बर, 2015 को हुए उद्घाटन के बाद रोपकों से चर्चा करते हुए अध्यक्ष श्री संतोष सारंगी। उपस्थित हैं बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री ए. के. दास (एकदम दाहिने) एलं निदेशक चाय विकास श्री एस. सौन्दरराजन।

ID card distribution for Small Tea Growers at Balla (Nagri), Himachal Pradesh, on 20th January 2016

Mechanized plucking at Mansimble Tea Estate, Himachal Pradesh,on 28th June 2015

चाय अनुसंधान

अन्य विकासात्मक एवं नियामक कार्यकलापों के अतिरिक्त चाय उपभोग में वृद्धि एवं गुणवत्ता में सुधार हेतु अनुसंधानात्मक कार्यकलापों में भारतीय चाय उद्योग के नियामक संस्था के रूप में टी बोर्ड भारत का अग्रणी एवं सतत योगदान रहा है । सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के मूल तत्वों के समन्वय एवं मूल्यांकन, चाय उत्पादकों एवं चाय उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चाय अनुसंधान संस्थानों जैसे कि दार्जिलिंग चाय अनुसंधान एवं विकास केंद्र (डीटीआर व डीसी), कार्सियोंग, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल ; चाय अनुसंधान संघों (टीआरए) जैसे कि जोरहाट , असम और दक्षिण भारत के संयुक्त रोपक संघ (यूनाइटेड प्लांटर्स एसोसिएशन ऑफ सौदर्न इंडिया)- चाय अनुसंधान संस्थान (उपासी - टीआरएफ़) द्वारा प्रयुक्त एवं नियामक शोध करा कर चाय उद्योग के जरूरतों एवं तेजी से बढ़ते हुए ज्ञान को मुहैया कराने में अनुसंधान निदेशालय का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है । गुणवत्ता एवं चाय विनिर्माण के व्यापक क्षेत्रों, उत्पादकता में शोध, आनुवांशिकी एवं जैव अभियांत्रिकी के द्वारा शुष्कता प्रतिरोधी चाय का विकास, कीट एवं रोग प्रबंधन इत्यादि पर और अधिक ज़ोर दिया जा रहा है । टी बोर्ड का अनुसंधान निदेशालय देश में होने वाले चाय शोधों का समन्वय, निगरानी एवं मूल्यांकन करता है तथा चाय उद्योग के जरूरत पर आधारित आवश्यकताओं पर ध्यान देकर एवं समय - समय पर विशिष्ट अनुसंधान परियोजनाएँ तैयार कर चाय अनुसंधान को सुगम बनाता है। इन प्रयासों के द्वारा चाय उद्योग विशेषकर उभरते हुए परिदृश्य एवं प्रतियोगी बाज़ारों की वृद्धि एवं विकास होने की संभावना है । हाल के घटनाक्रमों एवं नियामक निकायों तथा उद्योग द्वारा उठाए गए नए मांगों के कारण इस निदेशालय की नीति एवं दृष्टिकोण निमन्वत है :

- हितधारकों के जरूरत पर आधारित चाय शोध को प्राथमिकता देना ।
- यह सुनिश्चित करना कि इन शोधों का परिणाम हितधारकों तक प्रसारित हो ।
- अनुसंधान की नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन ।
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नियामक निकायों की जरूरतों के साथ समन्वय करना ।

सहायता अनुदान

2015-16 में अनुसंधान एवं विकास हेतु फंड का आवंटन रु 15.50 करोड़ था। 49% के दर पर टीआरए एवं उपासी को दिये गए सहायता अनुदान का परिमाण क्रमशः रु 9.81 करोड़ एवं रु 2.71 करोड़ था । इसके अतिरिक्त गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला (क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी), टी पार्क, सिलीगुड़ी के उन्नतिकरण हेतु रु 73.65 लाख खर्च किया गया था । आधुनिक उपकरण की खरीद एवं वैज्ञानिकों की नियुक्ति भी इसमें शामिल है ।

चाय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) के अनुसंधान की मुख्य बातें :

निम्नलिखित कार्यकलाप जारी है एवं विगत एक वर्षों में अनुसंधान के क्षेत्रों की उपलब्धियाँ निम्नवत है :

1. **टोकलाई अनुसंधान संस्थान , टीआरए**

- क्लाइमेट स्मार्टेनिंग : असम चाय रोपण परिस्थितियों का भविष्य में निरंतरता बनाए रखने हेतु क्लाइमेट स्मार्टनिंग कार्यक्रम जारी किया जा रहा है । टी आर ए ने स्मार्ट (आवेदन सं. 323/कोल/2014 दिनांक 15.03.2014) के पैटेंट हेतु आवेदन भी किया है ।
- अध्ययन से पता चला है कि डिजालेट थियाफ्लेविन के निर्माण में गालोकेटेचिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । यह पाया गया था कि ईजीसीजी (ईजीसीजी) तत्वों में वृद्धि के साथ थियाफ्लेविन डिजालेट का निर्माण भी बढ़ गया है । अपक्षय के दौरान पत्ती के तापमान में 30-32° से अधिक हो जाने पर पत्ती में क्लोरोफिल की अवनति होने से तैयार चाय के रूप-रंग में अनचाहा प्रभाव देखने को मिलता है । यह भी पाया गया था कि अपक्षय की अवधि व्हाइट टी के रूप-रंग को प्रभावित करती है ।
- रोपण सामग्री जिसमें उन्नत क्लोन एवं चयनित क्लोन भी सम्मिलित रहता है, को परामर्शी केंद्र, टीआरए, मेघालय एवं नॉर्थ बैंक परामर्शी केंद्र को अपने-अपने कृषि जलवायु संबन्धित परस्थितियों में प्रचार करने हेतु आपूर्ति कराया जाता है । वृद्धि की लक्षणों को भी देखा जाता है। आनुवांशिकी परिवर्तन आरंभ करने एवं आण्विक चिन्हक का प्रयोग करते हुए अध्ययन को संचालित करने हेतु टीएस450 के इन-विट्रो (पात्रे) कलियों को इथाईल मीथेन सल्फ़ोनेट के विभिन्न सांद्रता के साथ प्रवर्तन किया गया था।
- सूक्ष्मजीव सहायता-संघ (कंसोरटियम) अजैविक पोषकों का बेहतर प्रयोग हेतु फील्ड मूल्यांकन का द्वितीय वर्ष है । मृदा नमूनो का विश्लेषण , पैदावार एवं गुणवत्ता मानकों का आंकड़ा नियमित रूप से दर्ज किया जा रहा है ।
- मशीनीकरण हेतु युनिलीवर के साथ एक सहयोगी परियोजना संचालित की जा रही है । रोलर स्थापन एवं मसृणीकरण तकनीक में बदलाव पर विशेष ध्यान देते हुए विनिर्मान परीक्षण कार्य

प्रगति पर है । मशीन द्वारा पत्ती तोड़ने हेतु (क्रॉप हार्वेस्टिंग) कावासाकी जापान के साथ एक अन्य सहयोगपूर्ण परियोजना चल रही है, परिणाम द्वारा यह संकेत मिला है कि कम छटाई किए हुए चाय-पौधों में हाथ द्वारा प्लकिंग के तुलना में मशीन का निरंतर प्रयोग से पैदावार में मामूली वृद्धि होती है ।

- टीआरए में शुष्कता लक्षण पर अध्ययन अभी जारी है । टीएस 463 के जीवसंख्या का संतति आईएसएसआर चिन्हक से भिन्न पाया गया है । शुष्कता ईएसटी-एसएसआर प्राइमर्स का प्रयोग करते हुए संतति में और जांच की गयी थी । जीवसंख्या में अनुवांशिकी संबंधों के अध्ययन हेतु टीएस463 के जीवसंख्या नमूनों से डीएनए लिया गया था। टीएस463 के जीवसंख्या के साथ जनक टीवी1 एवं टीवी19 का शुष्कता संबन्धित एसएसआर प्राइमर्स का प्रयोग करते हुए पीसीआर विश्लेषण संचालित किया गया था । शुष्कता सहित जैविक एवं अजैविक तनाव के प्रतिक्रिया में डब्ल्यूआरकेवाई अनुलेखन कारक नियंत्रक का अध्ययन कैमेलिया सिनेसिस अनुक्रमों एवं अराबिडोप्सिस थालियाना के तुलनात्मक जैवसूचना विज्ञान द्वारा किया गया था । डब्ल्यूआरकेवाई अनुक्रम अब सार्वजनिक अधिकार-क्षेत्र के डेटाबेस में उपलब्ध है ।
- ब्लैक टी उत्पादन में जीएमपी हेतु कार्यप्रणाली व संस्तुतियों का नियमावली (कोड) को टीआरए में विकसित किया गया है ।

2. उपासी - टीआरएफ़

- चाय बगानों में शॉट होल बोर पर नियंत्रण हेतु कैरामोन ट्रेप्स विकसित किया गया है ।
- टी मोस्क़ुइटों बग पर नियंत्रण हेतु गोंद के साथ फेरोमोन ट्रेप्स का दक्षिण भारत के चाय बगानों में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है । अध्ययन से पता चला है कि एक नयी तृणनाशक अनु, सफ्लूफेंसिल का परीक्षण किया गया है एवं दक्षिण भारत में घाँस-पतवार नियंत्रण हेतु प्रतिषिद्ध तृणनाशक 2, 4-डी, को प्रतिस्थापित करने में उपयोगी पाया गया है ।
- ब्लैक टी उत्पादन में जीएमपी हेतु कार्यप्रणाली व संस्तुतियों का नियमावली (कोड) उपासी टीआरएफ़ द्वारा विकसित किया गया है ।
- मन्नार क्षेत्रों में ओर्थोडॉक्स एवं ग्रीन टी के गुणवत्ता रूपरेखा को कागजी प्रमाण देने हेतु चाय के कई बैचो का विश्लेषण किया गया है । टोटल पोलीफिनोल, केटेचिन, कैफीन, सुगंध सूचकांक, टीएफ (थियाफ्लेविन), टीआर (थियारूबीगिन), एचपीएस (हाई पोलीमीराइज्ड सब्सटेन्स) एवं टीएलसी (टोटल लिकर कलर) का पता लगाने हेतु ओर्थोडॉक्स एवं ग्रीन टी के विभिन्न श्रेणियों का विश्लेषण किया गया था । परिणाम से पता चला है कि ग्रीन टी का सूचकांक मान उच्च है ।

उपासी-टीआरएफ़ में मादा जनक द्वारा परिपक्व बीज संग्रहीत किया गया था जहाँ पर नियंत्रित संकरण कार्यक्रम संचालित किया गया था एवं उपासी के प्रयोगात्मक फार्म नर्सरी में बालू के फर्श (बेड) पर अंकुरित किया गया था । हाई (उच्च) एंथोसाईनिन पिगमेनटेंशन (रंजकता) हेतु चयनित संभावित अनुवृद्धियों का कलम बांध कर मातृ झाड़ियों का त्वरित स्थापन कार्यक्रम संचालित किया गया था । अन्नामलाई में हाई (उच्च) एंथोसाईनिन पिगमेनटेंशन (रंजकता) के सभी अनुवृद्धियों को क्लोन जांच कार्यक्रम द्वारा संग्रहित किया गया था ।

- एक अन्य उत्पन्न कैलस के भ्रूणीय (इम्ब्रोइड) कैलस को टीडीजेड (थिडियाजुरोन) के विभिन्न सांद्रता में उपसंवर्धित किया गया था एवं अंगविकास हेतु 4° एवं 22° सेल्सियस पर सेना गया था । जहां 4° सेल्सियस पर सेने गए भ्रूण (इम्ब्रोइड) के आकार में वृद्धि हुई, वहीं 22° सेल्सियस पर सेने गए भ्रूण (इम्ब्रोइड) में दो सप्ताह बाद उभार दिखाई दिया । एक सदस्य टी इस्टेट में इसाबीओन (पौधों के संतुलित पोषण हेतु प्राकृतिक रूप से उत्पन्न एक व्यापारिक उत्पाद) पर एक अन्य परीक्षण आरंभ किया गया था एवं प्रस्तावित अध्ययन नीति के तहत पर्णिल प्रयोग किया गया था । समरथा (पौधो की वृद्धि को बढ़ाने वाली जैविक रसायन जिसे वाईटलाइज़र कहते हैं) पर एक प्रायोजित परीक्षण भी किया गया था ।

3. दार्जिलिंग चाय अनुसंधान व विकास केंद्र (डीटीआर व डीसी)

- डीटीआर व डीसी के छोटे इकाई में विभिन्न जैवरसायनिक मानदंड पर विश्लेषण हेतु क्लोन चाय तैयार किया गया था । तैयार चाय के नमूनों को आईआईटी , खड़गपुर में वीएफसी व विश्लेषण तथा गुणवत्ता मानदंडों का विश्लेषण हेतु गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला (क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी / क्यूसीएल), सिलीगुड़ी में भेजा गया था ।
- ग्रीन लीफ़ पैदावार पर विविध अध्ययन किया गया था । 5 वर्षीय प्रूनिंग चक्र में गोपालधारा टी इस्टेट में उच्चतम ग्रीन लीफ़ (310.5 किग्रा. / हेक्टेयर) दर्ज किया गया था एवं 6 एवं 7 वर्षीय प्रूनिंग चक्र में न्यूनतम ग्रीन लीफ़ (258.9 किग्रा. / हेक्टेयर) पाया गया था ।
- फास्फोरस विलेयता (सोलुबिलीज़िंग) बैक्टीरिया (पीएसबी) से मृदा नमूना संगृहीत किया गया था । प्रायोगिक प्लॉट को विभिन्न PSB कॉन्सोरटियम के साथ संसाधित किया गया एवं जीवाणुतत्व संबंधी अध्ययन हेतु उत्तर बंग कृषि विश्वविद्यालय (यूबीकेवी) भेजा गया था । पोटाशियम तत्व का पता लगाने हेतु एकीकृत पोषण प्रबंधन परीक्षण का विश्लेषण किया गया था ।

12 वीं योजना के अनुसंधान परियोजनाएँ :

टी बोर्ड ने चाय उद्योग में दीर्घकालिक फायदा हेतु चाय अनुसंधान संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को सम्मिलित कर 12वीं योजना के निम्नलिखित चार समन्वित परियोजनाओ को अनुमोदित किया है :

1. उत्पादकता , गुणवत्ता एवं दबाब सहनशीलता हेतु परंपरागत एवं गैर-परंपरागत प्रजनन प्रणाली के एकीकरण द्वारा नए क्लोनों का विकास ।
2. टी हार्वेस्टिंग (पत्ती की तुड़ाई) हेतु मशीनों का विकास एवं शस्यरीति प्रचालन (कल्चरल प्रैक्टिसेस) का मशीनीकरण ।
3. चाय की गुणवत्ता एवं विद्यमान चाय प्रसंस्करण इकाईयों को क्षमता में वृद्धि करने का दृष्टिकोण।
4. चाय के किसी भी प्रकार के फफूँद रोग पर नियंत्रण हेतु फॉस्फेट विलेयता राइजोबैक्टीरिया का प्रयोग कर जैव-कीटनाशकों का विकास ।

उपरोक्त दीर्घकालिक अनुसंधान परियोजना के अतिरिक्त 2016 में टीआरए के आवश्यकता पर आधारित दो अल्पकालिक परियोजनाओं में पूँजी लगाया गया था ।

1. **डुअर्स के डोलोमाईट प्रभावित चयनित बगान के मृदा प्रकृति का अध्ययन :** चयनित चाय बगानों के मृदा के भौतिक-रसायनिक प्रकृति के प्रारम्भिक पर्यवेक्षण से पता चला था कि pH में भारी बदलाव हुआ है । कैल्सियम एवं मैग्नीशियम तत्वों की मात्रा से चाय झड़ियों में कारणता हुआ है।
2. **चाय के कीटनाशक के जैव - संवेदी कम्प्यूटिंग पहचान :** इस परियोजना के तहत 96 कूप प्लेट के नमूनों के इंजाइम आधारित आमापन एवं स्कैनर आधारित प्रणाली द्वरा विश्लेषण तथा ओपीएच निर्माण करने वाली बैक्टीरिया के सेल फ्री एक्सट्रैक्ट (सीएफई) का मूल्यांकन कीटनाशक में मिलाया हुआ चाय टहनी के नमूनों का प्रयोग कर किया गया था ।

<u>नियामक मुद्दे :</u>

- **अधिकतम अवशिष्ट सीमा (एमआरएल) स्थिरीकरण :** चाय पेय में एमआरएल स्थिरीकरण हेतु निर्देशन दस्तावेज़ सहित रसायनों के अगली सीसीपीआर प्राथमिकता तालिका में शामिल करने हेतु 12 कीटनाशकों के अवशिष्ट आंकड़ा राष्ट्रीय कोड बिन्दु (नेशनल कोडेक्स पॉइंट) के तहत जेएमपीआर (कीटनाशक अवशिष्ट पर साझा बैठक) को प्रस्तुत किया गया है ।

- **एसपीएस टीबीटी मुद्दे :** एपीजे एसएलजी द्वारा अग्रेषित 10 एसपीएस टीबीटी अधिसूचना का उत्तर 2015-16 में दिया गया था ।
- **पौध संरक्षण कोड (पीपीसी) :** तालिका में अवस्थित अतिरिक्त 2 और पौध संरक्षण योग (पीपीएफ) के अलावा पौध संरक्षण कोड का संस्करण 4 एवं 5 जारी किया गया है ।
- **आइरन फिलिंग्स :** 4 दिसंबर , 2015 को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जारी किए गए मसौदा अधिसूचना के उत्तर में टी बोर्ड ने एफएसएसएआई को इस मसौदा अधिसूचना के विरुद्ध में एक अभ्यावेदन इस आग्रह के साथ प्रस्तुत किया था कि उचित औचित्य के साथ अधिकतम सीमा 250 मिग्रा. / किग्रा. कर दिया जाय ।

  एफएसएसएआई को यह सूचित किया गया था कि आइरन फिलिंग्स के आकलन हेतु प्रयोगशालाओं में अनुसरण किए जाने वाले मानक संचालन प्रक्रिया (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) में दोष हैं , जिसके परिणामस्वरूप तैयार चाय में वास्तविक रूप से विद्यमान आइरन फिलिंग की मात्रा के तुलना में उच्च मात्रा की पहचान हो जाती है ।

  उपरोक्त के संबंध में एफएसएसएआई ने कार्यालय आदेश सं.12(4)/2016/मिसलेनियस/ ईएनएफ/एफएसएसएआई/2016 दिनांक 19.05.2016 द्वारा यह अधिसूचित किया था कि मूल्यांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने तक प्रवर्तन प्राधिकारी खुदरा दुकान के बजाय टी फ़ैक्टरियों में निरीक्षण यह सुनिश्चित करने हेतु कर सकते हैं कि एफबीओ (फूड बिज़नस ऑपरेटर) आइरन फिलिंग को हटाने हेतु अपेक्षित उपकरणों का इस्तेमाल करें ।

- **एंथ्राकुइनोन मुद्दा :** यूरोपियन यूनियन (ईयू) द्वारा निर्धारित सीमा के बाहर एंथ्राकुइनोन की उपस्थिती से ईयू को निर्यात होने वाली चाय के लिए चिंता का विषय बन गया है एवं ईयू ने यह सूचित किया है कि एंथ्राकुइनोन पर इम्पोर्ट टोलेरेन्स आवेदन विषाक्तता आंकड़ा के साथ लगाया हुआ होना चाहिए । ईयू के आवश्यकतानुसार विषाक्तता आंकड़ा हेतु, एंथ्राकुइनोन पर अपेक्षित आंकड़ा तैयार करने हेतु सीएसआईआर-आईआईटीआर से संपर्क किया गया है ।

- **ईरान मुद्दा :**
  - भारत (नवम्बर , 2015) एवं ईरान (फ़रवरी, 2016) में कार्य दल के सदस्यों की दो सभाएं आयोजित की गयी थी ।
  - ईरान को 5 कीटनाशकों के अवशिष्टों का आंकड़ा उनके विचार एवं एमआरएल के सामंजस्य के आग्रह के साथ प्रस्तुत किया गया था ।
  - भारी धातुओं की सीमा पर चर्चा जारी है ।

गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला: टी बोर्ड ने भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एएसआईडीई (एसिसटेंस टू स्टेटस फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप्मेंट ऑफ एक्सपोर्ट) योजना के तहत टी पार्क , सिलीगुड़ी में उच्च प्रौद्योगिकीय क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी की स्थापना की ।
है । क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी का उदघाटन 5 जनवरी , 2016 को माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) , श्रीमति निर्मला सीतारमन द्वारा कराया गया था । यह लैबोरेटरी उत्तर बंगाल के चाय उद्योग के लंबे समय से महसूस की गई जरूरत थी । गुणवत्ता जांच प्रयोगशाला (क्वालिटी टेस्टिंग लैबोरेटरी) का लक्ष्य राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय नियामक निकायों के मानकों के अनुसार चाय नमूनों के गुणवत्ता मानक , कीटनाशक अवशिष्ट , जैव कीटनाशक , जैव उर्वरक , भारी धातु , जीवाणुतत्व संबंधी अशुद्धियाँ इत्यादि का जांच करना है । लैबोरेटरी द्वारा चाय जांच करने हेतु एन ए बी एल (नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेटरीज) प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

महत्वपूर्ण सभाएं :

- 7 सदस्यों वाली ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने 22-27 नवम्बर , 2015 के दौरान आयोजित पहली इंडो-ईरान संयुक्त कार्य - दल बैठकों में भाग लेने हेतु भारत का दौरा किया था । कीटनाशक अवशिष्ट , भारी धातुओं एवं गुणवत्ता संबंधी अन्य नियामक मामलों पर भारत के मुद्दों , चिंता एवं नजरियों का ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा हुई थी ।
- अनुसंधान निदेशक ने 14-16 अक्टूबर , 2015 में आयोजित एफएओ आईजीजी बैठक में भाग लेने हेतु इटली का दौरा किया था । उन्होंने विभिन्न तकनीकी दलों पर हुए चर्चों में भाग लिया था।
- **अनुसंधान अधिकारी ने सीसीपीआर(सेंटर फॅर सिविल एंड पोलोटिकल राइटस) के 47वीं सत्र हेतु आगे की कार्रवाई हेतु कृषि भवन , नई दिल्ली में 13 नवम्बर को आयोजित शैडो समिति के बैठक में भाग लिया था । चाय से संबन्धित मुद्दों पर चर्चा हुई थी जिसमें 2016 में सीसीपीआर अनुसूची के अनुसार टी बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किए गए जीएपी आंकड़ा भी शामिल था ।**

- अनुसंधान निदेशक ने 22 दिसंबर , 2015 में आयोजित सभी राष्ट्रीय बोर्ड के प्रतिनिधियों एवं आईसीएआर (इंडियन काउसिंल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) अधिकारियों के बीच विमर्श सभा में भाग लेने हेतु नई दिल्ली का दौरा किया था । इस बैठक में कृषि आधारित वस्तुओं के त्वरित संवर्धन हेतु कृषि विश्वविद्यालयों एवं विभिन्न कमोडिटी बोर्ड के बीच मजबूत संपर्क विकसित करने हेतु चर्चा हुई थी ।
- अनुसंधान अधिकारी ने अनुसंधान कार्यकलापों की जाँच-पड़ताल हेतु दार्जिलिंग चाय अनुसंधान व विकास केंद्र एवं टीआरए, नागरकाटा के दोनों केन्द्रों का दौरा 20-22 जनवरी, 2016 के दौरान किया था । उन्होंने विश्व व्यपार संगठन (डबल्यूटीओ) के सदस्य देशों द्वारा जारी किए गए एसपीएस अधिसूचना के प्रतिक्रिया की समीक्षा हेतु बुलाये गए बैठक में भाग लेने हेतु 29 जनवरी, 2016 को नई दिल्ली का भी दौरा किया था ।
- अध्यक्ष, टी बोर्ड के नेतृत्व में, चाय उद्योग (उत्पादक व व्यापारी निर्यातक) के वरिष्ठ सदस्यों एवं वैज्ञानिकों द्वारा गठित 22 सदस्यों वाली भारतीय चाय प्रतिनिधिमंडल ने 14-18 फरवरी, 2016 के दौरान ईरान (तेहरान व तबरीज़) का दौरा किया था । प्रतिनिधिमंडल का विभिन सरकारी विभागों के साथ कई बैठकें हुई थी जिसमें इंडो-ईरान संयुक्त कार्य दल (जेपीजी) बैठक, स्वास्थ्य मंत्रालय, ईरानी राष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसआरआई), ईरान सीमा शुल्क का ईरानी गणराज्य, तेहरान चंबर ऑफ कॉमर्स एवं क्रेता-विक्रेता मिलन कार्यक्रम (बीएसएम) इत्यादि भी शामिल था ।

5 जनवरी 2016 को सिलिगुड़ी में टी पार्क स्थित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का उद्घाटन करतीं हुई श्रीमती निर्मला सीतारमन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उपस्थित हैं। श्री एस. एस. अहलुवालिया माननीय सांसद, दार्जिलिंग एवं श्री आर. आर. रश्मि तत्कालीन अपर सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।

5 जनवरी 2016 को टी पार्क सिलिगुड़ी में नव उद्घाटित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में श्रीमती निर्मला सीतारमन माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए निदेशक (अनुसंधान) डॉ. विश्वजीत बेरा उपस्थित हैं। माननीय श्री एस.एस. अहलुवालिया, माननीय सांसद दार्जिलिंग एवं श्री आर.आर. रश्मि तत्कालीन अपर सचिव वाणिज्य वं उद्योग मंत्रालय।

दिनांक 5 जनवरी 2016 को टी पार्क सिलिगुड़ी में नवउद्घाटित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का एक दृश्य।

मार्च 2016 में टी बोर्ड मुख्यालय में आयोजित चाय अनुसंधान संपर्क समिति की बैठक का एक दृश्य।

चाय संवर्धन

परिचय :

टी बोर्ड के प्रमुख कार्यों में से एक संवर्धनात्मक क्रियाकलाप संचालित करना है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत को गुणवत्ता को चाय का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाना है । भारतीय चायों के अनेक क़िस्मों एवं अनेक प्रकारों के प्रति जागरूकता में वृद्धि करने हेतु संवर्धनात्मक क्रियाकलापों में इस लक्ष्य के साथ तेजी लायी गयी है कि लक्षित बाज़ारों में भारतीय चायों की हिस्सेदारी बढ़े एवं साथ ही साथ घरेलू खपत में भी वृद्धि हो । चयनित देशों में केन्द्रित ध्यान दिया गया था, जहाँ पर निर्यात को बढ़ावा देने हेतु अधिक संभावनाएँ थे । निर्यात तथा विदेश में भारतीय ब्राण्डों के विपणन को बढ़ावा देने हेतु भारतीय निर्यातकों को भी सभी संभव सुविधा मुहैया कराई गयी थी । वर्ष 2015-16 में निर्यात में 232.92 मि.किग्रा. के साथ तेजी दर्ज की गयी थी, जो **2014-15** के तुलना में लगभग 34 मि.किग्रा. या 17% उच्चतर है । हासिल की गई यह मात्रा पिछले 35 सालों के दौरान निर्यात में दर्ज की गयी उच्चतम मात्रा थी ।

2015-16 के दौरान भारत में चाय खपत एवं भारत से निर्यात की समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान भारत ने 1233.14 किलोग्राम चाय का उत्पादन किया था जो देश में अभी तक दर्ज किए गए मात्रा में उच्चतम है । 2014-15 के तुलना में कुल चाय उत्पादन में 35.96 मि.किग्रा. की वृद्धि हुई थी (3% की वृद्धि) ।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय चाय ने और एक उपलब्धि हासिल की थी जब 35 वर्षों के बाद 230 मि.किग्रा. की सीमा को पार करते हुए निर्यात परिमाण में 232.92 मि.किग्रा. दर्ज की गयी थी जिसकी कीमत रु. 4493.10 करोड़ था । 1980-81 के दौरान भारत ने 231.74 मि.किग्रा. चाय निर्यात किया था । इससे पहले, 1976-77 एवं 1956-57 के दौरान भारत ने क्रमशः 242.42 मि.किग्रा. एवं 233.09 मि.किग्रा. चाय निर्यात किया था ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के तुलना में निर्यात किए गए चाय के परिमाण में 33.84 मि.किग्रा. (17%) की वृद्धि हुई थी । वहीं कीमत के नजरिए से रु. 669.46 करोड़ (17.51%) की वृद्धि हुई थी ।

निर्यात के परिमाण में यह वृद्धि केवल रूस, ईरान, जर्मनी, पाकिस्तान, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, यूके, पोलैंड एवं चीन को किए गए निर्यात में ही दर्ज की गयी थी ।

पिछले वर्ष के समरूप अवधि के तुलना में रिपोर्टाधीन वर्ष हेतु देशानुसार निर्यात विवरण अनुलग्नक - 2 में दिया गया है । संक्षेप में तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गयी है :

2015-16					2014-15				
मि. किग्रा. में परिमाण	रु. करोड़ में मूल्य	मि. यूएसडी में मूल्य	वृद्धि रु./ किग्रा.	वृद्धि ($/Kg.)	मि. किग्रा. में परिमाण	रु. करोड़ में मूल्य	मि. यूएसडी में मूल्य	वृद्धि रु./ किग्रा	वृद्धि ($/Kg.)
233	4493	687	192.90	2.95	199	3824	626	192.07	3.14

वर्ष 2015-16 के दौरान संवर्धनात्मक क्रियाकलापों की समीक्षा

वर्ष 2015-16 के दौरान टी बोर्ड भारतीय चाय के मांग में वृद्धि एवं रूस , कजाखस्तान , ईरान , मिश्र , संयुक्त राज्य अमेरिका , जर्मनी , यूके , जापान , संयुक्त अरब अमीरात , ऑस्ट्रेलिया , चीन के प्रमुख बाज़ारों में विपणन हिस्सेदारी में वृद्धि हेतु लंदन , मास्को एवं दुबई में अवस्थित अपनी दो समुद्रपारीय कार्यालयों तथा मुख्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार की संवर्धनात्मक क्रियाकलाप संचालित करती है । अन्य क्रियाकलापों में रूस, कजाखस्तान, ईरान, संयुक्त राज्य अमेरिका, मिश्र जैसे प्रमुख देशों में महत्वपूर्ण इवेंटों द्वारा भारतीय चाय की निरंतरता, बाजार विश्लेषण एवं उपभोक्ता प्रवृति पर नजर रखने, भारतीय चायों तथा एकल क्षेत्र निर्मित चायों की हिस्सेदारी को बढ़ाने हेतु विविध संवर्धनात्मक क्रियाकलापों में बोर्ड के प्रतीक चिन्हों के व्यवहार को लोकप्रिय बनाना है ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान चिन्हित देशों जैसे - ईरान, रूस, कजाखस्तान,यूएसए एवं मिश्र में 5-5-5 परियोजना के तहत परिकल्पित क्रियाकलापों को जारी रखना साल के महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक था । एक जैसे व्यापार एवं उपभोक्ताओं के साथ संपर्क बनाने हेतु "भारतीय चाय" को एक अति महत्वपूर्ण अम्ब्रेला ब्रांड के रूप में स्थान दिलाने हेतु यह परियोजना लक्षित था । मध्यम से लंबी अवधि तक "भारतीय चाय" हेतु महत्वपूर्ण ब्रांडों की वापसी के परिणाम की आशा की जा रही है ताकि लक्षित बाज़ारों के बाजार साझेदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकें ।

तक "भारतीय चाय" हेतु महत्वपूर्ण ब्रांडों की वापसी के परिणाम की आशा की जा रही है ताकि लक्षित बाज़ारों के बाजार साझेदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकें ।

ईरान एवं रूस के प्रमुख ओर्थोडॉक्स चाय बाज़ार एवं मिश्र के बड़े सीटीसी बाजार में क्रेता-विक्रेता मिलन पर विशेष ज़ोर देते हुए व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान -प्रदान पर ज्यादा ज़ोर दिया गया था । ईरान के लिए, अक्टूबर 2015 के दौरान ईरान से भारत में एक प्रतिनिधिमंडल आया था एवं भारत तथा ईरान (आईएसआईआरआई मानक) में अनुसरण किए जाने वाले गुणवत्ता व सुरक्षा प्रोटोकाल, जीएमपी पंजीकरण व नवीनीकरण, ईरानी सीमा-शुल्क निर्धारण इत्यादि जैसे विविध मुद्दों पर ध्यान देने हेतु फरवरी 2016 में अध्यक्ष, टी बोर्ड भारत के नेतृत्व में भारत का एक प्रतिनिधिमंडल ईरान गया था ।

रूस के लिए, सितंबर 2015 के दौरान एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल रूस गया था एवं उसी समय "वर्ल्ड फूड मास्को" में भी हमारी भागीदारी भी हुई थी जिसमें रुपया-रुबल व्यापारिक तंत्र संबन्धित रणनीतिक मुद्दों, प्रतिष्ठित रीटेल शृंखलाओं द्वारा भारतीय चाय का संवर्धन , मनमाने सीमा-शुल्क निर्धारण के साथ - साथ नमूना चाय भेजने में समस्याओं, कुछ भावी क्रेताओं को भारतीय चाय सतत मुहैया कराने हेतु संभावित समझौतों इत्यादि जैसे मुद्दों पर पर आपसी विचार-विमर्श किए गए थे।

मिश्र के लिए, मार्च 2016 के दौरान उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक व्यापरिक प्रतिनिधिमंडल मिश्र गया था । मिश्र की आपूर्ति व आंतरिक व्यापार मंत्रालय (एमएसआईटी) द्वारा भारतीय चाय के आयात की असीम संभावनाओं , मूल्य वर्धन क्रियाकलापों संचालित करने हेतु मिश्र के क्रेताओं के साथ जे वी इकाई स्थापित करने हेतु सहयोग एवं काहिरा तथा अलेक्सजेंडरीया में चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भारतीय चाय का स्थायी संवर्धन हेतु साझेदारी के संबंध में अत्यंत सफल साबित हुई है ।

अगले तीन वर्षों के लिए एक कंपित ढंग से नई निर्यात रणनीति के कार्यान्वयन का उद्योग के साथ परामर्श कर मूर्तरूप दिया गया था।

भारतीय चाय के निर्यात में बढ़ोतरी के साथ-साथ स्वदेशी बाजार में भारतीय चाय की खपत हेतु समुद्रपारीय एवं घरेलू दोनों संवर्धनतमक क्रियाकलापों का पर्यवेक्षण चाय संवर्धन विभाग द्वरा किया जाता है । समुद्रपारीय बाज़ारों में संचालित किए जा रहे संवर्धनतमक कार्यकलापों का पर्यवेक्षण मास्को, दुबई के साथ - साथ प्रधान कार्यालय द्वारा भी किया जाता है ।

भारत ने अमेरीका, जापान और कनाडा की चाय परिषदों की सदस्यता को जारी रखा और चाय परिषदों द्वारा आयोजित सामान्य चाय को बढ़ावा देने से लाभ भी हुआ।

वर्ष 2015-16 के दौरान टी बोर्ड भारत द्वारा ग्यारह (11) अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लिया गया और क्रेता व विक्रेताओं के बीच दो तरह के आदान-प्रदान को प्रभावशाली बनाने के लिए तथा भारतीय चाय को स्ट्रीमिंग अगंतुकों के बीच स्वास्थ्य एवं तंदुरस्ती रखने वाली पेय के रूप में उसके फायदे को प्रचार करने के लिए एक (1) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया गया। ईतर देशों के महत्वपूर्ण प्रकाशनों में विज्ञापन के माध्यम से चाय के गुणों का चित्रण किया गया । इसके अलावा, टी बोर्ड भारत ने इसी अवधि के दौरान सत्रह (17) घरेलू व्यापार के विभिन्न स्थानों पर मेले में भाग लिया।

बाजार संवर्धन योजना (एमपीएस) के तहत संवर्धनात्मक क्रियाकलाप निम्नलिखित शीर्षों के तहत संचालित की गयी थी :

1) समुद्रपारीय संवर्धन

- मुख्य रूप से प्रजातिगत चायों के संवर्धन हेतु बोर्ड के मुख्यालय एवं तीन विदेशी कार्यालयों द्वारा यूएसए व कनाडा के चाय परिषदों, जापान चाय संघ, मेलों एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी, क्रेता-विक्रेता बैठकों के व्यवस्था द्वारा व्यापार सरलीकरण, बाजार सूचनाओं का प्रसार इत्यादि क्रियाकलापें की गयी गयी थी ।
- परियोजना 5-5-5 के तरह पाँच चिन्हित देशों संबन्धित क्रियाकलापों की रूपरेखा बनायी गयी थी, जहाँ "इंडिया टी" हेतु ब्रांड वापसी प्रेरण के विशिष्ट उद्देश्यों के साथ केन्द्रित क्रियाकलापें कार्यान्वित की जा रही है ।

2) **घरेलू संवर्धन**

- प्रजातिगत चाय संवर्धन अभियान चलाया गया, जिसमें शामिल हैं - देशी मेलों व प्रदर्शनियों में भागीदारी (अनुलग्नक-1 में एक तालिका दी गयी है) एवं विविध प्रिंट मीडिया में विज्ञापन देना । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान टी बोर्ड द्वरा भाग लिए गए देशी इवेंटों की तालिका अनुलग्नक-2 में दी गयी है ।
- नवयुवकों एवं गृहणियों को शामिल करने के लक्ष्य हेतु कुछ चयनित नगरों में बी-2-सी अभियान चलाया गया ।
- टी बोर्ड के मुंबई में अवस्थित "टी सेंटर" द्वरा सेवा प्रदान करना जारी रखा गया है एवं उपभोक्ताओं के बीच भारतीय चाय के गुणवत्ता छवि के प्रसार हेतु गुणवत्ता चाय का विक्रय करता है ।

प्रचार-सामग्री तैयार करना

- भारतीय चाय के विभिन्न पहलुओं पर विविध प्रचार-सामग्री / विवरण-पुस्तिका तैयार किए गए एवं छपवाए गए जो उद्योग के द्वारा सम्पूर्ण रूप से स्वीकृत की गयी ।

निर्यातकों को प्रोत्साहन

- आईसीडी अमीनगाँव, असम द्वारा निर्यात किए गए चायों हेतु यातायात सहायिकी प्रदान की गयी ।
- समुद्रपारीय बाज़ारों के व्यापारिक मेलों में भाग लेने हेतु योग्य निर्यातकों को यात्रा एवं भागीदारी लागतों का प्रतिपूर्ति भी दिया गया ।

बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण एवं प्रवर्तन

- दार्जिलिंग चायों के संरक्षण एवं प्रमुख बाज़ारों में इसकी भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु गहन निगरानी तंत्र लागू किया गया है, जो सुनिश्चित किया गया है - i) असल दार्जिलिंग चाय के सभी विक्रेताओं को प्रमापित ट्रेड मार्क प्रशासन के तहत अनुज्ञापित किया गया है, एवं ii) भारत एवं विदेशों में दार्जिलिंग चाय के रूप में विक्रय होने वाली सभी चाय असल है ।

12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के प्रथम तीन वर्षों के दौरान किए गए व्यय :

(करोड़ रुपया में)

मुख्य शीर्ष	**2015-16**	**2014-15**	**2013-14**	**2012-13**	**11वीं योजना कुल (2007-12)**
घरेलू संवर्धन	1.56	1.15	0.86	1.49	19.48
समुद्रपारीय संवर्धन	5.59	6.99	9.14	7.18	19.71
व्यापार संबंधी क्रियाकलापें	0.32	1.22	0.38	0.76	13.39
निर्यातकों / संघों को प्रोत्साहन	2.58	2.67	5.94	0.11	23.20
प्रचार सामग्री	1.18	2.09	1.72	1.94	5.27

विधिक / परामर्शी	0.94	1.24	0.49	1.40	3.43
ई-नीलामी	0.01	3.99	1.21	3.86	16.39
विविध	1.07	1.39	0.94	0.43	7.61
कुल	**13.25**	**20.74**	**20.68**	**17.17**	**108.48**

बोर्ड के मुख्यालयों द्वारा संचालित किए गए कार्य-कलापें

1. समुद्रपारीय कार्यालयों के साथ-साथ देशी बाज़ारों के अधीन नहीं आने वाले व्यापरिक मेलों एवं प्रदर्शनियों में बोर्ड की भागीदारी का व्यवस्था करना ।
2. बोर्ड के प्रतिनिधिमंडलों के दौरों की व्यवस्था करना, महत्वपूर्ण देशों जैसे - रूस व ईरान के अंतर्राष्ट्रीय बैठकों एवं क्रेता-विक्रेता मिलन में भागीदारी हेतु चाय प्रतिनिधिमंडलों को ले जाना, प्रमुख देशों जैसे ईरान से आने वाले व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों की व्यवस्था करना ।
3. चाय व्यापार के साथ संपर्क-कार्य स्थापित करना, व्यापारिक पूछताछों का जवाब देना, ईरान जैसे प्रमुख बाज़ारों के गुणवत्ता व सुरक्षा विनियम संबन्धित विविध मुद्दों को देखना, निर्यात के साथ-साथ बाजार एवं व्यापारिक सूचना के प्रसार संबन्धित तरक्की के संबंध में चाय व्यापारियों को अवगत कराना ।
4. भारतीय चाय के छवि को बनाए रखने एवं लोगों की प्रवृत्ति को टी बोर्ड के प्रति सकारात्मक रूप से बनाए रखने हेतु प्रभावित करना ।

विविध मेलों एवं प्रदर्शनियों में तथा समय-समय पर विविध स्त्रोतों से सूचना प्रसार के अंश के रूप में प्राप्त व्यापारिक सूचनाओं को उद्योग के सदस्यों के साथ साझा किए गए ।

समुद्रपारीय संवर्धन

समुद्रपारीय कार्यालयों द्वारा संवर्धनात्मक क्रियाकलापें

मास्को कार्यालय

मास्को कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले देशों का नाम
टी बोर्ड का लंदन कार्यालय स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल देशों (सीआईएस राष्ट्रों) जैसे - रूस, कजाखस्तान, यूक्रेन, उज्बेकिस्तान, अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान, बेलारूस, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान, जार्जिया, आर्मेनिया, मॉल्डोवा एवं लातविया, एस्टोनिया व लिथुनिया के बाल्टिक राष्ट्रों में भारतीय चाय के संवर्धन का देख - रेख करती है ।

स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल देशों (सीआईएस क्षेत्र) के प्रमुख देशों में चाय का बाजार आकार

देश	**बाजार आकार मि. किग्रा.**	**प्रति व्यक्ति उपभोग / प्रति वर्ष**
रूस	151	1.27
कजाखस्तान	31	1.50
यूक्रेन	19	0.94
उज्बेकिस्तान	17	0.80

सीआईएस क्षेत्रों में कुल बाज़ार आकार का आकलन 241 मिलियन किग्रा किया गया है एवं इस क्षेत्र में उपरोक्त देश सामूहिक रूप से 90% चाय का आयात करता है ।

<u>रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित इवेंटों हेतु टी बोर्ड भारत की भागीदारी व्यवस्थित की गयी थी :</u>

(क) **<u>व्यापारिक मेलों एवं प्रदर्शनियों के द्वारा संवर्धन</u>**

1) दिनांक 14-17 सितंबर 2015 के दौरान वर्ल्ड फूड मास्को ।

2) दिनांक 3-8 नवम्बर 2015 के दौरान कजाखस्तान के अल्माती में आयोजित वर्ल्ड फूड कजाखस्तान में भागीदारी ।

दिनांक 4-6 नवम्बर, 2015 के दौरान अल्माती, कजाखस्तान में आयोजित वर्ल्ड फूड कजाख में टी बोर्ड भारत ने टी बोर्ड पवेलियन से प्रदर्शनी करते हुए निम्नलिखित निर्यातकों के साथ भाग लिया :

i) मेसर्स विक्रम इंपेक्स
ii) मेसर्स जयश्री टी एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड
iii) मेसर्स क्रोमेटन एक्स्पोर्ट्स
iv) मेसर्स गिरनार फूड प्रोडक्टस
v) मेसर्स प्रिमियर्स टी लिमिटेड

टी बोर्ड के पवेलियन के तहत टी बूथ पर आयोजित चाय नमूना चयन कार्यक्रम के तहत एक स्फूर्तिकारक फुटबाल मैच भी आयोजित किया गया था । इस कार्यक्रम में बड़े संख्या में व्यपारिक पूछताछ भी हुई थी ।

(ख) 14-17 सितंबर, 2015 के दौरान रूस में भारतीय चाय प्रतिनिधिमंडल द्वारा किए गए दौरा का निम्नलिखित परिणाम था :

1. चाय आपूर्ति हेतु अहमद टी कंपनी, ओरिमी ट्रेड, फूड एंपायर जैसे प्रतिष्ठित पैकरों के साथ एक - एक बैठकें आयोजित की गयी थी ।

2. स्टोर द्वारा संवर्धन हेतु संबंध बनाने हेतु 7 कोंटीनेंट, माइग्निट, ईकोस जैसे नामी रीटेल चैन्स के साथ भी बैठकें आयोजित हुई थी ।

3. भविष्य में भारतीय चाय के बड़े पैमाने पर संवर्धन हेतु श्री रमीज चंटरिया, महानिदेशक, रूस टी कॉफी असोशिएशन के साथ एक-एक कर बैठकें भी आयोजित हुई थी ।

दुबई कार्यालय

दुबई कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले देश
टी बोर्ड का दुबई कार्यालय पश्चिम एशिया, उत्तर अफ्रीका सहित कुवैत, ईरान, इराक, बहरीन, यूएई, सऊदी अरब, ओमान, कतर, येमेन, जॉर्डन, सिरिया, एआरई(मिश्र), लिबया, सूडान, टूनीसिया, अल्जीरिया, मोरक्को, टर्की, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भारतीय चाय के संवर्धनात्मक कार्यों की देख-रेख करती है ।

बाजार परिदृश्य

भारतीय चायों का लगभग 35% भाग पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीकी (वाना) देशों में निर्यात होता है। इन देशों में विशेषकर यूएई, ईरान, मिश्र, पाकिस्तान , सऊदी अरब एवं अफगानिस्तान में प्रति व्यक्ति उपभोग उच्च है एवं चाय को थोक माल के रूप में आयात किया जाना जारी है तथा भविष्य में इसमें वृद्धि होने की संभावनाएं है ।

वाना क्षेत्रों (इस क्षेत्र में कुल बाजार आकार की 518 मि. किग्रा. या 84% के साथ संयुक्त आयात बाजार की संयुक्त भागीदारी के साथ) में यूएई (दुबई), ईरान, इराक, सऊदी अरब, मिश्र, पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं लीबिया प्रमुख बाजार है । मूल्य एवं गुणवत्ता के नजरिए से मध्य पूर्व बाजार अधिक प्रतिस्पर्धी है। यहाँ चाय अधिकांश रूप से दूध के साथ पिया जाता है एवं पसंद के लिए चाय का रूप - रंग सर्वप्रथम मानदंड है । चाय के प्रमुख उपभोग क्षेत्र होने के कारण अफ्रीकी चाय अपनी मूल्य प्रतियोगितात्मकता एवं गुणवत्ता में जलवायु संबंधी बहुत कम बदलाव होने के कारण इन बाज़ारों में जगह बना रही है । फिर भी, यह देखा गया है कुछ देशों जैसे - ईरान, सिरिया, सऊदी अरब, जो पारंपरिक रूप से ओर्थोडोक्स चाय को तरजीह देते है, हाल के समय में सीटीसी चाय की मांग में वृद्धि हो रही है । यूएई में भारत एवं पाकिस्तान के प्रवासियों की तादाद ज्यादा होने के कारण सीटीसी चाय बहुत लोकप्रिय है ।

संयुक्त राज्य अमीरात (यूएई)

अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति एवं उत्तम संभार तंत्र एवं भंडारण सेवाओं के कारण विशेषकर दुबई टी ट्रेडिंग सेंट (डीटीटीस) के तहत दुबई मल्टी - कमोडिटी सेंटर के अंदर जेबेल अली फ्री जोन के कारण यूएई, अंतर्राष्ट्रीय चाय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है । डीटीटीसी एक मात्र अंतर्राष्ट्रीय पुनः निर्यात चाय केंद्र होने कारण भंडारण, मिश्रण, आस्वादन एवं पैकेट बनाने के लिए चाय व्यापारियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करती है । इसका बाजार आकार लाभग 86 मिलियन किलोग्राम का है । कुल वैश्विक पुनः निर्यात में यूएई का भागीदारी लगभग 70% है । यूएई में पुनः निर्यात का 86% भौगोलिक वितरण तीन देशों : इराक(42%) , ईरान(21%) एवं रूस(23%) में देशित था।

यद्यपि यूएई का घरेलू बाजार लघु जनसंख्या के कारण चाय के लिए बहुत बड़ा नही है, तथापि यह पुनः चाय निर्यात बाजार केंद्र के रूप में बहुत बड़ा है। यहाँ के बाजार में मुख्य रूप से टी बैग एवं पैकेट टी हावी है एवं ओर्थोडॉक्स चाय (पत्ती/खंडित) का स्थिर बाजार है । सीटीसी ग्रेड जैसे- बीओपी, बीपी, पीडी मुख्य रूप से टी बैग में उपयोग किया जाता है । फिर भी जहां पैकेट चाय में शुद्ध असम सीटीसी

उपलब्ध है, वहीं भारतीय एवं केन्याई चाय या शुद्ध श्रीलंकाई चायों की मिश्रण द्वरा निर्मित टी बैग का भी प्रयोग किया जाता है ।

मिश्र अरब गणराज्य

83 मिलियन जनसंख्या वाली मिश्र का अरब गणराज्य का बाजार आकार 103 मिलियन किलोग्राम है एवं प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति उपभोग 1.22 किलोग्राम है । सरकार जन वितरण हेतु 25-20-मिलयन किलोग्राम चाय आयात करती है एवं बाकी मांगो की पूर्ति निजी कंपनियों द्वारा की जाती है । सामग्री महाप्राधिकार (जीएएससी)यह निर्णय लेने के लिए उत्तरदायी होता है कि सरकार को चाय की कितनी मात्रा जरूरत है एवं उतनी ही मात्रा सार्वजनिक क्षेत्र की दो संगठनों जैसे -मेसर्स ईएल नसर एक्सपोर्ट एंड इम्पोर्ट को तथा मेसर्स मिस्र एक्सपोर्ट एवं इम्पोर्ट कंपनी द्वारा खरीदी जाती है । अब निजी कंपनियाँ चाय का आयात कर रही हैं । फिलहाल मिश्र सेना ने अपने प्रयोग हेतु भारत से प्रत्यक्ष रूप से चाय का आयात करना आरंभ कर दिया है ।

यहाँ की बाजार मांग मुख्यतः सीटीसी चूर्ण एवं फेनिंग्स के लिए है । 95% सीटीसी के रूप में उपभोग के साथ चाय (चूर्ण एवं फेनिंग्स) यहाँ का पसंदीदा पेय है । साधारणतः चायें थोक रूप में आयात की जाती है, फिर घरेलू उपभोग के लिए निजी कंपनियों द्वारा मिश्रित एवं पैक की जाती है । पैकेट चाय की कम मात्रा भी आयात की जाती है। "टी बैग्स" एक छोटा एवं धीरे-धीरे बढ़ने वाला क्षेत्र है । भारत की 6% एवं श्रीलंका की 3% की भागीदारी के तुलना में केन्या अभी भी 88% आयात हिस्सेदारी के साथ जबर्दस्त बहुमत रखता है ।

ईरान

14 मिलियन किलोग्राम चाय उत्पादन के साथ ईरान चाय उत्पादक देश है । प्रति वर्ष 1.05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति उपभोग के साथ वार्षिक उपभोग लगभग 68 मिलियन किलोग्रा है (मुख्यतः आर्थोडॉक्स टी)। ईरान ने 2013 के 80 मि. किग्रा. (24% ह्रास) की तुलना में 2014 में लगभग 61 मि.किग्रा.ओर्थोडोक्स चाय का आयात किया था । ईरान ने कुल उत्पादन का लगभग 9%सीआईएस देशों - यूएई, अफगानिस्तान इत्यादि देशों में पुनः निर्यात किया । हालांकि ईरानी चाय खराब गुणवत्ता वाली होती है, इसे आयातीत चाय के साथ मिश्रित करके घरेलू बाजार में उपभोग योग्य बनाया जाता है । उपभोग के अनुसार 90% ओर्थोडोक्स एवं 10% सीटीसी का मिश्रण होता है । उच्च गुणवत्ता वाली सीटीसी चाय की ग्रहणशीलता के साथ टी बैग का बाजार भी बढ़ रहा है ।

वर्ष 2014 के दौरान ईरान ने 16.60 मि. किग्रा. (27%) चाय भारत से आयात किया था । ईरान को चाय आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश श्रीलंका (44%) है, इसके बाद भारत है ।

सऊदी अरब

सऊदी अरब में चाय संस्कृति अभी भी बहुत मजबूत है, जो उनकी परिवार एवं सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है । हालांकि कॉफी के परिमाण में तीव्र वृद्धि दिखाई दे रही है, गर्म पेय के श्रेणी में चाय अभी भी पसंद किया जाता है। ब्लैक टी (16 मिलियन किलोग्राम का अनुमानित परिमाण) का समूहिक रूप से 69% हिस्सेदारी में चार देशों -भारत(18%) , श्रीलंका(27%) , केन्या(20%) तथा वियतनाम(9%) आयात के साथ मजबूत बना हुआ है । उपभोक्ता मुख्यतः आर्थोडॉक्स चाय पसंद करता है, फिर भी यहाँ सीटीसी चूर्ण का स्थिर बाजार है।

भारतीय चाय (मुख्यतः सीटीसी चाय) का निर्यात हेतु **पाकिस्तान** एवं **अफगानिस्तान** दो महत्वपूर्ण बाजार है । पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान का बाजार आकार तथा प्रति व्यक्ति उपभोग क्रमशः 152मिलियन किलोग्राम व 0.73किलोग्राम प्रतिवर्ष तथा 53मिलियन किलोग्राम व 2.73किलोग्राम प्रति वर्ष है ।

2015-16 के दौरान पाकिस्तान ने 19.37 मिलियन किग्रा. भारतीय चाय प्रमुख रूप से सीटीसी किस्म का आयात किया था , जो 2014-15 के तुलना में 4.17 मिलियन किलोग्राम (27.43%) अधिक था । 2015-16 के दौरान अफगानिस्तान ने भारत से लगभग 1.2 मिलियन किग्रा. चाय का आयात किया था।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों हेतु टी बोर्ड भारत की भागीदारी सुनियोजित की गयी थी :

(क) <u>व्यापारिक मेलों एवं प्रदर्शनियों द्वारा संवर्धन</u>

1) <u>नवम्बर 14-17, 2015 के दौरान वर्ल्ड ऑफ टी, तेहरान में भागीदारी</u>

टी बोर्ड ने 72 वर्ग मीटर के स्टैंड पर बने हुए टी बोर्ड पवेलियन से प्रदर्शनी करने वाले निम्नलिखित निर्यातकों के साथ नवम्बर 14-17 , 2015 के दौरान वर्ल्ड ऑफ टी, तेहरान में भाग लिया था :

i) शाह ब्रदर्स

ii) जे.वी. गोकल प्राइवेट लिमिटेड

iii) लक्ष्मी टी लिमिटेड

iv) टीम यूनाइटेड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड

v) यूनाइटेड नीलगिरी टी इस्टेट कंपनी लिमिटेड (चामराज)

vi) इंदरचंद सीताराम

गहन एवं केन्द्रित इंटेरेक्शन्स के साथ "चाय" पर एक विशिष्ट प्रारूप में एक विशेषीकृत प्रदर्शनी आयोजित हुआ था । सुनियोजित एवं सुंदर तरीके से लगाए गए टी बोर्ड ऑफ इंडिया लाउंज में ईरानी गृह मंत्रालय के 2 अधिकारियों एवं ईरानी चाय संघ के अध्यक्ष सहित काफी संख्या में दर्शक आए थे । ईरानी बाजार हेतु शाह ब्रदर्स, जे.वी. गोकल प्राइवेट लिमिटेड, लक्ष्मी टी, टीम यूनाइटेड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड जैसे अनुभवी निर्यातकों के साथ-साथ यूनाइटेड नीलगिरी टी इस्टेट कं. लि. जैसे नए निर्यातकों के लिए व्यापारिक नेतृत्व के निर्माण के नजरिए से यह प्रदर्शनी सफल साबित हुआ था ।

2) 21-25 फरवरी , 2016 के दौरान आयोजित गल्फ फूड , दुबई में भागीदारी

टी बोर्ड भारत ने मध्य पूर्व के सबसे बड़ा गल्फ फूड , 2016 में 57 वर्ग मीटर के स्थान से निम्नलिखित आठ निर्यातकों के साथ भाग लिया था :

i) प्रीमियर्स टी लिमिटेड - का 37 देशों में ब्रांड उपस्थिती है ,

ii) गोल्डेन टिप्स टी को. प्रा. लि. - का चीन , मध्य पूर्व , जापान एवं सीआईएस देशों में ब्रांड उपस्थिती है,

iii) जे.वी. गोकल प्राइवेट लिमिटेड - अंतर्राष्ट्रीय चाय ब्रांडो को अपनी सेवा देते हुए सबसे बड़ा निजी लेवल पैकर है,

iv) साकेत इंपेक्स - थोक निर्यातक,

v) यूनाइटेड नीलीगीरी प्लांटेशन्स - थोक एवं पाकेट का निर्यात करने वाले प्रमुख दक्षिण भारतीय रोपण,

vi) वेराइटी फूड प्रोडक्टस - मुख्यतः कैफे वगेरह में सेवा प्रदान करता है,

vii) आदित्य ट्रेडिंग को. - खाड़ी में केन्द्रित थोक एवं पैकिंग किया हुआ उत्पाद,

viii) जयश्री टी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड - मुख्य रूप से थोक में कारोबार करने वाला भारत के सभी हिस्सों में स्थित बगानों के साथ बड़ा उत्पादक है ।

श्री संतोष सारंगी, संयुक्त सचिव (वाणिज्य विभाग , भारत सरकार) व अध्यक्ष , टी बोर्ड एवं श्रीमति अनीता कर्ण, निदेशक (रोपण, वाणिज्य विभाग , भारत सरकार) ने अपनी उपस्थिती से टी बोर्ड पवेलियन का शोभा बढ़ाये ।

इस भागीदारी की प्रमुख विशेषताएँ निमन्वत है :

- ✓ टी बोर्ड बूथ पर निरंतर तरल चाय का नमूना चयन एवं चाय आस्वादन कार्यक्रम आयोजित किया गया था,
- ✓ ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, कुवैत से आए व्यापारिक पूछताछ को शामिल करते हुए अनेकों व्यापारिक पूछताछ अंत्यन्त उत्साहवर्धक था,
- ✓ असम सीटीसी चाय के लिए अधिकतम व्यापारिक पूछताछ थी,
- ✓ कुछ पुराने व्यापरिक संबंधें जो हमने श्रीलंका के समक्ष खो दिये थे, भारत के पास पुनः वापस आने हेतु इच्छा जताए हैं,
- ✓ भारतीय चाय की दुबई के बाजार में बहुत मांग है एवं लोग अच्छी गुणवत्ता वाली भारतीय चाय हेतु भुगतान हेतु तैयार हैं,
- ✓ इस इवैंट में भागीदारी के अतिरिक्त दुबई टी ट्रेडिंग सेंटर, जो जेबेल आली फ्री ज़ोन में अवस्थित दुबई मल्टी कोमोडिटी सेंटर का एक अंश है, में एक दौरा भी किया गया था । इस दौरा के दौरान टी बोर्ड के अध्यक्ष सहित निदेशक (रोपण) एवं श्रीमति सुनीथा मुर्थी (ग्रहक संबंध प्रबन्धक) व डीटीटीसी के प्रतिनिधि श्री अजय कुमार (व्यापार विकास प्रबन्धक) के बीच एक इंटेरेक्शन्स भी आयोजित की गयी थी ।
- ✓ टी बोर्ड के अध्यक्ष ने भारत में चाय हेतु वैसा ही सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करने हेतु टी बोर्ड एवं डीएमसीसी/डीटीटीसी के बीच जेवी साझेदारी हेतु संभावना तलाशने पर अपना विचार व्यक्त किया था ।
- ✓ इंडिया पवेलियन का एक और दौरा वैश्विक गाँव (ग्लोबल विलेज), दुबई में आयोजित किया गया था एवं निदेशक (रोपण) ने राजदूत (वाणिज्य) व चाय संवर्धन के कार्यकारी निदेशक - दुबई को भारी संख्या में पर्यटकों के आने के कारण इस स्थान पर एक टी बुटीक / सेवा केंद्र स्थापित करने हेतु संभावना तलाशने हेतु निदेश दिया है ।

(ख) 2015-16 के दौरान भारतीय चाय प्रतिनिधिमंडल एवं ईरानी तथा मिश्र के चाय प्रतिनिधिमंडल के आपसी दौरों का निम्नलिखित परिणाम था :

(1) **23-26 नवम्बर , 2015 के दौरान ईरान से आए प्रतिनिधिमंडल**

वार्ता के दौरान भारत एवं ईरान के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा गठित संयुक्त कार्य दल(जेडब्ल्यूजी) निम्नलिखित हेतु सहमत हुए थे :

i) सीआईबी व आरसी के तालिका में नहीं स्थित 6 कीटनाशकों के एमआरएल में समंजस्य /आरोही संसोधन

ii) **4** भारी धातुओं जैसे - सीसा, कैडमियम, आर्सेनिक एवं मर्करी के एमआरएल का आरोही संसोधन

iii) चिन्हित कीटनाशकों के संबंध में जोखिम मूल्यांकन आंकड़ा एवं कार्यप्रणाली की प्रस्तुति

(2) **14-18 फरवरी, 2016 के दौरान ईरान में गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल**

i) भारत द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों का ईरान द्वारा 5 कीटनाशकों के एमआरएल में वास्तविक स्तर तक आरोही संसोधन हेतु प्रयोग किया जाएगा ।

ii) चाय में एमआरएल स्थिरीकरण हेतु अतिरिक्त कीटनाशकों हेतु आंकड़ा ईरान को दिया जाएगा ।

iii) भारी धातुओं (सीसा, कैडमियम, आर्सेनिक एवं मर्करी) हेतु ईरान द्वारा प्रस्तावित निम्न एमआरएल को काफी हद तक वाणिज्य को प्रभावित किए वगैर अलारा सिद्धांत का अनुसरण कर देखा जाएगा ।

iv) जीएमपी प्रमाणपत्रों का पंजीकरण एवं फिलहाल 3 वर्षों हेतु जारी किए जाने वाली मान्यता को ईरान द्वारा निर्यात इकाइयों के गुणवत्ता मूल्यांकन करने के पश्चात 3 वर्षों हेतु नवीनीकृत किया जाएगा ।

v) जीएमपी प्रमाणपत्र के नवीनीकरण हेतु आवेदन की प्रस्तुति 3 महीने पूर्व की जानी चाहिए ।

vi) ईरान द्वारा आयात किए गए विभिन्न श्रेणियों हेतु मासिक औसत नीलामी कीमत आंकड़ा निम्नतम सीमा-शुल्क निर्धारण को जारी रखने हेतु सीमा-शुल्क विभाग , ईरान को सौंपा जाएगा ।

(3) **19-23 मार्च के दौरान मिश्र में गए भारतीय प्रणिधिमंडल**

i) आपूर्ति व आंतरिक वाणिज्य मंत्रालय (एमएसआईटी), मिश्र एवं टी बोर्ड व आईटीए के साथ रणनीतिक संबंध विकसित कर भारतीय चाय के निर्यात में संभावना । मिश्र

सरकार लगभग 30 मिलियन किलोग्राम चाय आयात करती है एवं विभिन्न विक्रय-केन्द्रों में आपूर्ति करता है ।

ii) कार्य-विधि तैयार करने हेतु टी बोर्ड , आईटीए व आपूर्ति व घरेलू व्यापार मंत्रालय को लेकर एक समिति गठित किया गया था । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय , भारत सरकार को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है ।

iii) मिश्र सरकार किसी भी प्रकार के मैत्री के लिए तैयार है । मूल्य वर्धन कार्यकलापों हेतु जेवी इकाई की स्थापना की संभावना हेतु मिश्र में निर्यात व मिश्र से पुनः निर्यात हेतु मिश्र के कंपनियों के साथ साझदारी हो रहीं है । वे सहयोग हेतु ईजिप्सियन शुगर एवं एकीकृत कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु प्रस्ताव भी कर रहे हैं ।

iv) भारतीय चायों की प्रदर्शनी हेतु 23 अप्रैल - 7 मई, 2016 तक आयोजित 'इंडिया बाई नील वीक' में भागीदारी ।

v) मिश्र में भारतीय चाय के संवर्धन एवं सपर्क स्थापन हेतु स्थानीय परामर्शदाता की नियुक्ति ।

vi) काहिरा एवं एलेक्सजेंड्रिया में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से भारतीय चाय का मौलिक संवर्धन ।

समुद्रपारीय कार्यालय के अधीन आने वाले देशों के अलावा दूसरे देशों में संवर्धनात्मक कार्यकलापें

विदेश में अवस्थित विशिष्ट शिष्टमंडलों के सक्रिय सहयोग से टी बोर्ड का प्रधान कार्यालय विभिन्न प्रकार की संवर्धनात्मक कार्यकलापें संचालित करती है एवं निम्नलिखित प्रमुख देशों में बाजार स्थितियों का निगरानी भी करता है ।:

संयुक्त राज्य अमेरिका

वर्ष 2014 के दौरान भारत से 14.61 मि. किग्रा. आयात के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के पास 2015 में लगभग 130 मिलियन किलोग्राम का अनुमानित बाजार आकार था । पौष्टिक एवं चाय उपभोग का स्वास्थ्य लाभ चाय विक्री का प्राथमिक प्रेरक बल है, जहां ऑर्गैनिक , ग्रीन टी में जबर्दस्त अभिरुचि पाई जाती है। स्पैशलिटी टी की एक अन्य श्रेणी है, जहां उपभोक्ता क्षेत्र - विशिष्ट चाय के प्रति विशेष अभिरुचि ले रही है । यह वैश्विक रूप में चाय उपभोग में 3रीं स्थान रखती है । संयुक्त राज्य अमेरिका में चाय का उपभोग अधिकतर आइस टी (95%) के रूप में किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय चाय का निर्यात हेतु अत्यधिक संभावनाएँ है ।

भारत, जो **यूएस टी काउंसिल** का निर्माता सदस्य है, ने विभिन्न अवसरों पर यूएस चाय उद्धोग के प्रमुख भागीदार के साथ कुछ प्रमुख विचार-विमर्श में भाग लिया था ।

5-5-5 परियोजना के तहत संचालित किए गए कुछ निम्नलिखित कार्यकलाप हैं :

- चाय पत्रिका में विज्ञापन एवं उनके सामाजिक तथा डिजिटल आधार जैसे कि फ़ेसबूक, टीमैग.कॉम, डिजिटल पत्रिका संस्करण द्वारा संवर्धन।

- यूएसए के स्पैशलिटी टी इंस्टीट्यूट के टेक्ससोम कार्यक्रम द्वारा भारतीय चाय का संवर्धन ।

- टी असोशिएशन ऑफ यूएसए के द्वारा टेलीविज़न पर प्रचारित सारा माउलटोन्स कूकेरी शो द्वारा संवर्धन।

- सितंबर 2015 के दौरान आयोजित " 6वीं नॉर्थ अमेरिकन टी कॉन्फ्रेंस में भागीदारी ।

<u>22-24 सितंबर , 2015 के दौरान सेन एंटोनियो , टेक्सास , संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित 5वीं नॉर्थ अमेरिकन टी कॉन्फ्रेंस में टी बोर्ड की भागीदारी</u>

टी बोर्ड ने 22-24 सितंबर, 2015 के दौरान सेन एंटोनियो, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित 5वीं नॉर्थ अमेरिकन टी कॉन्फ्रेंस में भाग लिया था । टी बोर्ड ने 22 सितम्बर को वैल्कम ईवनिंग इवैंट एवं रात्रि भोजन को प्रायोजित किया था एवं इस सम्मेलन में यूएस चाय बिरादरी के प्रमुख अदाकार द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया था । यह कार्यक्रम टी क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ संपर्क स्थापित करने एवं यूएस के बाजार में भारतीय चाय की उपस्थिति को सुदृढ़ बनाने हेतु एक प्रमुख मंच था । देश में "गोल्ड मेडल टी कॉम्पटिशन" कोटि में मेसर्स अम्बुटिया का भव्य प्रदर्शन रहा, जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

कनाडा:

17.28 मिलियन किलोग्राम आयात परिमाण के साथ महत्वपूर्ण चाय बाजार है, जहाँ 2015-16 के दौरान भारत ने 2.2 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात किया था । संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत कनाडा की लगभग 60% जनसख्या हॉट टी उपभोग करती है । भारत से कनाडा को निर्यात होने वाली भारतीय चाय का परिमाण लगभग 1.38 मिलियन किलोग्राम है । हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि निर्यात का परिमाण भले ही निम्न है लेकिन इकाई कीमत प्राप्ति उच्च है जिससे पता चलता है की स्पैशलिटी टी लोकप्रिय हो रहा है एवं इस क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाएँ हैं ।

ऑस्ट्रेलिया:

लगभग 11 मिलियन किलोग्राम आयातित एवं विश्व आयात में 1% से कम भागेदारी के साथ 3.47 मि. किग्रा. की निर्यात के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख निर्यातक देश है । अनेकों मूल्य वर्धित चायों की गुंजाइस विशेष रूप से ब्रांडेड ब्लैक टी के लिए छोटे बाजार प्रस्तुत करती है।

इस बाजार को अब नए गंतव्य के रूप में सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है क्योंकि इसमें और अधिक निवेश एवं विस्तार की बहुत अधिक संभावनाएँ हैं । भारतीय चाय का निर्यात अधिकतर इंस्टेंट टी, टी बैग्स व पॉकेट टी के रूप में होता है ।

सितंबर, 2015 के दौरान भारतीय दूतावास के सक्रिय सहयोग से टी बोर्ड ने पाँच निर्यातकों के साथ "फ़ाइन फूड ऑस्ट्रेलिया" में भाग लिया।

जापान:

जापान 31 मिलियन किग्रा चाय का आयात करता है जिसमें ब्लैक टी एवं ग्रीन टी की हिस्सेदारी क्रमशः 44% एवं 15% है एवं शेष हिस्सेदारी अन्य प्रकार के चायों की है । 2015-16 के दौरान भारत से जापान को निर्यात होने वाली चाय का परिमाण 3.27 मिलियन किग्रा था। जापान गुणवत्ता दार्जिलिंग चाय का बाजार है । उच्च स्तरीय पत्ती चाय किस्म के अलावा जापान ने धीरे -धीरे असम सीटीसी चाय के व्यवहार को बढ़ाया है । यह चाय या तो टी बैग्स के रूप में उपयोग होता है या बोतलबंद दूध चाय -जो युवा पीढ़ी का प्रिय उपभोग वस्तु है, के निर्माण के लिए व्यवहृत होता है ।

जापान में "भारतीय चाय" हेतु संवर्धनात्मक कार्य मुख्य रूप से टोकियो में जापान टी एसोशिएशन (जेटीए) के सहयोग से भारतीय दूतावास द्वारा संचालित की जाती है । भारतीय दूतावास एवं जापान टी एसोशिएशन के संयुक्त प्रयास से प्रत्येक तिमाही में भारतीय चाय संबन्धित सेमिनार आयोजित की जाती है ।

टी बोर्ड ने निर्यातकों के दल के साथ मार्च 2015 में आयोजित फूडेक्स में भाग लिया एवं क्रेता-विक्रेता मिलन कार्यक्रम भी संचालित किया गया था ।

चीन:

चीन के बाजार के हालिया प्रवृति को देखने से पता चलता है कि विगत कुछ सालों से परिमाण एवं कीमत दोनों मामलों में इंस्टेंट टी का बाजार काफी हद तक बढ़ा है । यह ग्रीन टी , जिसकी अतीत में बाजार में बहुत मांग थी, के तुलना में सबसे बड़ा श्रेणी है। इंस्टेंट टी युवा पीढ़ियों में विशेष रूप से लोकप्रिय है । परिणामस्वरूप युवा पीढ़ी हेतु रेडी-टू-ड्रिंक टी या इंस्टेंट टी बनाने हेतु ब्लैक टी का आयात किया जा रहा है । 2015-16 के दौरान चीन को निर्यात किए जाने वाले भारतीय चाय का परिमाण 4.79 मि.किग्रा. था । यद्यपि चीन विश्व का सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है (विशेषकर ग्रीन टी जो कुल उत्पादन का 70% है), चीन ने देशी उपभोग हेतु विशेषकर ब्लैक टी का बड़े परिमाण में आयात करना आरंभ कर दिया है ।

टी बोर्ड भारत ने पाँच निर्यातकों के साथ 15-19 अक्टूबर, 2014 के दौरान आयोजित चीन (जियामेन) इंटरनेशनल टी फेयर एवं 13-15 अगस्त, 2015 के दौरान आयोजित हाँग काँग इंटरनेशनल टी फेयर के माध्यम से 9 निर्यातकों के साथ एक पृथक इंडिया पवेलियन के तहत भाग लिया था ।

इन दोनों व्यापारिक मेलों में अग्रणी निर्यातकों के समर्पित भागीदारी ने आयातकों के साथ - साथ उपभोक्ताओं, मुख्य रूप से चीन, ताईवान एवं दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य देशों के समक्ष विभिन्न श्रेणी समेत विभिन्न आकार वाले चाय पैकेट के प्रदर्शनी को सक्षम बनाया था । इसके परिणामस्वरूप अनेकों व्यवसायिक नेतृत्वों का निर्माण एवं व्यवसायिक अवसरों का उपयोग हुआ था । टी बोर्ड के स्टैंड पर भारतीय मूल के दार्जिलिंग, असम एवं नीलगिरी क़िस्मों ने दर्शकों के काफी संख्या को आकर्षित किया था, जिसने उत्तम क़िस्मों विशेषकर दार्जिलिंग चाय के आस्वादन हेतु रास्ता तैयार किया था । भारतीय चाय का सफल चाय आस्वादन सत्र इन दोनों कार्यक्रमों का प्रमुख विशेषता था ।

जर्मनी:

2014 के दौरान 58 मिलियन किलोग्राम (जिसका 2/3 भाग ब्लैक टी एवं शेष ग्रीन का) की कुल आयात के साथ यूरोपियन यूनियन क्षेत्रों में जर्मनी, यूके के बाद दूसरा सबसे बड़ा चाय बाजार है । यह भारत की उच्च गुणवत्ता वाली दार्जिलिंग चाय के प्रति विशेष झुकाव के साथ एक गुणवत्ता संवेदी प्रीमियम बाजार है । जर्मनी में भारतीय चाय विशेषकर दार्जीलिंग चाय का प्रति इकाई कीमत प्राप्ति उच्च है (लगभग औसत रूप में 5.5 यूएसडी) । 2015-16 में भारत ने जर्मनी को 10.53 मिलियन

किलोग्राम चाय निर्यात किया था । जर्मनी जैविक पण्य-सामग्री समेत चाय हेतु एक अग्रणी व्यापारिक केंद्र के रूप में उभर कर आया है । वर्तमान में दार्जीलिंग का अधिकांश चाय जैविक होता है एवं जैविक खाद्य-सामग्री एवं पेय का संवर्धन हेतु बायोफाक एक प्रमुख इवैंट है ।

जैविक खाद्य हेतु बायोफाक एक प्रिमियर व्यापारिक मेला है जहाँ खाद्य एवं पेय उद्योग का उत्पादक, आपूर्तिकर्ता एवं क्रेतागण सूचना को साझा करने हेतु मिलते हैं तथा साझेदारी के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के आधार का निर्माण हेतु खाद्य एवं पेय क्षेत्र के अनेकों प्रभावशाली पेशेवर के साथ व्यवसाय करते हैं । लक्ष्यता को बरकरार रखने एवं जैविक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चाय संवर्धन हेतु टी बोर्ड ने पाँच जैविक प्लेयर्स के साथ इस प्रतिष्ठित मेला में 52 वर्ग मीटर के स्थान से भाग लिया था ।

क्षेत्र निर्मित गुणवत्ता चायों के नमूनों जैसे कि दार्जिलिंग, असम, नीलगिरी, मन्नार ग्रीन टी (जैविक), सिक्किम चाय (जैविक) के ओर्थोडोक्स प्रकार के विभिन्न श्रेणियों का पूरे देश भर में केन्द्रित संवर्धन के लक्ष्य के साथ प्रदर्शित किया गया था । इन पूरे चार दिनों के दौरान इस प्रदर्शनी ने काफी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया था, जो शुद्ध भारतीय चाय के प्रति उल्लसित थे । भारतीय मूल के दार्जिलिंग, असम, नीलगिरी एवं मन्नार ग्रीन टी के मुफ्त नमूना चयन ने हमारे स्टॉल पर काफी दर्शकों को आकर्षित किया था जिसने उत्तम क़िस्मों विशेषकर दार्जीलिंग चाय के आस्वादन हेतु रास्ता तैयार किया था ।
कंपनियों ने जैविक क़िस्मों के विभिन्न आकारों वाले पैकेट में अपने - अपने ब्रांडों को प्रदर्शित किया था।

पाँच निर्यातकों हेतु विभिन्न समूहों में गहन विमर्शों के परिणामस्वरूप अनेकों व्यवसायिक नेतृत्वों का निर्माण एवं व्यावसायिक अवसरों का खोज हमारे प्रदर्शनी के प्रमुख विशेषताएँ थे ।

लाभदायक तरीकों में नेटवर्क एवं संबंध बनाने हेतु संवादमूलक सत्र सह मिलनसार सभा का आयोजन एक प्रख्यात भारतीय रेस्तरां में 12 फरवरी से 16 फरवरी के दौरान शंध्या में किया गया था जिसमें अनेकों क्रेताओं एवं विक्रेताओं ने भाग लिया था । भारतीय चाय एवं इसकी भावी संभावनाओं के संबंध में अतिथियों के मध्य में लाभदायक सूचनाओं के आदान-प्रदान में यह इंटेरेक्सन अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ था ।

टी बोर्ड ने दो निर्यातकों के साथ इंडिया पवेलियन के माध्यम से 10-14 अक्टूबर , 2015 के दौरान एनुगा , कोलोन में भाग लिया था । खाद्य एवं पेय के साथ विभिन्न तथा अंतर्राष्ट्रीय विस्तृत समूह के प्रदर्शकों को लेकर यह विश्व का सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़ा व्यापारिक मेला है जो संबन्धित क्षेत्रों के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता को एक साथ लाता है । टी बोर्ड भारत के स्टैंड पर भाग लेने वाले कपनियों के काउंटर में सामान्य से अधिक दर्शकगण आए थे एवं इस प्रक्रिया के द्वारा अनेकों व्यापार बढ़तें मिली । भारतीय चाय विशेषकर दार्जीलिंग व असम किस्में अपनी उत्पत्ति व स्वाद के तरह, निरंतर उत्पाद नवप्रयोग, अच्छा विनिर्माण पद्धतियों के बहुमुखी आयाम के संबंध में सभी पाँचों दिनों में दर्शकों की भारी भीड़ के साथ अनेकों इंटेरेक्शन्स हुए थे ।

पोलैंड:

पोलैंड सीटीसी चाय हेतु एक बड़ा बाजार एवं पूर्वी यूरोप हेतु यह एक पुनः निर्यात केंद्र है । यह 34 मिलियन किलोग्राम का बाज़ार है। भारत ने 2014-15 के 4.15 मिलियन किलोग्राम के तुलना में 2015-16 में 6.14 मिलियन किलोग्राम चाय (48% की वृद्धि) चाय निर्यात किया था ।

टी बोर्ड ने एक निर्यातक के साथ 21-24 सितंबर, 2015 तक आयोजित **प्लोग्रा, पोजनान में इंडिया पवेलियन के माध्यम से भाग लिया था** ।

अनुलग्नक - 1

2015-16 के दौरान स्वदेशी इवेंटों में भागीदारी

क्र.सं.	**कार्यक्रम का नाम**	**स्थान**	**दिनांक**
1	उत्तर पूर्व विकास शिखर सम्मेलन	गुवाहाटी	26-27 मई 2015
2	11वीं फूड एंड टेक्नालजी एक्स्पो	नई दिल्ली	29-31 जुलाई , 2015
3	अन्नपूर्णा - भारत	मुंबई	14-16 सितंबर , 2015
4	इंडियापैक	मुंबई	8-11 अक्टूबर, 2015
5	16वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी	कोलकाता	7-9 सितंबर ,2015
6	बायोफाक इंडिया	कोची	5-7 नवम्बर ,2015
7	विश्व टी एंड कॉफी एक्स्पो	मुंबई	1-3 अक्टूबर , 2015
8	अंतर्राष्ट्रीय कृषि तकनीकी मेला	नासिक	26-30 नवम्बर, 2015
9	भारत अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य मेला	नई दिल्ली	14-27 नवम्बर, 2015
10	अंतर्राष्ट्रीय एग्री-होर्टी एंड फूड टेक एक्स्पो	भोपाल	29-30 अक्टूबर, 2015
11	उत्तराखंड श्राजन राष्ट्रीय एक्स्पो एवं सम्मेलन	उत्तराखंड	15-18 अक्टूबर , 2015
12	कटक में रुरल प्रमोशन	उड़ीसा	27th नवम्बर, 2015
13	मेरी दिल्ली उत्सव	दिल्ली	31 Oct - 2 नवम्बर 2015
14	कोणार्क नृत्य उत्सव में चाय संवर्धन	कोणार्क	1-7 दिसंबर
15	विजन जम्मू एंड कश्मीर 2016	जम्मू	22-24 जनवरी 2016
16	अंतर्राष्ट्रीय एग्री-होर्टी शो	गुवाहाटी	6-9 जनवरी 2016
17	इंडिया फूड फॉरम	मुंबई	19-21 जनवरी 2016

अनुलग्नक - 2

2014-15 के दौरान प्रमुख देशों के अनुसार निर्यात 2015-16

देश का नाम	2015-16					2014-15					वृद्धि					समग्र				
	परिमाण (मि. किग्रा.)	मूल्य (करोड़)	मूल्य (मिल US$)	इकाई कीमत (रु./किग्रा.)	इकाई कीमत ($/किग्रा)	परिमाण (मि. किग्रा.)	मूल्य (करोड़)	मूल्य (मिल US$)	इकाई कीमत (रु./किग्रा.)	इकाई कीमत ($/किग्रा)	परिमाण (मि. किग्रा.)	मूल्य (करोड़)	मूल्य (मिल M US)	अप रु./किग्रा	अप $/किग्रा	परिमाण (मि. किग्रा.)	मूल्य (करोड़)	मूल्य (मिल M US)	अप रु./किग्रा	अप $/किग्रा
रूस महासंघ	48.23	670.57	102.48	139.04	2.12	39.4	582.28	95.26	147.79	2.42	22.41	15.16	7.58	-5.9	-12.4	8.83	88.29	7.52	-8.75	0.03
उक्रेन	3.21	45.03	6.88	140.28	2.14	2.68	40.09	6.56	149.59	2.45	19.78	13.32	4.88	-6.22	-12.65	0.53	4.94	0.32	-9.31	-0.31
कजाखस्तान	10.2	271.36	41.47	266.04	4.07	11.48	220.16	36.02	191.78	3.14	-11.15	23.26	15.13	38.72	29.62	1.28	512	5.45	74.26	0.93
अन्य सीआईएस राष्ट्र	1.28	30.04	4.59	234.69	3.59	0.7	14.69	2.4	209.86	3.43	82.86	104.49	91.25	11.83	4.66	0.58	15.35	2.19	24.83	0.16
कुल सीआईएस	62.92	1017	155.42	161.63	2.47	54.26	857.22	140.24	157.98	2.58	15.96	18.64	10.82	2.31	4.26	8.66	15.78	15.18	3.65	-0.11
यूनाइटेड किंगडम	20.02	410.9	62.8	205.24	3.14	17.83	338.32	55.35	189.75	3.1	12.28	21.45	13.46	8.16	1.29	2.19	72.58	7.45	15.49	0.04
निदरलैंड	3.31	82.11	12.55	248.07	3.79	2.87	86.64	14.17	301.88	4.94	15.33	-5.23	-11.43	-17.82	-23.28	0.44	-4.53	-1162	-53.81	-1.15
जर्मनी	10.53	262.76	40.16	249.53	3.81	7.28	215.44	35.25	295.93	4.84	44.64	21.96	13.93	-15.68	-21.28	3.25	47.32	4.91	-46.4	-1.15
आयरलैंड	1.98	70.18	10.73	354.44	5.42	1.86	72.33	11.83	388.87	6.36	6.45	-2.97	-9.3	-8.25	-14.78	0.12	-2.15	-11	-34.43	-1.08
पोलैंड	6.14	86.51	13.22	140.9	2.15	4.15	63.17	10.33	152.22	2.49	47.95	36.95	27.98	-7.44	-13.65	1.99	23.34	2.89	-11.32	-0.94
यूएसए	14.03	364.61	55.72	259.88	3.97	13.6	348.34	56.99	256.13	4.19	3.16	4.67	-2.23	146	-5.25	0.43	16.27	1.27	3.75	-0.34
कनाडा	2.22	64.73	9.89	291.58	4.46	1.48	39.56	6.47	267.3	4.37	50	63.62	52.86	9.08	2.06	0.74	25.17	3.42	24.28	-0.22
यूएई	16.15	333.65	50.99	206.59	3.16	13.41	269.06	44.02	200.64	3.28	20.43	24.01	15.83	2.97	-3.66	274	64.59	6.97	5.95	0.09
ईरान	22.13	571.81	87.39	258.39	3.95	18.14	478.51	78.29	263.79	4.32	22	19.5	11.62	-2.05	-8.56	3.99	93.3	9.1	5.4	-0.12
सऊदी अरब	3.23	77.37	11.82	239.54	3.66	3.04	71.69	11.73	235.82	3.86	6.25	7.92	0.77	1.58	-5.18	0.19	5.68	0.09	3.72	-0.37
मिश्र (ARE)	3.08	30.8	4.71	100	1.53	7.54	79.35	12.98	105.24	1.72	-59.15	-61.18	-63.71	-4.98	-11.05	-4.46	-48.55	-8.27	-5.24	-.02
अफगानिस्तान	1.2	13.9	2.12	115.83	1.77	1.95	19.72	3.23	101.13	1.65	-38.46	-29.51	34.37	14.54	7.27	-.75	-5.82	-1.11	14.7	0.19
बांग्लादेश	9.49	83.88	12.82	88.39	1.35	5.03	38.25	6.26	76.04	1.24	88.67	119.29	104.79	16.24	8.87	4.46	45.63	6.56	12.35	0.12
चीन	4.79	93.18	14.24	194.53	2.97	3.27	65.15	10.66	199.24	3.26	46.48	43.02	33.58	2.36	-8.9	1.52	28.03	3.58	-4.71	0.11
सिंगापुर	0.44	11.23	1.72	255.23	3.9	0.4	11.53	1.89	288.25	4.72	10	-2.6	-899	11.46	-17.57	0.04	0.03	0.17	-33.02	-0.29
श्रीलंका	1.86	28.65	4.38	154.03	2.35	2.93	37.15	6.08	126.79	2.07	-36.52	-22.88	-27.96	21.48	13.53	-107	8.5	1.7	27.24	-0.82
केन्या	2.69	27.51	4.2	102.27	1.56	1.71	16.9	2.76	98.83	1.62	57.31	62.78	52.17	3.48	-3.7	0.98	10.61	144	3.44	0.06
जापान	3.27	139.82	21.37	427.58	6.53	3.2	145.74	23.84	455.44	7.45	2.19	-4.06	-10.36	-6.12	-12.35	0.07	-5.92	.247	-27.86	-0.92
पाकिस्तान	19.37	192.61	29.44	99.44	1.52	15.2	125.12	20.47	82.32	1.35	27.43	53.94	43.82	20.8	12.59	4.17	67.49	8.97	17.12	0.17
ऑस्ट्रेलिया	3.47	119.51	18.26	344.41	5.26	3.23	107.22	17.54	331.95	5.43	7.43	11.46	4.1	3.75	-3.13	.24	12.29	6.72	12.46	0.26
अन्य देश	20.6	410.38	62.72	199.21	3.04	16.7	337.23	55.17	201.93	3.3	23.35	21.69	13.68	-1.35	-7.88	39	73.15	7.55	2.72	-0.19
कुल	232.92	4493.1	686.67	192.9	2.95	199.08	3823.64	625.55	192.07	3.14	17.00	17.51	9.27	0.43	-6.05	33.84	669.46	61.12	0.83	

गल्फ फूड 2016 में टी बोर्ड पैवेलियन में प्रदर्शकों के मध्य उपस्थित हैं बोर्ड के अध्यक्ष श्री संतोष सारंगी।

गल्फ फूड 2016 में टी बोर्ड बूथ पर श्रीमती अनिता कर्ण (बाएं) निदेशक (रोपण) वाणिज्य विभाग।

ईरान में 15 फरवरी, 2016 को आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में टी बोर्ड अध्यक्ष श्री संतोष सारंगी।

15 फरवरी, 2016 को ईरान में आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में ईरानी चाय आयातक।

दिनांक 25 नवम्बर, 2015 को ईरान से आगत प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए श्री संतोष सारंगी।

बायोफैक, 2016 जो 10-13 फरवरी, 2016 के दौरान न्यूरेमबर्ग जर्मनी में आयोजित हुआ में उपस्थित टी बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री ए. के. दास (बाएं से दूसरे) श्री जयदीप विश्वास, निदेशक चाय संवर्धन (एकदम दाएं)।

श्री ए. के. दास, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड (मध्य में) के नेतृत्व में भारतीय चाय प्रतिनिधिमंडल ने 19-23 मार्च, 2016 को मिश्र का दौरा किया।

20 मार्च, 2016 को काहिरा मिश्र में आयोजित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन।

20-23 सितम्बर, 2015 तक आयोजित फाइन फूड आस्ट्रेलिया प्रदर्शनी में टी बोर्ड के पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए भारत के सिडनी स्थित वाणिज्य दूत श्री संजय सुधीर। साथ में परिलक्षित हैं श्री ए. के. दास, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड।

13-15 अगस्त, 2015 को हांगकांग अंतर्राष्ट्रीय चाय मेले में टी रिसेप्शन में श्री जे. विश्वास उ.नि.चा.सं।



8-11 मार्च, 2016 तक आयोजित फूडेक्स, टोक्यो में उप निदेशक चाय संवर्धन श्रीमती नंदिनी दत्ता।



फूडेक्स टोक्यो जो 8-11 मार्च, 2016 को आयोजित हुआ में क्रेता-विक्रता सम्मेलन को सम्बोधित करती हुई उप ि नदेशक चाय संवर्धन श्रीमती नंदिनी दत्ता।

3-8 नवम्बर, 2015 को आयोजित वर्ल्ड फूड, कजाकिस्तान अलमाटी में भारतीय पैवेलियन।

दिनांक 21 से 24 सितंबर 2015 तक कोझनान पोलैंड में आयोजित पेलाग्रा खाद्य मेला मे श्री अजय बिसारिया पोलैंड में भारत के राजदूत (मध्य में) ने टी बोर्ड के स्टॉल का परिभ्रमण किया। श्री एस. सौंदराजन निदेशक चाय विकास (एकदम वायें) एवं श्रीमती रजनीगंधा शील नस्कर, अनुज्ञापन नियंत्रक (बायें से दूसरी) भी उपस्थित रहे।

27 मई 2015 को टी बोर्ड मुख्यालय में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कनाडा का प्रतिनिधि मंडल।



5 फरवरी से 16 फरवरी 2016 तक आयोजित 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में टी बोर्ड की ब्रांडिंग।



5 फरवरी से 16 फरवरी 2016 तक आयोजित 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में टी बोर्ड की ब्रांडिंग।

7.1 **प्रस्तावना**

भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न सांविधिक एवं विनियमन आदेशों के कार्यान्वयन हेतु बोर्ड की अनुज्ञापन शाखा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । शाखा के मुख्य कार्यकलापों में स्टेकहोल्डरों गतिविधियों के विनियमन व निरीक्षण शामिल है ताकि समय-समय पर जारी टी बोर्ड एवं केन्द्रीय सरकार के विभिन्न निदेशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके । इसके अतिरिक्त, चाय अधिनियम व विभिन्न नियंत्रण आदेशों के तहत अनुज्ञापन शाखा चाय उद्योग व व्यापार को चाय से संबंधित वित्तीय नीति व विभिन्न विधियों के विषय में चाय उद्योग व व्यापार को आवश्यक स्पष्टीकरण व मार्गदर्शन प्रदान करती है । विभाग विभिन्न विनियामक नीतियों को सूत्रबद्ध करने, वर्तमान नियंत्रण आदेशों के संशोधन अनुज्ञापन जारी करने हेतु गाइडलाइन की तैयारी, नीलमी पद्धति के निरीक्षण आदि के लिए उत्तरदायी है जो कि चाय व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है ।

वर्ष 2015-2016 के दौरान इस शाखा द्वारा किए गए विभिन्न सांविधिक कार्यों का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

7.2 विनियामक प्रावधान- चाय अधिनियम की धारा 30 की उप-धारा (3) एवं (5) द्वारा प्रदेय शक्तियों के प्रयोग में, निम्न सांविधिक प्रावधान केन्द्रीय सरकार द्वारा सूचित किए गए है :-

1. **चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश, 2003**

2. **चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005**

3. **चाय अवशेष (नियंत्रण) आदेश, 1959**

4. **चाय भंडारगार (अनुज्ञापन) आदेश, 1989**

7.2.1 चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश,2003

चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश 2003 के प्रावधानों के तहत हितधारकों जैसे- विनिर्माता, नीलामी आयोजक व दलालों को भागीदारी/नीलामीकर्त्ता चाय विनिर्माण एवं/या सहभागिता नीलामी आयोजन करने से पूर्व टी बोर्ड से पंजीकरण/अनुज्ञापन प्राप्त करना अपेक्षित है ।

लोक नीलामी द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि अथवा कलेंडर वर्ष में पंजीकृत उत्पादकों द्वारा उत्पादित तैयार चाय की समय-समय पर विनिर्दिष्ट पंजीकृत प्राधिकारी द्वारा तैयार चाय की निर्धारित प्रतिशत के विक्रय के लिए पंजीकृत उत्पादक द्वारा टीएमसीओ की खंड सं. 21 अनुबंधित करता है । वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित गजट अधिसूचना दिनांक 01/10/2015 (वाणिज्य विभाग) देखें, प्रत्येक उत्पादक को यह निदेश दिया गया है कि वे कलेंडर वर्ष में कुल चाय उत्पादन का पचास प्रतिशत लोक चाय नीलामी द्वारा विक्रय करें, इस आदेश के प्रावधान के तहत यह चाय नीलामी अनुज्ञापन के संरक्षण अथवा नियंत्रण में आयोजित की जाती है ।

पंजीकृत उत्पादकों द्वारा पंजीकृत क्रेताओं को लोक नीलामी के बाहर तैयार चाय के विक्रय अपने रिटेल आउटलेट द्वारा अथवा प्रत्यक्ष निर्यात द्वारा विक्रय के प्रावधान को टीएमसीओ की खंड सं.22 अनुबंधित करता है ।

तैयार चाय के विक्रय गतिविधियों के आधार पर चाय पत्ती पूर्तिकर्ताओं व उत्पादकों के बीच विक्रय गतिविधियों के लिए मूल्य शेयरिंग सूत्र के नियतन के सम्बंध में टीएमसीओ की खंड सं. 30 अनुबंधित करता है । वाणीज्य एवं उद्योग मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) द्वारा दिनांक 01/04/2015 01/10/2015 को प्रकाशित गजट अधिसूचना के अनुसार , चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश, 2003 में कुछ अन्य संशोधन है । मुख्य संशोधन निम्नवत हैः-

1. “बॉट लीफ फैक्ट्री” का अर्थ है एक ऐसा चाय का कारखाना जहाँ एक कलेंडर वर्ष के दौरान किसी अन्य चाय

उत्पादक से अपने चाय पत्ती की आवश्यकता के इक्यावन प्रतिशत से सम्बंधित है ।

2. समय-समय पर पंजीकृत प्राधिकारी द्वारा सीटीसी व ऑर्थोडाक्स हेतु प्रतिशत की अधिकता पृथक रुप से अधिसूचित की जाए ।

3. जिला के उपयुक्त अथवा संग्राहक के तहत प्रत्येक चाय उत्पादक जिले में जिला ग्रीन लीफ मूल्य निरीक्षण समिति का गठन किया जाए जिसमें चाय उद्योग से प्रतिनिधि है जो मूल्य शेयरिंग सूत्र द्वारा ऐसे जिला के लघु चाय उत्पादक को देय औसतन मूल्य का

निरीक्षण करेगी एवं लघु चाय उत्पादक को औसत मूल्य का भुगतान हुआ या नहीं इस पर ध्यान देगा ।

7.2.1 (क) चाय विनिर्माण इकाई का पंजीकरण

चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश, 2003 के प्रावधानों के अनुसार कोई व्यक्ति टी बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना तैयार चाय के निर्माण हेतु फैक्टरी की स्थापना नहीं कर सकता अथवा किसी व्यक्ति द्वारा नियंत्रित अथवा चाय विनिर्माण इकाई के मालिक के रूप में टी बोर्ड द्वारा वैध पंजीकरण होने के उपरांत ही चाय विर्निमाण संबंधी गतिविधियाँ कर पाएगा । विर्निमाता लाईसेंस प्राप्त करने हेतु पंजीकरण शुल्क 2500/- रू(दो हजार पांच सौ रूपए) हैं ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान टी बोर्ड ने निम्नलिखित नए विनिर्माताओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत किए

अनुज्ञापन की प्रकृति	**जारी अनुज्ञापन की सं.**	**संग्रहीत राशि (रु. में)**
अनापत्ति प्रमाणपत्र	64	शून्य
पंजीकरण प्रमाणपत्र	42	1,05,000/-

7.2.1 (ख) क्रेताओं का पंजीकरण

टीएमसीओ 2003 के खण्ड 4(1) में यह अनुबंध है कि कोई भी क्रेता (भारत में चाय व्यापार के स्थान सहित) टी बोर्ड द्वारा अनुज्ञापित सार्वजनिक चाय नीलामी से चाय क्रय नहीं करेगा अथवा चाय के विनिर्माता से प्रत्यक्ष रूप से नहीं खरीदेगा जब तक कि उसके पास टी बोर्ड से प्राप्त विधिमान्य पंजीकरण न हो ।

यह पंजीकरण प्रमाणपत्र जो टी बोर्ड द्वारा एक बार ही प्रदान किया जाता है निलंबन नहीं होने की स्थिति तक विधिमान्य रहता है । पंजीकरण हेतु रु. 2500/- का शुल्क प्रभारित किया जाता है । समीक्षाधीन अवधि के दौरान टी बोर्ड ने निम्नलिखित क्रेताओं का नए क्रेता के रुप में पंजीकरण कियाः

अनुज्ञापन की प्रकृति	जारी अनुज्ञापन की सं.	संग्रहीत राशि (रु. में)
क्रेता पंजीकरण	267	6,67,500/-

7.2.1 (ग) नीलामी आयोजकों/नीलामी दलालों का पंजीकरण

चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश 2003 का खण्ड 9 यह अनुबंधित करता है कि टी बोर्ड द्वारा प्राप्त लाइसेंस के अतिरिक्त कोई भी चाय निलामी आयोजक अपने नियंत्रणाधीन सार्वजनिक चाय निलामी के आयोजन, होल्डिंग का व्यवसाय नहीं चला पाएगा । ऐसे अनुज्ञापन प्रतिवर्ष नवीकृत किए जाते हैं एवं प्रत्येक वर्ष के 31 दिसम्बर तक वैध रहता है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान टी बोर्ड ने 06(छह) नीलामी आयोजकों के पक्ष में अनुज्ञापन नवीकृत किया एवं कोई नया अनुज्ञापन जारी नहीं किया गया । समीक्षाधीन अवधि के दौरान नवीकरण हेतु (रू.500/-की दर से) प्रति नीलामी आयोजक की दर से कुल धनराशि रू. 3000/- (तीन हजार केवल) संग्रहीत हुई ।

टीएमसीओ 2003 के खंड 10 यह अंकुश लगाता है कि टी बोर्ड से जारी अनुज्ञापन प्राप्त किए बिना कोई भी व्यक्ति चाय नीलामी केन्द्र में दलाली का व्यवसाय नहीं चला सकेगा । ऐसे अनुज्ञापन प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर तक वैध होगा एवं वार्षिक रूप से नवीकृत किया जाना अपेक्षित है । वर्ष 2015-16 के दौरान टी बोर्ड ने 11 दलालों के अनुज्ञापन नवीकृत किया एवं एक(01) नया अनुज्ञापन दलाल के पक्ष में जारी किया । इस अवधि के दौरान कुल संग्रहीत राशि रू0. 5,500/- पाँच हजार पाँच सौ रुपए केवल) नवीकरण हेतु (500/- रु. की दर से प्रति दलाल एवं नए अनुज्ञापन हेतु रु. 2500/- (रुपए दो हजार एवं पांच सौ रुपए) प्राप्त हुए ।

7.2.2 चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005:

चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005 भारत से चाय निर्यात के पूर्व टी बोर्ड से चाय निर्यातक के रूप में अनुज्ञापन प्राप्त करने हेतु प्रावधान को अनुबंधित करता है, चाय अधिनियम 1953 (1953 के 29) की धारा 30 का 5 एवं उप-धारा 3 में प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसे लागू किया गया । आदेश की उल्लेखनीय विशेषताएं निम्नवत है :-

- भारतीय चाय के निर्यात एवं आयात की गई चाय के वितरण हेतु निर्यातकों को एवं वितरक अनुज्ञापन जारी करना ।
- भौगोलिक पहचान के रूप में अभिहित चाय के लिए स्रोत प्रमाणपत्र जारी करना ।
- गैर-वरीय मूल प्रमाणपत्र जारी करना ।
- निरीक्षण एजेंसियों का नामिकायन
- विभिन्न अनुज्ञापनों के निलंबन/रद्दकरण हेतु प्रावधान
- अन्य विनियामक प्रावधानों को उपर्युक्त अनुज्ञापनों द्वारा संकलित किया जाएगा ।

7.2.2 (क) निर्यातक अनुज्ञापन

चाय (संवितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश 2005 के प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो चाय निर्यातक के रूप में व्यापार करना चाहता है, उसे निर्यातक अनुज्ञापन की आवश्यकता होगी । निर्यातक अनुज्ञापन की विधिमान्यता की अवधि जारी तिथि से 3(तीन) वर्षों हेतु प्रभावी होगी तथा एक बार व्यापार अनुज्ञापन को यदि नवीकृत किया जाता है तो वह नवीकरण तिथि से और तीन वर्षों के लिए विधिमान्य रहेगी बशर्ते व्यापार अनुज्ञापन विधिमान्य अवधि के दौरान निलंबित व रद्द न हो । आवेदक को नये लाइसेंस जारी करने/नवीकरण हेतु 1000/- रू (एक हजार रूपए) के अनुज्ञापन शुल्क अपेक्षित होगी ।

प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी चूँकि निर्यातक है, यदि अपने व्यापार अनुज्ञापन को स्थायी अनुज्ञापन में परिवर्तित करना चाहता है तो द्वितीय प्रति में एक आवेदन, व्यापार अनुज्ञापन की विधिमान्यता अवधि के समापन के 3(तीन) माह से पूर्व अनुज्ञापन प्राधिकारी को करना होगा । ऐसा आवेदन प्राप्त होने के पश्चात अनुज्ञापन प्राधिकारी उस अनुज्ञापन को स्थाई अनुज्ञापन में बदल देगा बशर्ते-

(क) व्यापार अनुज्ञप्तिधारी निर्यातक है ।

(ख) ऐसे अनुज्ञप्तिधारी ने चाय अधिनियम, 1953 या चाय नियम, 1954 या टी बोर्ड उप विधि 1955 के या अधिनियम के तहत बनाये गए किसी अन्य आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं किया है ।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान विधिमान्य व्यापार अनुज्ञापन धारण करने वाले निर्यातक सालाना चाय निर्यात की मात्रा 1,00,000 कि.ग्रा. से कम न हो ।

आवेदक द्वारा ₹ 2500/- (दो हजार पांच सौ रूपए) शुल्क का भुगतान करना होगा ताकि अस्थायी निर्यातक अनुज्ञापन को स्थायी अनुज्ञापन में बदला जा सके ।

तालिका-1 2104-15 एवं 2015-16 के दौरान निर्यातक अनुज्ञापन की स्थिति:

क्रम.सं.	निर्यातक अनुज्ञापन	2014-15		2015-16	
		जारी अनुज्ञापन (संख्या)	एकत्रित राशि (रू.)	जारी अनुज्ञापन (संख्या)	एकत्रित राशि (रू)
1.	विधिमान्य नवीन अनुज्ञापन (अस्थायी)	242	2,42,000/-	236	2,36,000/-
2.	अनुज्ञापन का नवीकरण (अस्थायी)	46	46,000/-	40	40,000/-
3.	स्थायी अनुज्ञापन	4	10,000/-	2	5,000/-
	कुल	**292**	**2,98,000/-**	**278**	**2,81,000/-**

चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005 के प्रावधान के तहत, प्रत्येक व्यापार अनुज्ञापनकर्ता को अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष मासिक विवरण प्रस्तुत करना पड़ेगा । इसके अतिरिक्त, कथित आदेश के खंड 27 (1) (ई) के अनुसार, यदि व्यवसाय अनुज्ञापनकर्ता अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी निदेशों का अनुपालन करने में असफल रहता है, व्यवसाय अनुज्ञापन निलंबित अथवा रद्दकरण हेतु जिम्मेदार होगा ।

7.2.2 (ख) वितरक अनुज्ञापन:

चाय (संवितरण व निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005 के तहत भारत सरकार ने 01.04.2005 से चाय वितरक अनुज्ञापन को प्रस्तावित किया है । आदेश के खंड 3 के प्रावधान के तहत, कोई भी वितरक बिना वैध व्यवसाय लाइसेंस के आयातित चाय का वितरण नहीं कर पाएगा । वितरक अनुज्ञापन जारी करने के बाबत देय शुल्क रू 2500/- (दो हजार पांच सौ रूपए) है । वर्ष 2015-16 के दौरान जारी वितरक अनुज्ञापन की संख्या 12 है एवं अनुज्ञापन के बाबत संग्रहीत राशि रू0.30000/-(तीस हजार रुपए) है ।

7.2.2 (ग) चाय परीक्षण प्रयोगशाला का सूचीयन

चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005 के प्रावधान के तहत, अनुज्ञापन प्राधिकारी परीक्षण एजेंसियों को चाय के कंटेनर अथवा पैक सहित परीक्षण एवं निर्यात हेतु अन्य दस्तावेज़ों का अनुमोदन प्रदान करें ताकि इस आदेश के प्रावधान सहित अनुरूपता सुनिश्चित की जा सके ।

वर्ष 2015-16 के दौरान चाय परीक्षण प्रयोगशाला के सूचीयन एवं नवीकृतों की संख्या निम्नवत हैः

अनुज्ञापन की प्रकृति	जारी अनुज्ञापन की सं.	संग्रहीत राशि (रु. में)
नये सूचीयन	2	40000/- (Rs. 20000/-*2)
नवीकरण	9	50000/-

7.2.3 चाय अवशेष (नियंत्रण) आदेश, 1959

चाय अवशेष अनुज्ञापन एवं नवीकरण पर चाय अवशेष (नियंत्रण) आदेश, 1959 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाता है । चाय अवशेष (नियंत्रण) आदेश, 1959 का प्रमुख उद्देश्य चाय अवशेष के दुरूपयोग को रोकना तथा चाय अवशेष के निपटान को नियमित करना, जिससे उसका लाभदायक उद्देश्यों के लिए उपयोग हो सके । तदनुसार सही व्यक्तियों को ही जिनमें अवशेष क्रेता तथा विक्रेता शामिल है, के आवेदन पत्रों के अन्वेषण तथा जाँच के बाद ही अनुज्ञापन जारी किए जाते हैं । इस आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति न तो चाय अवशेष खरीदेगा न भण्डारण करेगा, न बिक्री करेगा, अगर वह इस सम्बन्ध में टी बोर्ड द्वारा जारी किए गए अनुज्ञापन की शर्तों तथा निबंधनों का पालन नहीं करता है । चाय अवशेष सामान्यत: केफीन और इन्सटैंट चाय निर्माताओं द्वारा प्रयोग की जाती है ।

केफीन विनिर्माताओं हेतु चाय अवशेष का प्रयोग विप्राकृत तरीके से प्रयुक्त होता है जबकि इंस्टैंट चाय हेतु विनिर्माता गैर विप्राकृतिक चाय अवशेष का प्रयोग करता है । जब न्यूट्रियेन्ट व जैव उर्वरक के विनिर्माताओं द्वारा गैर विप्राकृत चाय अवशेष का प्रयोग किया जाता है । चाय अवशेष अनुज्ञापन निलम्बित अथवा निरस्त न होने की स्थिति में जारी होने वाले वर्ष के 31 दिसम्बर, तक वैध रहती है एवं प्रत्येक वर्ष नवीकृत की जा सकती है । वर्ष 2015-16 के दौरान 86 नए चाय अवशिष्ट अनुज्ञापन जारी करने के बाबत संग्रहीत राशि रू. 8600/- तथा 991 अनुज्ञापन नवीकृत करने के बाबत संग्रहीत राशि रू.49,550/- की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान 127 नए अपशिष्ट अनुज्ञापन जारी करने के

बाबत (राशि रू. 12,700/- संग्रहीत हुए) तथा 979 अनुज्ञापन नवीकृत किए जाने के बाबत कुल (राशि रू.48,950/- शुल्क के रूप में संग्रहीत) प्राप्त हुए।

दिनांक 31-08-2001 को हुए संशोधन के अनुसार कूनूर व गुवाहाटी में अवस्थित टी बोर्ड के आंचलिक **कार्यालयी** द्वारा भी चाय अवशेष अनुज्ञापन जारी किया जा रहा है तथा संबंधित कार्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन के मामले में चाय अवशेष अनुज्ञापन नवीकृत कर रहे हैं । दिनांक 05.03.2002 से प्रभावी संशोधन के अनुसार चाय अवशेष व तैयार चाय की न्यूनतम मात्रा 2:100 कि.ग्रा. के अनुपात में होनी चाहिए जब फैक्ट्री में चाय पत्तियों, कलियों व कैमेलिया साईनेसिस (एल) ओ कुण्टजे पौधे की नरम टहनियों से प्रकृमित होती है ।

तालिका-3 वर्ष 2015-2016 के दौरान चाय अवशिष्ट अनुज्ञापन के नवीकरण/निर्गमण की स्थिति निम्नवत है :

क्षेत्र	**100/- की दर से जारी नए अनुज्ञान**		**50/- की दर से नवीकृत अनुज्ञापन**		**कुल**
	संख्या	**राशि(रू)**	**संख्या**	**राशि(रू)**	**राशि(रू)**
उत्तर भारत	57	5700/-	723	36150/-	41850/-
दक्षिण भारत	29	2900/-	268	13400/-	16300/-
अखिल भारत	86	8600/-	991	49550/-	58150/-

7.2.4 चाय भंडारण (अनुज्ञापन) आदेश, 1989

यह आदेश भंडागार मालिकों को भंडारण, मिश्रण अथवा चाय की पैकेजींग सम्बंधी गतिविधियों से पूर्व अनुज्ञापन प्राप्त करने के लिए प्रावधान अनुबंधित करता है ।

तालिका-4 वर्ष 2015-2016 के दौरान चाय भंडारण अनुज्ञापन के नवीकरण/निर्गमण की स्थिति निम्नवत है:

क्षेत्र	रू.1000/- की दर से जारी नए अनुज्ञापन		रू.200/- की दर से नवीकृत अनुज्ञापन		कुल
	संख्या	राशि (रू)	संख्या	राशि (रू)	राशि (रू)
उत्तर भारत	24	24000/-	79	15800/-	39800/-
दक्षिण भारत	27	27000/-	58	11600/-	38600/-
कुल	51	51000/-	137	27400/-	78400/-

7.3 पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आर.सी.एम.सी.)

थोक चाय, पैकेट चाय थैलों एवं इन्सटैंट चाय के प्रत्येक पंजीकृत निर्यातक को पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाणपत्र (आर सी एम सी) प्राप्त करने हेतु टी बोर्ड के पास पंजीकृत होना पड़ता है जिससे कि उन्हें भारत सरकार की आयात निर्यात नीति के तहत आयात/निर्यात लाभ की हकदारी प्राप्त हो ।

हालांकि पूर्ववर्ती समय में आरसीएमसी के जारी/नवीकृत करने के बाबत टी बोर्ड द्वारा कोई प्रभार नहीं लिया जाता था तथापि बोर्ड ने दिनांक 9 फरवरी, 2016 को हुई अपनी बैठक में टी बोर्ड द्वारा जारी/नवीकृत आरसीएमसी के बाबत पंजीकरण की दिशा में रु. 5000/- के संग्रहण हेतु प्रस्ताव की मंजूरी दे दी गयी ।

वर्ष 2015-16 के दौरान जारी एवं नवीकृत आरसीएमसी को संख्या निम्नवत हैः

अनुज्ञापन की प्रकृति	जारी अनुज्ञापन की सं.	संग्रहीत राशि (रु. में)
नये आरसीएमसी	30	शून्य
नवीकरण	223	शून्य

** दिनांक 9 फरवरी, 2016 के उपरांत कोई आरसीएमसी जारी/नवीकृत नहीं हुए ।

दिनांक 01/04/2014 से 31/03/2015 तक की अवधि के दौरान टी बोर्ड द्वारा ऐसे पंजीकृत निर्यातकों की संख्या 276 थी, जिन्होंने पंजीकरण सह-सदस्यतता-प्रमाण-पत्र प्राप्त/नवीकृत किए ।

7.4 स्वादयुक्त चाय विनिर्माताओं का पंजीकरण

घरेलू बाजार में स्वादयुक्त चाय की बिक्री लम्बे समय तक बन्द रही । इसका कारण नीलगिरि चाय एम्पोरियम बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश थे । भारत सरकार ने घरेलू बाजार में स्वादयुक्त चाय की बिक्री के मामले की जाँच की तथा खाद्य मानक की केन्द्रीय समिति के विशेषज्ञों से सलाह परामर्श करने के बाद चाय में अतिरिक्त स्वाद मिलाने को स्वीकारा गया ।

तदोपरान्त, भारत सरकार , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिनांक 7 दिसम्बर, 1994 को एक अधिसूचना सं. जी एस आर 847(ई) के द्वारा पी.एम.ए. नियम, 1955 को संशोधित कर दिया । इस संशोधन के प्रावधानों के अनुसार स्वादयुक्त चाय बिक्री की शर्तें निम्नलिखित रूप में अधिसूचित की गई है ।

(i) स्वादयुक्त चाय केवल उन विनिर्माताओं द्वारा बेची जाएगी या विक्रय के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी जो टी बोर्ड द्वारा पंजीकृत हैं । लेबल पर पंजीकरण संख्या का उल्लेख होना चाहिए ।

(ii) इसे केवल पैकेटकृत अवस्था में बेचा जाना चाहिए जिसमें लेबल घोषणा निम्नवत हो (अ) स्वादयुक्त चाय स्वीकृत स्वाद का सामान्य नाम/प्रतिशत/पंजीकरण संख्या शुरूआत दौर में केवल एक ही स्वाद अर्थात् वैनिलीन ही 8.5 प्रतिशत की वजन तक स्वाद मिलाकर बेचने की अनुमति घेरलू बाजार के लिए दी गई थी ।

तत्पश्चात् भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना सं.जीएसआर 698(ई) दिनांक 26/10/1995 जारी कर वैनिलीन के अलावा कुछ और स्वाद मिलाने की अनुमति दे दी है एवं उन तत्वों को चाय के स्वाद में मिलाने की प्रतिशत का उल्लेख निम्नवत है:-

तालिका-5. चाय में अनुज्ञेय स्वाद

स्वाद	% वजन द्वारा (अधिकतम)
वैनिलीन	8.5
इलायची	2.8
अदरक	1.0
बर्गामोट	2.0
नींबू	1.6
दालचीनी	2.0
उपर्युक्त स्वादों का परस्पर मिश्रण	प्रत्येक स्वाद की मात्रा के ऊपर विनिर्दिष्ट परिमाण से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने पीएफए नियम को दिनांक 11/10/1999 को अधिसूचना सं. जीएसआर 694(ई) जारी कर पुन: संशोधित किया जिसकी प्रभावी तिथि 11/4/2000 है । उक्त अधिसूचना का उद्देश्य सभी प्राकृतिक स्वादों एवं प्राकृतिक स्वादों का अर्क पृथक रूप से अथवा संयुक्त रूप से मिलाने की अनुमति प्रदान करना शामिल है । " प्राकृतिक स्वाद एवं प्राकृतिक स्वादयुक्त अर्क" की परिभाषा उप नियम (ए) अथवा पीएफए नियम 63 में दर्शाया गया है । अन्य शर्तें जो उक्त अधिसूचना में विहित है वह यह है कि "स्वादयुक्त चाय विनिर्माताओं को स्वादयुक्त चाय के विपणन के पूर्व अपना पंजीकरण टी बोर्ड के समक्ष कराना अनिवार्य होगा " ।

दिनांक 11.10.1999 में जारी अधिसूचना में निहित उपर्युक्त शर्तों के अतिरिक्त भारत सरकार स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशालय के पत्र सं. पी-1501/5/97-पीएच(फूड) दिनांक 18/2/2000 में निम्नलिखित शर्तों को नियमबद्ध किया है:

(क) चाय में स्वाद के प्राक्कलन हेतु कार्यविधि की आपूर्ति टी बोर्ड को विनिर्माताओं द्वारा किया जाएगा ।

(ख) सत्यापन हेतु सेण्ट्रल फूड लैबोरेटोरीज में विनिर्माता द्वारा आपूर्ति की गई कार्यविधि की जाँच की जाएगी ।

(ग) तदनुपरान्त विनिर्माताओं का पंजीकरण किया जाएगा ।

वस्तुत: दिनांक 11.10.1999 को किए गए संशोधन का उद्देश्य वर्तमान प्रक्रिया के साथ संयोजन कर चाय स्वाद के इस्तेमाल के दायरे को बढ़ाने के लिए एवं पीएफए के नियम 63 में उल्लिखित परिभाषा अपरिवर्तनीय है जो कि चाय सहित सभी खाद्य मद के लिए प्रयोज्य है । पीएफए नियम के नियम 63 में उल्लिखित परिभाषा से भ्रम उत्पन्न हो सकता है कि खाद्य पदार्थ में जानवर मूल के स्वाद का प्रयोग करना, किन्तु जहाँ चाय का प्रश्न है वहां यह स्वाद मिलाया नहीं जा सकता क्योंकि इसे टी बोर्ड से पंजियन की शर्त लागू होती है एवं टी बोर्ड कभी ऐसे स्वाद को मिलाने की इजाजत नहीं देगा ।

फिर भी, ऐसी शंकाओं से परहेज करने के लिए परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने पुन: पीएफए नियम में संशोधन एक अधिसूचना सं. जीएसआर 770(ई) दिनांक 4/10/2000 जारी कर किया है । इसका उद्देश्य यह था कि केवल उन "प्राकृतिक स्वाद एवं प्राकृतिक स्वादयुक्त अर्क" का प्रयोग करना जो कि पौधों के मूल की सामग्री से प्रत्यक्ष प्रसंस्करण के लिए प्राप्त किया गया या तो मानव खपत के लिए प्रसंस्करण अथवा उनके प्राकृतिक स्वरूप से प्राप्त किया जाता है ।

वर्ष 2015-16 के दौरान सुगंधित चाय के रूप में 42 विनिर्माता टी बोर्ड के साथ पंजीकृत हुए एवं इस प्रयोजन हेतु कुल एकत्रित शुल्क रू. 2,88,000/- (दो लाख अटठासी हजार रूपए) था ।

7.5 <u>विस्तारण/पुन:रोपण परमिट:</u>

टी बोर्ड की अनुज्ञापन शाखा वर्तमान चाय सम्पदाओं का विस्तार तथा प्रतिस्थापन रोपण हेतु परमिट प्रदान करती है । नवागतों को भी चाय रोपण हेतु परमिट जारी किये जाते हैं । ऐसे परमिट चाय अधिनियम तथा चाय नियम के ढाँचे के अन्तर्गत प्रदान किए जाते हैं ।

तालिका-6 वर्ष 2015-16 के दौरान जारी परमिटों की स्थिति निम्नवत है:

कार्यालय-वार	विस्तार परमिट		प्रतिस्थापन परमिट	
	संख्या	(क्षेत्र हेक्टेयर में)	संख्या	(क्षेत्र हेक्टेयर में)
उत्तर भारत	02	23.35	07	86.74

दक्षिण भारत	शुन्य	शुन्य	06	42.30
कुल अखिल भारत	**02**	**23.35**	**13**	**129.04**

<u>चाय रोपण हेतु अनुमति:</u>

चाय अधिनियम 1953 की धारा 12 के तहत चाय संपदाओं के स्वामित्व में परिवर्तन के अभिलेखीकरण सहित नवागत के रूप में चाय संपदाओं के पक्ष में चाय रोपण हेतु अनुमति अनुज्ञापन शाखा प्रदान कर रही है ।

तालिका-7. वर्ष 2015-16 के दौरान रोपण चाय हेतु प्राप्त अनुमति की स्थिति निम्नवत है:

क. अखिल भारत में चाय बागान का पंजीकरण	कुल	
	सं.	क्षेत्र हे. में
क) गैर पारम्परिक चाय उत्पादन क्षेत्र (10.12 हे. तक)	0	0
ख) गैर पारम्परिक चाय उत्पादन क्षेत्र (10.12 हे. के ऊपर)	0	0
ग) अन्य गैर पारम्परिक चाय उत्पादन क्षेत्र (10.12 हे. तक)	46	26.63
घ) अन्य गैर पारम्परिक चाय उत्पादन क्षेत्र(10.12 हे. के ऊपर)	1	16.154
कुल	47	42.784

7.6 स्वामित्व के परिवर्तन की रेर्काडिंग :-

टी बोर्ड स्वामित्व के परिवर्तन का रेकार्ड भी रखती है, सभी प्रकार के अनुज्ञापनों के बाबत जब भी आवेदन दर्ज किए जाते है ।

तालिका-8. वर्ष 2015-16 के दौरान स्वामित्व परिवर्तन अभिलेखित स्थिति निम्नवत है:

स्वामित्व में परिवर्तन			**कुल**	
	संख्या	**राशि (रू.)**	**संख्या**	**राशि (रू.)**
संपदा	**40**	400000/-	**86**	860000/-
फैक्ट्री	46	460000/-		

7.7 ई-नीलामी स्थिति:-

चाय नीलामी प्रतियोगितात्मक रूप से बृहत स्तर के क्रेताओं तक अपने उत्पादन के विपणन का ज़रिया है ताकि सही मूल्य प्राप्त किया जा सके । सार्वजनिक चाय नीलामी कलकत्ता में 1861 में प्रथम चाय नीलामी केन्द्र स्थापित होने से एक दशक में चाय के प्राथमिक विपणन हेतु मुख्य वाहक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है । संबद्ध हितधारक नीलामी आयोजक, 'तैयार चाय' (क्रेता) के उत्पादक, नीलामकार/ब्रोकर, क्रेता तथा भंडारगार मालिक होते हैं ।

1984 से पूर्व, समय-समय पर संबंधित नीलामी आयोजकों द्वारा नीलामी पद्धति एवं नीलामी नियम बनाए जाते थे । टी बोर्ड ने 1986 ने में पनली लार हअजा कमिटी की रिपोर्ट एवं नीलामी स्टेकधारकों से प्राप्त प्रतिवेदन की दृष्टि से चाय नीलामी आयोजकों के आधारपर इस मामले में पहली बार हस्तक्षेप किया ।

हस्त नीलामी प्रक्रिया में कुछ खामियाँ थी जैसे सीमित नीलामी हॉल की जगह, सिरियल बिडिंग के कारण 'फेयर' 'प्राइस डिस्कवरी' के लिए कम समय, बीड इतिहास का कोई रिकार्ड नहीं, केवल विजेता बीड का रिकार्ड रहता है, नितिगत निर्णय लेते वक्त चाय के विभिन्न ग्रेड/श्रेणी/प्रकार पर पृथक रूप से प्रतियोगिता की प्रकृति पर निर्णय लेना संभव नहीं हो पाता, सिरियल बिडिंग के कारण बिडिंग की गुणवत्ता में कटौती होती है एवं किसी लॉट के लिए बिडिंग समय के दौरान क्रेताओं के परिचय एवं उनकी प्रतिलागिता की समय सीमा दृश्यमान नहीं होती आदि । अतएव प्रणाली में विद्यमान खामियों को हटाने के लिए हस्त प्रणाली से इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली में बदलाव की आवश्यकता पड़ी । ए.एफ.फरगुसन ने वर्ष 2002 में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक मोड में बदलाव का सुझाव दिया । सर्वप्रथम चाय हेतु इलेक्ट्रॉनिक नीलामी वर्ष 2009 में केवल भारत में शुरू की गई । अन्य चाय उत्पादन देशों में चाय विक्रय हस्त "आउटक्राई" प्रणाली द्वारा ही जारी रहा ।

मैनुअल प्रणाली की तुलना में चाय की ई-नीलामी प्रणाली से लाभ:

- वेब आधारित नीलामी के चलते विक्रेताओं की व्यापक प्रतिभागिता ।
- किसी भी नीलामी सभागार में सीमित जगह के कारण सीमित संख्या में कायिक नीलामी प्रणाली में बोलीकर्ता/क्रेताओं की व्यापक प्रतिभागिता हेतु ई-नीलामी सुविधा प्रदान करती है ।
- ई-नीलामी न्याय संगत मूल्यों को आश्वस्त करती चूंकि ई-नीलामी उत्पाद के गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए एक वांछित मूल्य स्तर पर आवश्यक उत्पाद क्रय करने हेतु क्रेता/बोलीकर्ता को सुविधा प्रदान करता है, उक्त उत्पाद के सामग्रिक मांग-पूर्ति स्तर को देखता है एवं किसी भी

समय पर क्रय हेतु प्राप्य उत्पाद हेतु क्रेता के उच्चतम आवश्यकता सीमा के स्तर को सुविधा प्रदान करना ।

- नीलामी क्रय सूचना के प्रसारण में सुधार ।
- पूर्व नीलामी, नीलामी पद्धति व नीलामी कार्यकलापों के लिए संव्यवहार समय व लागत में कटौती ।
- नीलामी इतिहास व उसके विश्लेषण का आसानी से उपलब्धिकरण हेतु क्रेताओं व अन्य हितधारकों को योजना मुहैया कराना ।

तालिका-3 लाईव ई-नीलामी का विवरण निम्नवत है:-

नीलामी केन्द्र	लाईव ई-नीलामी की स्थिति
कोलकाता	20/21 जुलाई 2011 से अर्थोडाक्स चाय पत्ती हेतु, 3 अप्रैल 2010 से सीटीसी पत्ती हेतु, मई 2012 से कांगड़ा चाय, एवं सभी चूर्ण 17 जून 2009** से 100% लाईव ई नीलामी
गुवाहाटी	5 जनवरी 2010 से सीटीसी पत्ती एवं अर्थोडाक्स पत्ती चाय एवं 20 मई 2009 से सभी चूर्ण चाय हेतु 100% लाईव ई-नीलामी
सिलीगुड़ी	8 अक्टूबर 2010 से पत्ती एवं चूर्ण चाय दोनों के लिए पूर्ण इलेक्ट्रानिक नीलामी
जलपाईगुड़ी	9 मई 2012 से पत्ती एवं चूर्ण चाय दोनों के लिए पूर्ण इलेक्ट्रानिक नीलामी
कोचीन	14 जुलाई 2009 से पत्ती एवं चूर्ण चाय दोनों के लिए पूर्ण इलेक्ट्रानिक नीलामी
कून्नूर	7 जुलाई 2009 से पत्ती एवं चूर्ण चाय दोनों के लिए पूर्ण इलेक्ट्रानिक नीलामी
कोयम्बटूर	8 मई 2009 से पत्ती एवं चूर्ण चाय दोनों के लिए पूर्ण इलेक्ट्रानिक नीलामी
	**दार्जिलिंग पत्ती मैनुअल तौर पर बेची जाती है ।

तालिका-4 वर्ष 2014-15 की तुलना में वर्ष 2015-16 के दौरान ई-नीलामी के द्वारा चाय का विक्रय:

नीलामी केन्द्र	**अप्रैल,** 2014 **से मार्च, 2015**		**अप्रैल, 201**3 **से मार्च, 201**4	
	मात्रा(मिकिग्रा)	मूल्य(रू0/किग्रा)	मात्रा(मिकिग्रा)	मूल्य(रू0/किग्रा)
कोलकाता लीफ	93.35	162.59	103.59	157.94
कोलकाता डस्ट	35.00	156.54	40.48	153.69
कुल	**128.36**	**160.94**	**144.07**	**156.75**
गुवाहाटी लीफ	100.40	138.21	96.09	136.33
गुवाहाटी डस्ट	43.58	146.93	42.87	142.91
कुल	**143.98**	**140.85**	**138.96**	**138.36**
सिलिगुड़ी लीफ	103.34	123.31	106.01	124.89
सिलिगुड़ी डस्ट	14.63	117.91	15.58	119.50
कुल	**117.97**	**122.64**	**121.59**	**124.20**
कोचीन लीफ	9.40	115.46	8.17	105.42
कोचीन डस्ट	44.92	101.09	46.44	98.41
कुल	**54.32**	**103.58**	**54.61**	**99.46**
कूनूर लीफ	39.02	73.90	38.62	70.67
कूनूर डस्ट	18.00	80.34	18.21	75.31
कुल	**57.02**	**75.93**	**56.83**	**72.15**
कोयम्बटूर लीफ	5.40	75.52	5.16	73.36
कोयम्बटूर डस्ट	10.96	84.03	11.35	80.47
कुल	**16.36**	**81.22**	**16.51**	**78.24**
जलपाईगुड़ी लीफ	0.07	96.89	0.0982	108.96
जलपाईगुड़ी डस्ट	0.00	92.16	0.0019	119.00
कुल	**0.07**	**96.64**	**0.1001**	**109.16**
कुल योग	**518.08**	**128.74**	**532.67**	**127.18**

तालिका-5. वित्तीय वर्ष 2014-2015 की तुलना में 2015-2016 के दौरान मैनुअल नीलामी के माध्यम से दार्जिलिंग चाय विक्रय का विवरण निम्नवत है:-

वर्ष	मात्रा (मिकिग्रा में)	मूल्य (रू./किलो)
2014-15	2.724	262.49
2015-16	2.548	290.02

अखिल भारतीय नीलामी:-

विगत पांच वर्षों से उपलब्ध आंकड़ों एवं नीलामी विक्रय के आंकड़ों से, यह देखा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक निलामी प्रणाली के आरंभ के बावजूद निलामित चाय की मात्रा में कोई महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी नहीं हुई । आदर्श रूप से इलेक्ट्रॉनिक नीलामी प्रणाली संकल्पना क्रेताओं द्वारा प्रतिभागिता में बढ़ोतरी के विचार से किया गया था साथ नी अधिक मात्रा में विभिन्न प्रकार के चाय प्रदान कर सके । यह वेब सक्षम प्रणाली द्वारा प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करता है तथा निलामी हॉल क्षेत्र की सीमाओं को हटाता है ।

अत: मौजूदा नीलामी प्रणाली की बाधाओं को दूर करने के क्रम में, चाय बोर्ड ने अखिल भारतीय नीलामी प्रणाली की संकल्पना की है, जिससे उन्नत प्रक्रियाओं सहित क्रेताओं की सहभागिता में वृद्धि होगी। इस सिस्टम से होने वाले फायदे निम्नवत है:

1. एक पंजीकरण से सभी नीलामी केन्द्रों पर क्रेताओं की सहभागिता ।
2. सभी नीलामी केन्द्रों पर एक ही तरह का नियम होना।
3. दार्जिलिंग चाय की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी की शुरूआत।
4. ऑनलाइन निपटानोत्तर प्रक्रिया की शुरूआत ।
5. **वास्तविक भुगतान की उगाही के उपरांत ही** सिस्टम से डेलीवरी आदेश सुनिश्चित करना।

वर्तमान स्थिति:-

पैन इंडिया ई-नीलामी संबंधी अंतिम नियम अपने परिपत्र दिनांक 18 फरवरी, 2016 के माध्यम से परिचालित कराया गया । यद्यपि, कुछ नियमों के संबंध में कई अभ्यावेदन बोर्ड द्वारा प्राप्त किया गया जिसे आगे छानबीन के उपरांत या अन्यथा शामिल कर लिया गया है। पैन इंडिया ई-नीलामी के संबंध में अंतिम नियम परिचालन हेतु एवं आगे की क्रियान्वयन हेतु अभी तैयार किया जा रहा है ।

सिस्टम के विकास/संशोधन यथा परिचालित पैन इंडिया ई-नीलामी के नियम के अनुसार सम्पन्न कर लिया गया है एवं उपयोगकर्ताओं द्वारा अभ्यास परीक्षण भी कर लिया गया है। अभ्यास सत्र के दौरान हितधारकों द्वारा और लिखित अभ्यावेदन के माध्यम से यथाकथित प्रणाली के संबंध में दिए गए सुझाव पर टी बोर्ड और एनएसईआईटी द्वारा विश्लेषण के उपरांत परिवर्तन हेतु बोर्ड द्वारा स्वीकार करने की दिशा मे कार्य चल रहा है।

नई प्रणाली अगले वित्त वर्ष के प्रथमार्द्ध में लागू होने की संभावना है।

7.8 चाय परिषद:-

टी बोर्ड ने चाय (वितरण एवं निर्यात) नियंत्रण आदेश, 2005 एवं चाय (विपणन) नियंत्रण आदेश, 2003 लागू किया है ताकि प्रस्तावित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्यात एवं आयात के लिए चाय की गुणवत्ता सुनिश्चित कर सके । इसी के साथ, वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान टी बोर्ड भारत द्वारा स्थापित भारतीय चाय परिषद, एक सलाहकारी निकाय, एक सलाहकारी निकाय, विशेषरूप से चाय का निर्यात एवं आयात का निरीक्षण करती है । इसका मुख्य उद्देश्य है एफएसएसएआई एवं टी बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार चाय की प्रामाणिकता के रखरखाव को सुनिश्चित करना । चाय परिषद के स्टेकहोल्डर-नियार्तक, आयातकार, निरीक्षण एजेंसी एवं सीमा शुल्क । चाय परिषद प्रबंधकर्ता की भूमिका निभाता है ताकि भारत द्वारा निर्यात अथवा आयात हेतु चाय के मानक की निगरानी कर सके, बोर्ड ने दो कमिटि गठित की है:- (क) उत्तर भारत चाय परिषद (टीसीएनआई) एवं (ख) दक्षिण भारत चाय परिषद (टीसीएसआई) यह प्रणाली 1 जून, 2013 से क्रियाशील है ।

देश में चाय के निर्यात अथवा आयात से पूर्व, संबंधित निर्यातक अथवा आयातकार को चाय परिषद के पोर्टल (www.teaauction.gov.in/teacouncil) में अपने परेषण के विवरण को जमा करना आवश्यक है एवं एक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करें । लॉग इन किए हुए निर्यातकों के आवेदत प्रणाली द्वारा यादृच्छिक तौर पर पूर्व परिभाषित तूक के अनुसार सैम्पलिंग हेतु चुते जाते हैं । 1000 कि.ग्रा. से अधिक वज़न की चाय सहित जमा किए गए आयातकारों के आवेदन परीक्षणाधीन है । यादृच्छिक तौर पर चुने गए आवेदन एफएसएसएआई द्वारा प्रस्तावित मानकों के अनुसार विश्लेषित किए जाते हैं एवं समय-समय पर बोर्ड द्वारा जारी अन्य प्रकार की अधिसूचनाओं का विश्लेषण किया जाता है ।

अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान वास्तविक निरीक्षत सैम्पलों की संख्या के समक्ष प्रस्तावित मानकों को अनुपालित आवेदनों की संख्या का आलेखीय प्रस्तुतीकरण निम्नवत है:-

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान चाय परिषद में निर्यातको की आवेदनों परीक्षित & गुणवत्ता पुष्टि



	अप्रैल 2015	मई 2015	जून 2015	जुलाई 2015	अगस्त 2015	सितंबर 2015	अक्टूबर 2015	नवंबर 2015	दिसंबर 2015	जनवरी 2016	फरवरी 2016	मार्च 2016
• परीक्षित आवेदन	79	169	106	81	0	10	153	109	94	86	132	78
• गुणवत्ता पुष्टि आवेदन	75	165	89	73	0	9	142	105	89	82	124	76

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान चाय परिषद में आयातक की आवेदनों परीक्षित & गुणवत्ता पुष्टि



	अप्रैल 2015	मई 2015	जून 2015	जुलाई 2015	अगस्त 2015	सितंबर 2015	अक्टूबर 2015	नवंबर 2015	दिसंबर 2015	जनवरी 2016	फरवरी 2016	मार्च 2016
• परीक्षित आवेदन	79	169	106	81	0	10	153	109	94	86	132	78
• गुणवत्ता पुष्टि आवेदन	75	165	89	73	0	9	142	105	89	82	124	76

सांख्यिकी

प्रस्तावना:

चाय बोर्ड की सांख्यिकी शाखा का प्राथमिक कार्य–चाय उद्योग के सभी पहलुओं के संबंध में परिवपन एवं समावलोकन कर सांख्यिकिक सूचना संग्रह करना तथा कृषि, उत्पादन, उत्पादकता, देश में उत्पादित चाय की किस्मों, प्राथमिक बाजार मूल्य, निर्यात एवं निर्यात हेतु गंतव्य स्थल, कर एवं चाय पर लगने वाले उपकर, चाय रोपण से संबद्ध श्रमिकों की नियुक्ति आदि के अंतर्गत सभी सूचनाओं को एकत्रित करना है। ऐसी सूचनाएं बोर्ड एवं उद्योग तथा भारत सरकार की नीति निर्णय प्रक्रिया में आवश्यक अभिसूचना उपलब्ध करवाता है ।

साप्ताहिक नीलामी मूल्य, मासिक उत्पादन एवं निर्यात संबंधी सूचनाओं को बोर्ड के वेबसाइट www.teaboard.gov.in. पर व्यवसाय, उद्योग, अनुसंधान विज्ञान आदि के लिए अपलोड किया जाता है।

चाय मूल्यों का अनुवीक्षण:

सांख्यिकीय शाखा क्रमश: रोपण फसलों के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) एवं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) से संबंधित वाणिज्य मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को नीलामी मूल्य की अपेक्षित सूचनाओं का अनुवीक्षण उपलब्ध कराता है । विभिन्न शहरों/नगरों में चाय के खुदरा मूल्य का अनुवीक्षण भी सांख्यिकी शाखा द्वारा किया जाता है ।

कर एवं शुल्क

उत्पाद शुल्क: इंस्टैंट चाय पर 10 प्रतिशत यथा मूल्य जो कि शीर्ष 2101.20 के तहत आता है ।

निर्यात शुल्क : शून्य

आयात शुल्क: निर्यातोन्मुख इकाई (इओयू) एवं विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (सेज़) इकाईयों द्वारा पून: निर्यात के प्रयोजन हेतु आयातित चायों पर आयात शूल्क शून्य है । यद्यपि, घरेलू बाजार हेतु आयातित चायों पर प्राथमिक आयात शुल्क का 100 प्रतिशत और 10 प्रतिशत अधिभार तथा प्राथमिक शुल्क एवं अधिभार पर 4 प्रतिशत का विशेष अतिरिक्त शुल्क को आकर्षित करेगा (मार्च 2002 से) । प्रति कैलेण्डर वर्ष में श्रीलंका से 15 मि.कि.ग्रा. की मात्रा तक आयातित चाय पर प्राथमिक शुल्क का 7.5 प्रतिशत की रियायत के अलावा अन्य सामान्य अधिकार लागू रहेगा ।

चाय उपकर : चाय अधिनियम, 1953 की धारा 25(1) के तहत भारत में सभी चाय उत्पादनों पर उपकर लागू होता है । उपकर की दर दार्जिलिंग चाय पर 20 पैसे और अन्य सभी चायों पर 50 पैसे लगाया गया था ।

वर्ष 2014-15 के दौरान चाय उद्योग एवं व्यवसाय की स्थिति

2015-16 में क्षेत्र व उत्पादन

राज्य/जिला	चाय के अधीन क्षेत्र (हजार हेक्टेयर में)*	उत्पादन (मिलियन कि.ग्रा.)
असम	307.08	652.95
पश्चिम बंगाल	140.44	329.70
अन्य उत्तर भारतीय राज्य (त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मेघालय, मिजोरम व सिक्किम)	12.29	25.91
कुल उत्तर भारत	459.81	1008.56
तमिलनाडू	69.62	161.46
केरल	35.01	56.63
कर्नाटक	2.22	6.46
कुल दक्षिण भारत	106.85	224.58
अखिल भारत	566.66	1233.14

*अनंतिम, पुनरीक्षण की तर्ज़ पर

गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान भारत में चाय का उत्पादन

(मि.किग्रा. में)

वर्ष	उत्तर भारत	दक्षिण भारत	अखिल भारत
2013-14	965.07	243.71	1208.78
2014-15	955.82	241.36	1197.18
2015-16	1008.56	224.58	1233.14



2014-15 के दौरान भारत में श्रेणीवार चाय का उत्पादन

(मि.किग्रा. में)

